राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 दक्षिण अफ्रीका के साथ घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम ...

पोर्न स्टार केस- ट्रम्प सभी 34 मामलों में दोषी ... 12

वर्ष : 12 | अंक : 51 | पटना, शनिवार,01 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,340
चांदी	55,350
सेंसेक्स	63,327
निफ्टी	18,816

संक्षिप्त खबरें

एग्जिट पोल बहस में हिस्सा नहीं लेगी कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने कल टीवी चैनल्स पर होने वाले एग्जिट पोल के डिबेट से खुद को बाहर रखने का फैसला लिया है। इसकी जानकारी पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस टीवी पर एग्जिट पोल की बहस में हिस्सा नहीं लेगी क्योंकि वह इन अटकलों, अनुमानों और कयासों में शामिल नहीं होना चाहती। पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसे लेकर एक पोस्ट शेयर की है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने अपने मत दे दिया है एवं मतदान के परिणाम मशीनों में बंद हो चुके हैं। और 4 जून को परिणाम सबके सामने होंगे। कांग्रेस की नजरों में परिणाम घोषित होने से पहले किसी भी तरह के सार्वजनिक अनुमान लगा कर घमासान में भाग ले कर टीआरपी के खेल का कोई औचित्य नहीं है।

पुंछ में आतंकियों की तलाश में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन

पुंछ। पुंछ जिले के मारहा बफ्लियाज क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ के बाद आतंकवादियों को ट्रैक करने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। एक अधिकारी के अनुसार गुरुवार देर रात को क्षेत्र में कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सुरक्षा बलों को विशिष्ट इनपुट मिला था। इसके बाद डीकेजी के पास मार्हा बफ्लियाज के सामान्य क्षेत्र में पुलिस और सेना ने एक तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बल जब आतंकियों के ठिकाने के पास पहुंचे तो आतंकियों ने उन पर फायरिंग कर दी।

अमेठी में सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

अमेठी। उत्तर प्रदेश में अमेठी के कमरौली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बेकाबू ट्रेलर की चपेट में आने से कार सवार एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गयी। ट्रेलर की टक्कर से आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में एक कार पर ट्रेलर चढ़ गया जिसमे सवार तीन बच्चों की मौत हो गई और एक अन्य बच्चा घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ दर्जनो वाहन बंद रेलवे क्रासिंग के खुलने का इंतजार कर रहे थे कि एक तेज रफ्तार ट्रेलर से चालक ने नियंत्रण खो दिया और उसने दर्जनों वाहनो को चपेट में ले लिया। उन्होने बताया कि लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेकाबू ट्रेलर कई गाड़ियों को रौदते हुए आगे बढ़ गया।।

इनामी कुख्यात अपराधी प्रमोद यादव मुठभेड़ में ढेर

पटना। बिहार एसटीएफ और मधेपुरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में शुक्रवार को तीन लाख रुपये का इनामी कुख्यात वांछित अपराधी प्रमोद यादव, पिता दिवंगत जयनारायण यादव पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। मधेपुरा जिले के बिहारीगंज थाना क्षेत्र के हथिऔंधा सिन्दुरिया टोला निवासी प्रमोद यादव का काफी लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा और कटिहार रेल जिले के विभिन्न थानों में 20 से भी अधिक मामले दर्ज हैं। उनमें हत्या, डकैती, रंगदारी, लूट, आर्म्स एक्ट और पुलिस पर हमला जैसे कई गंभीर अपराध शामिल हैं। साथ ही रांची के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू से उसका सीधा संबंध था और उसके गुर्गों को वह पनाह देता था।

लोस चुनाव : सातवें व अंतिम चरण के मतदान के लिए सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था

बिहार की आठ सहित 57 संसदीय सीटों पर मतदान आज, तैयारियां पूरी

पीएम मोदी सहित कई सियासी दिग्गजों की साख दाव पर

प्रात : किरण

पटना/नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के सातवें व अंतिम चरण में बिहार की आठ सीटों सहित आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 57 संसदीय सीटों पर आज मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है। आखिरी चरण में नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्रा, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद लोकसभा क्षेत्रों में आज वोटिंग होगी। अंतिम चरण में पटना साहिब से पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, आरा से केंद्रीय उर्जा मंत्री आरके सिंह, काराकाट से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा, पाटलिपुत्र से पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव और राजद की मीसा भारती प्रमुख हैं। सातवें चरण में लोकसभा चुनाव में आठ सीटों पर 134 प्रत्याशी मैदान में हैं। इसमें 12 महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। सातवें चरण में प्रत्याशियों की संख्या के अनुसार नालंदा लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 29 प्रत्याशी चुनावी मैदान में डटे हैं। दूसरे स्थान पर पाटलिपुत्रा लोकसभा क्षेत्र हैं, जहां पर 22 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सातवें चरण में पटना साहिब में 17 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। इसके अलावा जहानाबाद में 15 प्रत्याशी, आरा लोकसभा में 14 प्रत्याशी, बक्सर में 14 प्रत्याशी, काराकाट में 13 प्रत्याशी और सासाराम लोकसभा क्षेत्र में 10 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

एक करोड़ 62 लाख से अधिक मतदाता : सातवें चरण में एक करोड़ 62 लाख से अधिक मतदाता हैं। इसमें 85 लाख एक हजार 620 पुरुष मतदाता जबकि 77 लाख दो हजार 559 महिला मतदाता जबकि 415 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। सातवें चरण में 100 वर्ष से अधिक उम्र वाले वोटरों की संख्या 4331 है जबकि सर्विस वोटर 65158 है। इस चरण में पहली बार दो लाख 23 हजार 863 मतदाताओं को वोट डालने का मौका मिलेगा। सातवें चरण के मतदान के लिए कुल 16634 बूथों की स्थापना की गयी है जिसमें 3885 बूथ शहरी क्षेत्र में जबकि 12749 बूथ ग्रामीण इलाकों में स्थापित किये गये हैं। इस चरण में 146 बूथों का संचालन महिलाओं द्वारा किया जायेगा जबकि 56 बूथों का संचालन दिव्यांग कर्मियों द्वारा किया जायेगा।

मतदाताओं से मतदान करने की अपील : चुनाव आयोग ने मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये हैं। साथ ही मुख्य चुनाव अधिकारियों एवं जिला चुनाव अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू जैसे हालात को देखते हुये मतदान केंद्रों पर छाया और पेयजल आदि के समुचित प्रबंध करने की सलाह दी गयी है।

चुनाव कर्मियों को मशीनों और सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों के लिये रवाना कर दिया गया है। दूर-दराज के मतदान केंद्रों के लिये मददान कर्मियों के दल कल से ही रवाना किये जा रहे थे। आयोग ने मतदाताओं से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर आने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है। मतदान कराने वाले दलों को मशीनों और चुनाव सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों के लिये रवाना कर दिया गया है। आयोग ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद पिछले चरणों में मतदाता बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचे हैं। पिछले दो चरणों में वोट डालने में महिला मतदाताओं ने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया। आयोग ने मतदाताओं से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर आने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है।

मतदान समाप्त होने के बाद ही दें एग्जिट पोल : आयोग

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने इलेक्ट्रानिक, प्रिंट और अन्य सभी तरह के प्रचार माध्यमों को निर्देश दिया है कि वे शनिवार को लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान के समाप्त होने के बाद ही एग्जिट पोल का प्रचार या प्रसार कर सकते हैं। आयोग ने 18 वीं लोकसभा के चुनाव और चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के संबंध में गत मार्च में जारी अधिसूचना का हवाला देते हुए शुक्रवार को कहा कि 19 अप्रैल सुबह सात बजे से लेकर एक जून शाम साढे छह बजे तक मीडिया के सभी प्रचार माध्यमों पर एग्जिट पोल के प्रचार प्रसार करने पर रोक रहेगी। उल्लेखनीय है कि शनिवार को लोकसभा के सातवें और अंतिम चरण तथा ओडिशा विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान होना है। आयोग ने कहा है कि शनिवार को शाम साढे छह बजे तक सभी तरह के एग्जिट पोल के प्रचार प्रसार पर रोक रहेगी।

57 लोकसभा सीटों पर 904 उम्मीदवार मैदान में

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि सातवें एवं अंतिम चरण में आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 57 संसदीय सीटों और ओडिशा विधानसभा के चौथे एवं अंतिम चरण के लिये 42 सीटों पर मतदान सुचारू रूप से कराने के लिये सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। अंतिम चरण के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, रवि किशन, रवि शंकर प्रसाद, संजय टंडन, कांग्रेस के अखिलेश प्रताप सिंह, अजय राय, तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और भोजपुरी कलाकार पवन सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल, राजद प्रमुख लालूप्रसाद यादव की सबसे बड़ी पुत्री मीसा भारती समेत कई राजनीतिक हस्तियों की किस्मत का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद हो जायेगा। शनिवार को उत्तर प्रदेश 13, हिमाचल प्रदेश की सभी चार सीटों, पंजाब की सभी 13 सीटों, ओडिशा की बाकी छह संसदीय सीटों, पश्चिम बंगाल की नौ और झारखंड के तीन संसदीय क्षेत्र तथा केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की एक मात्र सीट पर भी आज मतदान होगा। सातवें एवं अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर 144, पंजाब की 13 सीटों पर 328, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों के लिये 124, बिहार की आठ सीटों पर 134, ओडिशा की छह सीटों पर 66, हिमाचल प्रदेश की चार सीटों पर 37, झारखंड की तीन सीटों पर 52 और केन्द्रशासित प्रदेश चंड़ीगढ़ की एक सीट पर 19 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस चरण में 57 लोकसभा सीटों पर 904 उम्मीदवारों और ओडिशा विधानसभा के अंतिम चरण के लिये 42 सीटों पर उतरे 72 महिलाओं सहित 460 उम्मीदवार अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार आठ राज्यों एवं केंद्र-शासित प्रदेशों की कुल 57 संसदीय सीटों के लिये स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से मतदान कराने के लिये करीब 10.9 लाख चुनाव अधिकारी ड्यूटी पर तैनात किये गये हैं। अंतिम चरण में 10.06 करोड़ से अधिक मतदाता 1.09 लाख मतदान केंद्रों पर वोट डाल कर 904 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला तय कर सकेंगे।

पीएम मोदी ने विवेकानन्द रॉक मेमोरियल में सूर्य को दिया अर्घ्य

भाजपा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया वीडियो और फोटो

प्रात : किरण

कन्याकुमारी/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कन्याकुमारी तट के पास स्थित विवेकानन्द रॉक मेमोरियल में अपने ध्यान के दूसरे दिन शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। भारतीय जनता पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो और फोटो साझा की है जिसमें प्रधानमंत्री भगवा चोला पहने भगवान सूर्य की प्रार्थना कर रहे हैं। वह भगवान सूर्य को जल अर्पित करते समय मंत्र पढ़ते नजर आ रहे हैं। फोटो में वह हाथ में रुद्राक्ष की माला और माथे पर तिलक लगाए दिख रहे हैं।भाजपा द्वारा एक्स पर पोस्ट की गई अलग-अलग तस्वीरों में प्रधानमंत्री को ध्यान मंडपम में ध्यान करते और प्रार्थना की माला हाथ में लिए मंडप की परिक्रमा करते हुए भी देखा गया। उन्होंने देवी कन्याकुमारी को समर्पित 108 शक्ति पीठों में से एक श्री भगवती अम्मन मंदिर में विशेष प्रार्थना करने के बाद गुरुवार शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में अपना ध्यान शुरू किया। श्री मोदी के अपना ध्यान सत्र पूरा करने के बाद शनिवार को स्मारक के पास एक तमिल संत के प्रसिद्ध तिरुवल्लुवर प्रतिमा का दौरा करने की संभावना है। भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी स्मारक पर श्री मोदी के साथ जाने की अनुमति नहीं दी गयी क्योंकि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है। श्री मोदी की यात्रा के मद्देनजर कन्याकुमारी में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है।भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक जहाजों को तटरेखा के करीब पानी में चौबीसों घंटे गश्त के लिए तैनात किया गया है, जबकि तमिलनाडु समुद्री पुलिस का तटीय सुरक्षा समूह (सीएसजी) भी इस यात्रा को लेकर कड़ी निगरानी रख रहा है।

प्रधानमंत्री ने बारिश से प्रभावित राज्यों की स्थिति का लिया जायजा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चक्रवात रेमल के बाद लगातार बारिश के कारण पूर्वोत्तर के राज्यों में आई बाढ़ के मद्देनजर मौजूद स्थिति का जायजा लिया और सभी प्रभावित राज्यों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। कन्याकुमारी में ध्यान और साधना कर रहे प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्र सरकार प्रभावित राज्यों की स्थिति पर नजर बनाए हुए है और अधिकारी जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। असम में चक्रवात रेमल के प्रभाव के चलते लगातार हुई बारिश के कारण नौ जिलों में दो लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। गत 28 मई से राज्य में बाढ़, बारिश और तूफान की वजह से कुल मिलाकर छह लोगों की मौत हो गई।

मुंगेर में पुनर्मतदान की मांग वाली याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें भारत निर्वाचन आयोग को बिहार के मुंगेर निर्वाचन क्षेत्र के कुछ मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कराने का निर्देश देने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति एस सी शर्मा और न्यायमूर्ति पी बी वराले की अवकाश पीठ ने याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने को कहा। पीठ ने कहा, आप उच्च न्यायालय क्यों नहीं जाते? इस देश में उच्च न्यायालय बंद नहीं हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से मुंगेर में चुनाव में भारी धांधली और मतदान केंद्रों पर कब्जा करने की घटनाएं हुई। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मामले पर विचार करने की इच्छुक नहीं है जिसके बाद याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली। मामला वापस लिया गया मानकर खारिज कर दिया गया। शीर्ष अदालत राजद उम्मीदवार कुमारी अनिता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें चुनाव आयोग को मुंगेर के 45 मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान कराने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि अधिकारियों की मदद से जद (यू) कार्यकताओं ने गंभीर हेरफेर, मतदान केंद्रों पर कब्जा और धांधली की। इसमें निवेदन किया गया था कि मुंगेर के जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अवनीश कुमार सिंह को सभी प्रशासनिक जिम्मेदारियों से हटाने का निर्देश दिया जाए।

हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना एसआईटी की हिरासत में

प्रात : किरण

बेंगलुरु/एजेंसी। कर्नाटक में पुलिस के विशेष जांच दल ने हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना को शुक्रवार को म्यूनिख से बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के तुरंत बाद हिरासत में ले लिया। तैतीस वर्षीय प्रज्वल पर यौन शोषण के कई आरोप हैं और उन्हें रात करीब साढ़े बारह बजे हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ के लिए उन्हें सीआईडी कार्यालय ले जाया गया। हुडी पहनकर बेंगलुरु लौटे प्रज्वल को पहली बार स्कैंडल के सामने आने के एक महीने बाद हिरासत में ले लिया गया है । उनके यहां पहुंचते ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बलों ने हिरासत में ले लिया और बाद में उन्हें एसआईटी को सौंप दिया गया। प्रज्वल को पुलिस स्टेशन तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए हवाईअड्डे पर पुलिस की अच्छी-खासी मौजूदगी देखी गई। उसके खिलाफ अदालत का वारंट लंबित था और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें आधिकारिक तौर पर एसआईटी की हिरासत में रखा गया है । उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने उन्हें हवाई अड्डे पर एक अलग निकास द्वार से ले जाया। पूर्व प्रधान मंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल ने 26 अप्रैल को अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद देश छोड़ दिया। यह कथित तौर पर उनसे जुड़े स्पष्ट वीडियो क्लिप के प्रसार से जोड़ कर देखा जा रहा था। घोटाला सामने आने के बाद से सांसद से संपर्क नहीं हो पा रहा था। हालांकि, 27 मई को उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा था कि वह 31 मई को एसआईटी के सामने पेश होंगे।

भीषण गर्मी और हीटवेब के चलते बढ़ता जा रहा है मौत का आंकड़ा

बिहार में हीटबेव से दो दिनों में 73 मौतें, औरंगाबाद में सर्वाधिक 15

प्रात : किरण



पटना। बिहार में भीषण गर्मी और हीटवेब के चलते मौत का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। प्रदेश में बुधवार से गुरुवार शाम तक लू लगने से 73 लोगों की मौत हुई है। पटना, मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा और बेगूसराय समेत कई जिलों में गुरुवार की रात या तो बारिश हुई या इसके कारण हवा में ठंडक आई लेकिन इससे पहले बुधवार सुबह से गुरुवार शाम तक सड़क, बस स्टैंड, स्टेशन पर चलते-टहलते या मतदान की तैयारी कर रहे लोगों की मौतों की संख्या 73 पहुंच गई। औरंगाबाद में गुरुवार को सर्वाधिक 15 मौतें हुई। इसके बाद पटना में 11 मौतों की खबर सामने आयी। भोजपुर में पांच मतदानकर्मियों सहित 10 की मौत हुई जबकि रोहतास में आठ, कैमूर में पांच, गया में चार, मुजफ्फरपुर में दो के अलावा बेगूसराय, जमुई, बरबीघा और सारण में एक-एक व्यक्ति की ऐसे ही चलते-फिरते मौत होने की जानकारी आई। गुरुवार को 59 और बुधवार को 14 मौतों के साथ राज्य में मरने वालों की संख्या 73 हो गई है। चूंकि, ज्यादातर लोगों का पोस्टमार्टम नहीं कराया जा रहा है, इसलिए प्रशासनिक तौर पर लू से मौत की पुष्टि नहीं की जा रही है। बिहार में बुधवार को करीब साढ़े तीन सौ बच्चे और शिक्षक स्कूलों में लू के कारण बेहोश हुए तो राज्य सरकार ने शाम छह बजे जाकर घोषणा की कि गुरुवार से आठ जून तक स्कूल बंद रहेंगे। गुरुवार को स्कूल खुले और बच्चों को लौटा दिया गया लेकिन शिक्षकों को दोपहर बाद डेढ़ बजे तक बैठाए रखा गया।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भीषण गर्मी और भयंकर लू के प्रकोप से राज्य में उत्पन्न आपदा की स्थिति के मद्देनजर सभी जिलाधिकारी को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा है कि सभी जिलों के संवेदनशील स्थानों पर पीने के पानी के टैंकर पर्याप्त संख्या में रखे जाएं। भीषण गर्मी एवं लू से बचने के लिए लोगों को उचित सावधानी बरतने की सलाह देते हुए माइकिंग की व्यवस्था की जाए। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित अनुमंडल एवं सदर अस्पतालों में जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह से तैयार रखें। गांव हो या शहर सभी जगह पर निर्वाध रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

चुनाव | **देश में भीषण गर्मी के बीच 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी**

देश में जलाशयों का जल स्तर गिरकर 23 प्रतिशत रह गया : सीडब्ल्यूसी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। देश में भीषण गर्मी के बीच 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी है और यह कुल भंडारण क्षमता का 23 प्रतिशत रह गया है। पिछले वर्ष समान अवधि के दौरान के जल स्तर के मुकाबले मौजूदा जल स्तर में 77 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। केंद्रीय जल आयोग की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। सीडब्ल्यूसी के आंकड़ों के मुताबिक जलाशयों का मौजूदा जलस्तर पिछले वर्ष के स्तर का मात्र 77 प्रतिशत तथा सामान्य जलस्तर का 94 प्रतिशत है। केंद्रीय जल आयोग ने शुक्रवार को देश भर के 150 प्रमुख जलाशयों के ताजा भंडारण स्तर की स्थिति पर अपना साप्ताहिक बुलेटिन जारी करते हुए एक बयान में कहा, इन जलाशयों में कुल उपलब्ध भंडारण 41.705 अरब घन मीटर है, जो इन जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता का 23 प्रतिशत है। आयोग ने कहा, यह पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान दर्ज किए गए 53.832 बीसीएम तथा सामान्य भंडारण क्षमता 44.511 बीसीएम से काफी कम है। परिणामस्वरूप, मौजूदा भंडारण पिछले वर्ष के स्तर का केवल 77 प्रतिशत तथा सामान्य भंडारण का 94 प्रतिशत है। सीडब्ल्यूसी द्वारा निगरानी किये जाने वाले 150 मुख्य जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता 178.784 बीसीएम है, जो देश में निर्मित कुल भंडारण क्षमता का लगभग 69.35 प्रतिशत है। देश के 150 जलाशयों में से दस उत्तरी क्षेत्र हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान झ में स्थित हैं और इनकी भंडारण क्षमता 19.663 बीसीएम है। सीडब्ल्यूसी बुलेटिन के अनुसार 16 मई से 31 मई के सप्ताह के लिए यह घटकर 5.864 बीसीएम (कुल क्षमता का 30 प्रतिशत) रह गई है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जल भंडारण कुल क्षमता का 38 प्रतिशत था। वर्ष के इस समय सामान्य जल संग्रहण 31 प्रतिशत होता है। पूर्वी क्षेत्र में झ असम, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, नागालैंड और बिहार में कुल 23 जलाशय हैं, जिनकी कुल जल भंडारण क्षमता 20.430 बीसीएम है। आयोग ने कहा कि उपलब्ध जल भंडारण 5.645 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 28 प्रतिशत है। पश्चिमी क्षेत्र झ गुजरात और महाराष्ट्र झ में कुल 49 जलाशय हैं, जिनकी कुल भंडारण क्षमता 37.130 बीसीएम है। इन जलाशयों का मौजूदा भंडारण 8.833 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 24 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष के 28 प्रतिशत से कम है, लेकिन सामान्य भंडारण 23 प्रतिशत से बेहतर है। मध्य क्षेत्र झ उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ झ में 26 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 48.227 बीसीएम है। वर्तमान में उपलब्ध भंडारण क्षमता 14.046 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 29.1 प्रतिशत है। पिछले वर्ष भंडारण क्षमता 37 प्रतिशत थी। इन जलाशयों की सामान्य भंडारण क्षमता 29.4 प्रतिशत होती है।

एवियन इन्फ्लूएंजा : केंद्र ने राज्यों से सतर्क रहने को कहा

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र ने सभी राज्यों से घरेलू पक्षियों और कुक्कुटों की असामान्य मृत्यु के प्रति सतर्क रहने और पशुपालन विभाग के साथ तत्काल सूचना साझा करने को कहा है, ताकि एवियन इन्फ्लूएंजा के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना के अनुसार कदम उठाये जा सकें। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र और पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 25 मई को जारी एक संयुक्त परामर्श में कहा गया है कि 2024 तक चार राज्यों : आंध्र प्रदेश के नेल्लोर, महाराष्ट्र के नागपुर, केरल के अलाप्पुझा, कोट्टायम और पथानामथिट्टा जिलों और झारखंड में रांची कुक्कुट पोल्ट्री में एवियन इन्फ्लूएंजा के प्रकोप की सूचना पहले ही मिल चुकी है। संयुक्त परामर्श में कहा गया है, यह देखते हुए कि एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) का संक्रमण अत्यधिक खतरनाक है और इसके मनुष्यों में फैलने की क्षमता अधिक है, इसलिए इस संक्रमण के प्रसार को कम करने और रोकने के लिए सभी आवश्यक उपाय करना अनिवार्य है। इसमें कहा गया है कि एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस (बर्ड फ्लू वायरस) आमतौर पर मुख्य रूप से प्रवासी पक्षियों के बीच फैलता है। एच5एन1 मुख्य एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस है। भारत में कुक्कुट पक्षियों में एवियन इन्फ्लूएंजा के प्रकोप की रिपोर्ट 2006 से मिल रही है और पशुपालन एवं स्वास्थ्य विभाग (आईडीएसपी, एनसीडीसी) द्वारा संयुक्त रूप से इसकी जांच की जा रही है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सलाह दी गई है कि वे सभी स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों/निजी चिकित्सकों को एवियन इन्फ्लूएंजा के मामलों के लक्षणों के बारे में जानकारी दें।

संक्षिप्त खबरें

खगौल नगर परिषद के चतुर्थवर्गीय कर्मचारी का चुनावी ड्यूटी के दौरान लू लगने से हुई मौत

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत नगर परिषद के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी मोहम्मद तैयब की चुनाव ड्यूटी के दौरान लू लगने से उनकी असामयिक मृत्यु हो गई है जो बहुत ही दुखद घटना है मोहम्मद तैयब जी बहुत ही अच्छे और शांत स्वभाव के व्यक्ति थे ।वह लगभग खगौल नगर परिषद में 30 साल से पदस्थापित थे। उनकी मृत्यु के दौरान खगौल के लोगों ने शोक व्यक्त किया जिसमें नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कन्हैया कुमार,नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार ,पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार, तनबीरुल हक,मुख्य प्रचार निरीक्षक, दानापुर रेल मंडल,व्यवसायिक, वार्ड पार्षद पिंटू कुमार, रितेश कुमार बिट्टू, अजय कुमार यादव अंबिका प्रसाद उर्फ गोरख, सुरेंद्र यादव, देव कुमार लाल,पी मोहम्मद शाहनवाज उर्फ रिंकू, सुरेंद्र यादव, मोहम्मद नूर आलम, विकास कुमार, एवं दीपक कुमार उर्फ जुड़वा ,सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स सहित अन्य ने शोक व्यक्त किए।

24 रेलकर्मियों को किया गया समापक भुगतान

दानापुर खगौल नगर के रेल मंडल कार्यालय मे शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए 24 रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय में समापक भुगतान एवं विदाई दिया गया। इसमें रेल सेवा सेसेवानिवृत्त उपस्थित रेल कर्मचारियों को मुख्य परियोजना अधिकारी गतिशक्ति, दानापुर सुशील कुमार के द्वारा अंगवस्त्र एवं डायरी देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई ।कार्यक्रम की शुरूआत वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अशोक कुमार द्वारा किया गया; जिन्होंने आज के समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किये ।सीपीएम गतिशक्ति, दानापुर ने अपने संबोधन में उपस्थित सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के सुखद,स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए कहे कि अपने समापक भुगतान की राशि को असुरक्षित जगहों पर निवेश ना करें। सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मियों को एक्युप्रेशर,होमियो पैथ तथा आयुर्वेदिक के डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन जीने के तरीके को विस्तारपुर्वक बताया गया ।इस मौके पर मंडल के अन्य अधिकारी एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहें।

एक महिला की संदिग्धावस्था में मौत

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बस पड़ाव स्थित पीपापुल मार्ग में शुक्रवार को दोपहर में एक महिला की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौप दिया। एएसआई आरएन पटेल ने बताया कि मैदा टोली निवासी पप्पू प्रसाद के 45 वर्षीय पत्नी रीता देवी की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

अधेड़ का शव बरामद

फतुहा। शुक्रवार को सुबह ग्रामीणों की सूचना पर भारत गैस प्लांट के पीछे पोखर के बगल में पुलिस ने 50 वर्षीय अधेड़ का शव बरामद किया है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान नही थे। खबर लिखे जाने तक उसकी पहचान नही हो पायी है। पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रकिया पुरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया। थानाध्यक्ष रुपक कुमार अम्बुज ने बताया कि प्रतीत होता है कि मृतक हीट वेव का शिकार हो गया हो तथा बेचैनी में पानी के नजदीक चला गया हो। वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। फिलवक्त पुलिस उसकी पहचान कराने में जुटी है।

बंद घर का ताला काट कर लाखों रुपए ले उड़े चोर

दानापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चित्रकूट नगर में बंद घर का चोरो ने निशाना बनाते हुए 35 हजार नगद समेत करीब पांच लाख की जेवरात ले भागे। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। बताया जाता है कि चित्रकुट नगर निवासी आशुतोष कुमार पांडेय फुफा के श्राद्धकर्म में शामिल होने विगत 20 मई को परिवार के साथ सासाराम गये थे। वे 03 जून को लौटने वाले थे। घर में ताला लगा था। शुक्रवार की सुबह वही पास में रहने वाली बहन घर का ताला टूटा देख इसकी सूचना आशुतोष को दी। जानकारी मिलते ही उन्होने इसकी जानकारी छोटा भाई गुड्डू को दी। सूचना पर पहुंचे गुड्डू ने घर का हाल देखते ही परेशान हो गये। घर का ताला टूटा था। कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। सारे कमरा व गोदरेज का ताला टूटा था। गोदरेज में रखा करीब 35 हजार नगद व करीब 5 लाख के जेवरात गायब थे। गृहस्वामी के सूचना पर पहुंची डायल 112 ने पहुंच का छानबीन की। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी तक कोई लिखित शिकायत चोरी के संबंध में नही मिली है। मामले की छानबीन की जा रही है।

इंडी गठबंधन के पटना साहिब विस क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का गिरा शटर

रातो रात सुदर्शन पथ कार्यालय से होर्डिंग्स, बैनर, झंडा आदि हटाया गया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब लोकसभा संसदीय क्षेत्र के इंडी गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी का पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र स्थित प्रधान कार्यालय रातो-रात खाली हो गया। यहां शुक्रवार को जब राजद, वामपंथी एवं कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता पहुंचने लगे, तो न तो बाहर में लगा पार्टी प्रत्याशी का तोरण द्वार, झंडा, बैनर आदि कुछ भी नहीं था। जिस मैरिज हॉल में प्रधान कार्यालय खोला गया था, वह कहीं से कार्यालय लायक दिख ही नहीं रहा था। दरअसल यह कार्यालय 18 मई को खोला गया था और तीन जून तक इसकी बुकिंग थी। मगर बीच में प्रत्याशी एवं उनके भाई से खर्च को लेकर हुई तकरार के बाद मिले 5.5 लाख में से 2.27 लाख रुपया लौट के बाद इंडी गठबंधन के नेतागण सामान उठा कर चलते बने। खासकर राजद और वामपंथी दल के नेताओं में नाराजगी थी। उनका कहना है था कि वह सब महागठबंधन धर्म का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन कर रहे थे, मगर प्रत्याशी और उनके भाई के द्वारा उन सबों को लगभग अपमानित किया गया। फिर भी चुनाव प्रचार समाप्त होने तक गुरुवार तक उन्होंने पार्टी के लिए काम किया है। अनेक लोग पोलिंग बूथ और शनिवार को होने वाले मतदान को लेकर कागजात और रुपए की मांग को लेकर यहां पहुंचे, मगर उन सबों को निराशा हाथ लगी। एक राजद नेता ने बताया कि 18 मई से लेकर तीन जून तक के लिए सुदर्शन पथ के लोहा के पुल से थोड़ा पश्चिम स्थित उक्त मैरिज हॉल को बुक किया गया था। इसका किराया लगभग 55 हजार तय किया गया था। यहां कुर्सी, बिजली, पंखा, शौचालय, पानी, लाइट, ऊपर में खाना बनाने का जगह, खाने का स्थान, सब कुछ इस राशि में उपलब्ध था। इसके बावजूद इसे खासा महंगा बताया गया। हालांकि कार्यालय को चार दिन पूर्व ही खाली कर दिए जाने के बाद किसी तरह से कुछ राशि घटा कर मैरिज हॉल वाले को भुगतान कर दिए जाने की बात भी कही जा रही है।

मोर्चा रोड कार्यालय भी वीरान

पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके प्रवीण कुशवाहा मोर्चा रोड में कार्यालय खोल रखे थे। यहां भी शुक्रवार को लगातार विभिन्न दलों के नेता और कार्यकर्ता पहुंचते रहे। मगर यहां उनकी मौजूदगी नहीं देखी गई। यहां बैठे एक शख्स ने बताया कि वह पास में स्थित भागवत मैरिज हॉल में हैं। वहां जाकर मिल सकते हैं, मगर वहां भी वह नहीं मिले। बताया गया कि प्रवीण कुशवाहा के द्वारा ही पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथ पर पोलिंग एजेंट को तैनात किया जा रहा है। अधिकांश राजद और कांग्रेस के नेताओं का कहना था कि विभिन्न वार्ड और बूथ स्तर पर कांग्रेस की ओर से वोटर पर्ची का वितरण नहीं किया गया है। इस कारण से घर-घर तक इंडी गठबंधन समर्थक कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अंशुल अविजित का पर्चा भी नहीं पहुंच पाया।

जनता पार्टी से राजद तक ने लोस व विस में दूसरे पार्टी प्रत्याशी का किया काम

पटना साहिब विस से राजद के प्रत्याशी भी मजबूत नहीं रहे

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब लोकसभा और पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में जनता दल से लेकर राष्ट्रीय जनता दल तक के प्रत्याशी कम ही चुनाव मैदान में उतर पाए। यदि पार्टी ने कभी प्रत्याशी दिया भी, तो वह भाजपा प्रत्याशी को टक्कर देने लायक नहीं रहा। दरअसल पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में राजद के कुछ नेताओं ने जिंदा रखा है। इसमें राजत नेता बलराम चौधरी, प्रदीप मेहता, मोहम्मद जावेद, रजनीश कुमार राय, विनोद यादव एवं कुछ अन्य नाम आते हैं। जब भी यहां की समस्याओं को लेकर आंदोलन किया गया, तो इसमें वामपंथी दल के या कांग्रेस के नेताओं ने भागीदारी निभाई, मगर कभी भी समर्थकों के साथ नहीं पहुंचे। चाहे वह प्रदर्शन, धरना, घेराव से लेकर अन्य आयोजन रहा हो। राजद नेता को इस बात का खास मलाल है कि पटना साहिब में जनता की समस्याओं को लेकर और पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने के लिए जनता पार्टी से लेकर राष्ट्रीय जनता दल तक वह सब काम करते रहे हैं, मगर चाहे पूर्व का पटना लोकसभा और वर्तमान का पटना साहिब लोकसभा संसदीय क्षेत्र हो या फिर पूर्व का पटना पूर्वी विधानसभा क्षेत्र हो या फिर अभी का पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र। अधिकांश बार उन सबों को वामपंथी दल या फिर कांग्रेस के प्रत्याशी के लिए ही काम करना पड़ा है। जब भी विधानसभा चुनाव का मौसम आता है, यहां के सक्रिय नेता राजद कार्यालय से लेकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के दरबार में टिकट की अर्जी लेकर समर्थकों के साथ जाते हैं, मगर उन सबों को खासा निराशा हाथ लगती है। यदि कोई प्रत्याशी विपक्ष के उम्मीदवार को टक्कर देने का प्रयास भी किया, मगर वह जीत नहीं पाया और दोबारा उसे टिकट भी नहीं मिल पाया। इसका मलाल राष्ट्रीय जनता दल के पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के पार्टी के पदाधिकारी, नेताओं, कार्यकताओं से लेकर समर्थकों तक को है।

पननि के कर्मी धर्मराज की मसौढ़ी में चुनाव ड्यूटी के दौरान मौत

हृदय रोग से थे पीड़ित, पटना एम्स लाने के दौरान मौत

पटना सिटी , प्रात :किरण संवाददाता

पटना नगर निगम मुख्यालय के लेखा शाखा में तैनात कर्मी धर्मराज कुमार की मौत गुरुवार को चुनाव ड्यूटी के दौरान हो गई। पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रामयतन प्रसाद, संयोजक मंगल पासवान व प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार ने धर्मराज की मृत्यु पर समन्वय समिति की ओर से गहरा शोक प्रकट करते हुए नगर निगम प्रशासन के प्रति निगमकर्मियों की ओर से आक्रोश का इजहार किया है ।समन्वय समिति के नेताओं ने कहा की नगर निगम प्रशासन को यह मालूम था कि धर्मराज हृदय रोग से ग्रसित है, इसके बाद भी उसे चुनावी ड्यूटी पर कैसे लगा दिया गया।आश्चर्य की बात तो यह है कि जब नगर आयुक्त को समन्वय समिति के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह ने 30 मई की रात में दूरभाष पर धर्मराज के मौत की जानकारी दी, तब उन्होंने अनभिज्ञता तो जाहिर की ही और आश्चर्य भी व्यक्त किया। उन्हें मौत की खबर मातहत कर्मी द्वारा क्यों नहीं दिया गया।

समन्वय समिति के प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार ने बताया कि धर्मराज चुनाव के काम में मसौढी योगदान देने पहुंच गया था। सीने में दर्द महसूस होने पर वह नौबतपुर के रास्ते निजी सवारी से पटना के लिए चला। नौबतपूर में स्थिति ज्यादा बिगड़ने पर साथ रहे लोगों ने नौबतपुर प्रखंड अस्पताल में दिखाया। यहां के चिकित्सकों ने अविलंब एम्स फुलवारी ले जाने को कहा, लेकिन वहां पहुंचने के पहले ही उसकी मौत हो गई। समन्वय समिति के नेताओं ने उसे चुनाव कार्य में लगाए जाने वाले दोषी पदाधिकारियों पर कारवाई की मांग के साथ ही उचित मुआवजा और धर्मराज के आश्रित परिजनों में से एक को नौकरी देने का मांग की है।

मतदानकर्मियों के बीच चुनाव सामग्री, ईवीएम मशीन का किया वितरण

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत शुक्रवार को बीएस कॉलेज में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से दानापुर और मनेर विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदानकर्मियों के बीच चुनाव सामग्री,ईवीएम मशीन का वितरण किया गया। सभी कर्मी सुरक्षाबलों के साथ अपने अपने पोलिंग बुथों के लिए रवाना हुए ।एसडीएम सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी प्रदीप सिंह ने बताया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ।जिलाधिकारी और चुनाव आयोग द्वारा जो भी दिशा निर्देश मिला है उसका अनुपालन किया जाएगा ।सभी बूथों पर वोटरों के लिए मूलभूत सुविधाएं की व्यवस्था की गई है। बताया कि दानापुर और मनेर में संवेदनशील बूथों का सत्यापन किया गया है ।उन बूथों पर अर्धसैनिक बलों के जवान को लगाया गया है। 60 साल से ऊपर और दिव्यांग वोटरों की सुविधा के लिए 40 ऑटो रिक्शा की इंतजाम किया गया है। दानापुर विधानसभा क्षेत्र में 358 मतदान केंद्र हैं। जिसमें 16 चलंत मतदान केंद्र है। 41 सेक्टर बनाये गए है। वोटरों की कुल संख्या 3 लाख 74 हजार 177 है। पुरुष वोटर 1 लाख 75 हजार 924 और महिला वोटरों की संख्या 1 लाख 58 हजार 243 है। 78 बुजुर्ग वोटरों को बैलेट पेपर से पहले ही मतदान कराया जा चुका है। गर्मी व धूप से बचने के लिए 110 मतदान केंद्रों पर शेड बनाए गए हैं ताकि मतदाताओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। प्रत्येक बूथों पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। मतदान केंद्र संख्या 86 छावनी परिषद कार्यालय परिसर को मॉडल मतदान केंद्र बनाया गया है। जबकि बूथ संख्या 104 सगुना मोड़ जूनियर डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर को पिंक मतदान केंद्र और 105 सगुना मोड़ जूनियर डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर को दिव्यांग मतदान केंद्र बनाया गया है। शांतिपूर्ण मतदान को लेकर सभी इलाकों में गश्तिदल रहेंगे।

फ्यूज कॉल बनाने के दौरान मिस्त्री सुनील हुआ बेहोश, हुई मौत

गरीब परिवार पर टूटा आफत का पहाड़, मुआवजा की मांग, थाना को लिखित दिया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी विद्युत कार्य प्रमंडल के अधीन मंगल तालाब बिजली सब-स्टेशन में कांट्रैक्ट पर काम करने वाला बिजली मिस्त्री सुनील कुमार की मौत गुरुवार को हो गई। इस संबंध में कनीय अभियंता ने बताया कि सुनील चौधरी एजेंसी के द्वारा उपलब्ध कराया गया मानव बल था। बढ़ती गर्मी के कारण फ्यूज कॉल की संख्या अधिक हो जाती है। इसी दौरान वह गुरुवार को 8-10 काम लेकर निकला था और उसने कुछ कॉल अटेंड भी किया था। इसी दौरान चौक थाना क्षेत्र के मिरचाई गली स्थित दुर्गा अपार्टमेंट के पास बिजली का लाइन ठीक करने के दौरान वह हीट वेव का शिकार हो गिर कर बेहोश हो गया। इस संबंध में सुनील चौधरी की पत्नी सरिता देवी ने कहा कि गुरुवार सुबह करीब नौ बजे मंगल तालाब बिजली ऑफिस के लिए घर से पति निकले थे। दोपहर करीब एक बजे स्टाफ विजय और रंजीत कुमार ने उन्हें कॉल कर कहा कि सुनील कुमार बिजली बनाने के दौरान मिरचाई गली में गिर कर बेहोश हो गए हैं। संभवतः उन्हें लू लग गया है। इसके बाद वह सब सुनील चौधरी को लेकर गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल इलाज के लिए ले गए। यहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। मगर वहां जाने के दौरान रास्ते में ही सुनील चौधरी ने दम तोड़ दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि पति की मौत काम करने के दौरान लू लगने से हो गई है। इस संबंध में खाजेकलां थाना क्षेत्र के माशूक अली रोड के पक्की गौरैया की रहने वाली सरिता देवी पति सुनील चौधरी ने खाजेकलां थाना में एक आवेदन भी दी है। वहीं कनीय अभियंता बबलू कुमार गुप्ता का कहना था कि निश्चित तौर पर गर्मी अधिक है और गर्म हवा भी बह रही है। संभवतः उसे लू लगने के कारण डिहाइड्रेशन हो गया हो और चक्कर आने के कारण वह गिर गया होगा। उसे तुरंत सहयोगी कर्मियों के द्वारा इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जब उसे पीएमसीएच ले जाया जा रहा था, तभी उसकी रास्ते में मौत हो गई। फिलहाल बताया जाता है कि सुनील कुमार भाजपा का बूथ अध्यक्ष भी था। इस कारण से भाजपा चित्रगुप्त मंडल के अध्यक्ष अशोक कुमार भारती, पूर्व पार्षद बलराम चौधरी ने मृतक परिवार को पर्याप्त उचित मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी दिए जाने की मांग की है।

बूथ पर तैनात हुए मतदानकर्मी, आज होगा मतदान

- राजकीय पॉलिटेक्निक में ईवीएम व मतदान सामग्री लेने के लिए पुलिस पदाधिकारी व पीठासीन पदाधिकारी में देखा गया उत्साह
- कुम्हरार विधानसभा में चार बूथ पर टेंट

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब लोकसभा संसदीय सीट पर मतदान शनिवार को होगा। वोटिंग कराने के लिए पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में तैनात किए गए पीठासीन पदाधिकारी व कर्मियों ने गुलजारबाग स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में सामग्रियों को संग्रह करने का काम किया। इसके बाद पुलिस पदाधिकारी बाल वह संबंधित बूथ के कर्मी सभी एक साथ इकट्ठा हुए यहां से गुलजारबाग स्टेडियम गए जहां से उन सबों को उपलब्ध कराए गए भूत के लिए वाहन उपलब्ध कराया गया यहां से सामग्री लेकर वे सब अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर पहुंच गए। इस दौरान एसडीओ गुंजन सिंह, एएसपी शरथ आरएस और डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने कर्मियों को ब्रीफिंग के दौरान आयोग के निर्देश का अनुपालन करने को कहा। शनिवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने का निर्देश दिया गया। एसडीओ ने बताया कि सुरक्षा-व्यवस्था के लिए मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए व्यवस्था पूरी कर ली गई है। पटना साहिब विधानसभा के 345 मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टी पहुंच गई है। मतदान केंद्र के दो सौ मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू किया गया है। इस दूरी में किसी भी पार्टी का नेता कार्यकर्ता जट कर मतदाताओं को प्रभावित करने का काम नहीं करेगा और नहीं उनका कोई कार्यालय कार्य करेगा। दूसरी ओर सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 51 में स्थित राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, खानमिर्जा में चार बूथ पर टेंट लगाया गया है। पार्षद ज्योति रंजन दास उर्फ बैजूलाल दास ने बताया कि विद्यालय भवन का निर्माण होना है। इसी कारण से भवन को तोड़ा गया है। ऐसे में बूथ संख्या 271, 272, 273 एवं 274 पर वोटिंग के लिए टेंट लगाया गया है। पार्षद ने बताया कि मतदान केंद्रों पर सफाई कराया गया है। बीएलओ के माध्यम से बचे बीस बूथ के मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण करा दिया गया है। टेंट में बने मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिए शेड लगवाने का आग्रह प्रशासन से किया गया है।

तख्त साहिब में सजा दीवान, शबद कीर्तन

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमिदर जी पटना साहिब में सिख पंथ के छठे गुरु श्री हरि गोबिंद सिंह जी महाराज के गुरुता गद्दी दिवस पर्व मनाया गया। इस दौरान विशेष दीवान शुक्रवार को सजा। इसके पूर्व पिछले दो दिनों से अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति हुई। इसके बाद सजे विशेष दीवान में कथावाचक ज्ञानी दलजीत सिंह व गगनदीप सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर कथा कही। रागी जत्था में भाई हरभजन सिंह, अरविंद सिंह निर्गुण, भाई बिक्रम सिंह, भाई कविंदर सिंह, भाई जगत सिंह, भाई ज्ञान सिंह, भाई जोगिंदर सिंह ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। विशेष दीवान की समाप्ति तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह के द्वारा अरदास के साथ किया गया। विशेष दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर चला।

मतदाताओं को धूप से बचाव के लिए लगाया शेड

एसडीओ, एएसपी व डीएसपी-2 ने वोटरों से किया मतदान करने की अपील

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

लोकतंत्र का महापर्व और लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान एक जून यानी शनिवार को होना है। मतदान सुबह सात बजे से लेकर सायं छह बजे तक किया जा सकेगा। हर मतदान केंद्र पर वोटरों को गर्मी व धूप से बचाव के लिए शेड का निर्माण कराया गया है। साथ ही वहां पीने के पानी की भी व्यवस्था कराई गई है। यहां तक की चिकित्सा दल को भी तैनात कराया गया है। ऐसे में पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के वोटरों से सिटी एसडीओ सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी गुंजन सिंह, एएसपी शरथ आरएस एवं डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने लोगों से मतदान केंद्र तक पहुंच कर अपना वोट सरकार बनाने के लिए करने की अपील की है। मतदान केंद्र के अंदर और बाहर सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है और विधि व्यवस्था को बनाए रखने का पुख्ता इंतजाम किया गया है। गड़बड़ी वाले आशंकित बूथ पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर है। इस दौरान कोई भी यदि मतदान केंद्र के अंदर या बाहर गड़बड़ी करने की कोशिश करेगा, तो उसे पुलिस प्रशासन के अधिकारी व पदाधिकारी सख्ती के साथ निबटने का काम करेंगे। इस बार पटना जिला और पटना सिटी के पुलिस प्रशासन के साथ ही पटना नगर निगम भी अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर रहा है। ऐसे में पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में वैसे भी वोटरों में पूर्व में भी उत्साह देखा गया है। यही नहीं, विभिन्न वार्ड के पार्षदों से लेकर व्यवसायी और स्वयंसेवी संगठन के लोगों ने भी मतदाताओं से अपने वोट का इस्तेमाल करने की अपील की है।

दुष्कर्म व मारपीट के आरोपित को किया गया गिरफ्तार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बाइपास थाना पुलिस ने दुष्कर्म और आलमगंज थाना की पुलिस ने मारपीट के आरोपित को गिरफ्तार किया है। बाइपास थाना की पुलिस ने बताया कि दुष्कर्म के मामले में बाहरी धवलपुरा के जितेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वहीं आलमगंज थाना की पुलिस ने मारपीट व हत्या के प्रयास के आरोपित को गिरफ्तार किया है ।गायघाट निवासी गौरव कुमार उर्फ राहुल जायसवाल को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपितों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

अज्ञात वृद्ध का शव मिला

इधर चौक थाना क्षेत्र के मंगल तालाब के समीप वृद्ध का शव पड़ा था। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को देखा और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पुलिस ने आशंका जताई है कि लू लगने से वृद्ध की मौत हुई होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल मृत वृद्ध की पहचान नहीं हो पाई है। मामले में छानबीन की जा रही है।

तख्तश्री कमेटी के महासचिव पर पद के दुरुपयोग का लगाया आरोप

बिना कमेटी के बैठक व पदाधिकारियों से विमर्श निर्णय लिए जाने का आरोप

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

स्थानीय कुछ संगतों ने तख्तश्री कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह पर पद का दुरुपयोग करने का बिंदुवार जिक्र करते हुए कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह के नाम पत्र कार्यालय को शुक्रवार को सौंपा है। इसमें कहा गया है कि पिछले कुछ समय से आपके द्वारा पद का गलत उपयोग करते हुए गुरु घर को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के साथ ही बिना प्रबंधक कमेटी की जानकारी एवं अनुमति के अनेक ऐसे कार्य किए गए हैं, जो नियमानुसार गलत है। इसका जवाब आपको देना है। लंगर हॉल में लंगर तैयार करने के लिए लगाए गए लाखों रुपए के उपकरण लगाने के लिए किसकी स्वीकृति ली गई थी। अगर स्वीकृति प्राप्त की गई थी, तो आर्डर देने के लिए नियम का पालन करते हुए कोटेशन लेकर प्रबंधक कमेटी या पदाधिकारियों से लिखित स्वीकृति प्राप्त की गई थी। उपकरण लगाने के बाद उसके रखरखाव का ख्याल क्यों नहीं रखा गया।

इस कार्य में किसी एक व्यक्ति को निजी लाभ पहुंचाने का भी मामला प्रकाश में आ रहा है। दरबार साहिब में बाबा मोहिंदर सिंह यूकेवाले के द्वारा की गई सेवा के समय से लगे एसी सही कार्य करने के बाद भी लाखों रुपए के नये एसी खरीद कर लगाने का मामला आया है। इसके लिए भी कमेटी की स्वीकृक्ति नहीं ली गई। फिर से किसी व्यक्ति विशेष को निजी लाभ पहुंचाने के लिए इह कार्य की स्वीकृति प्रदान करने की जानकारी मिल रही है। सहरसा के किसी सिंह सभा गुरुद्वारा से श्री गुरु ग्रंथ साहिब का स्वरूप साहिब लाकर उसे हस्तलिखित बता कर समाचार प्रकाशित कराने तथा प्रचार-प्रसार कराने में भी आपकी भूमिका है। जबकि बाद में जाचोपरांत पता चला है कि वह स्वरूप साहिब हस्तलिखित नहीं है। इससे संगत की धार्मिक भावना आहत हुई है। इस संबंध में तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार एवं पंज प्यारे सिंह साहिबान से भी दोषियों पर धार्मिक भावना आहत करने के दोष में कार्रवाई करने की विनती की जाएगी। आपके द्वारा संविधान का उल्लंघन करते हुए अपनी मर्जी से बिना प्रबंधक कमेटी या पदाधिकारियों की जानकारी एवं सहमति के सरदार परमजीत सिंह बग्गा को लीगल एडवाइजर नियुक्त करने की जानकारी मिल रही है, जो नियमानुसार गलत है। इसकी प्रतिलिपि प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह को जानकारी एवं आवश्यक कार्रवाई को दी गई है।

एसी में हुई शार्ट सर्किट से मकान में लगी आग, वृद्धा को बचाया गया

कंकड़बाग व सिटी फायर स्टेशन के नौ यूनिट ने आग पर काबू पाया, लाखों का नुकसान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना क्षेत्र के कांटी फैक्ट्री रोड स्थित मोहल्ला के एक मकान में शुक्रवार को आग लग गई। दरअसल उस मकान में एक वृद्धा रह रही थी। उनके दो बेटे विदेश में रहते हैं। आग लगे की घटना से वहां अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर कंकड़बाग से पांच और पटना सिटी फायर स्टेशन से चार यूनिट दमकल आग बुझाने के लिए पहुंची। आग लगने की घटना में कमरे में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया है। इस घटना में फायर यूनिट ने स्थानीय लोगों के सहयोग से मकान में रह रही वृद्ध महिला को सुरक्षित बाहर निकलने का काम किया। सहायक अग्निशमन पदाधिकारी इंद्रजीत कुमार ने बताया कि आग लगने का कारण एसी में हुई शार्ट सर्किट की वजह थी। मौके पर नौ यूनिट पहुंची और आग पर काबू पाया जा

मोदी सरकार ने विरासत के साथ विकास को किया सुनिश्चित : विजय

कहा- देश में मुगलशाही लाने की मानसिकता से ग्रस्त रहा है विपक्ष

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि पीएम मोदी की सरकार ने पिछले 10 वर्षों में अपनी विरासतों को संजोते हुए विकास पर बल दिया है। सरकार की इस नीति के कारण आज भारत के विकास के साथ भारतीय संस्कृति की गूंज दुनियाभर में सुनाई पड़ रही है । योग जैसे हमारे सांस्कृतिक धरोहर को संयुक्त राष्ट्र में मान्यता मिली और पूरी दुनिया 21 जून को विश्व योग दिवस मनाती है। राम मंदिर के निर्माण से पांच सदियों का हमारा सामूहिक स्वप्न तो पूरा हुआ ही साथ ही काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन महाकाल कॉरिडोर तथा केदारनाथ मंदिर के नवीनीकरण जैसे उल्लेखनीय काम हुए। इन कार्यों से हमारे संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन के साथ विकास और रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं । बिहार में भी हमारी डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से गांधी सर्किट, बुद्ध सर्किट और रामायण सर्किट का तेजी से प्रसार हो रहा है। श्री सिन्हा ने आगे कहा परिवारवादी सामंतों के शासनकाल में देश में विरासत का अर्थ पर एक परिवार तक समेट कर रख दिया गया था। उसी परिवार के सदस्यों के नाम पर गली-मोहल्ले , चौक-चौराहों से लेकर शिक्षण संस्थानों के नाम रखे जाते थे। कांग्रेसी शहजादे के परनाना और दादी जब देश के प्रधानमंत्री थे तब उन्होंने बाबर की कब्र पर मत्था टेका था । बाबर से प्रेरणा लेकर ये लोग देश में अपनी मुगलशाही लाने की मानसिकता से ग्रस्त रहे हैं। श्री सिन्हा ने कहा लेकिन भाजपा शुरू से ही अपनी सामूहिक धरोहर पर गौरव करने की पक्षधर रही है। जिस बाबासाहेब अम्बेडकर का नाम ये परिवारवादी आज मजबूरी में ले रहे हैं, उन्हें भी 1990 में भारतरत्न तब मिला जब केंद्र में भाजपा के समर्थन से सरकार बनी । मोदी सरकार ने ही डॉ. अंबेडकर के जीवन से जुड़ी जगहों को ह्यपंचतीर्थह्न के रूप में पहचान दिलायी । भगवान बिरसा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में पहचान दिलायी। इसी सरकार ने ह्यस्टेच्यू ऑफ यूनिटीह्न के जरिये सरदार पटेल के योगदान को सम्मान दिलाया। इसी दौर में इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित हुई और नेशनल वॉर मेमोरियल के माध्यम से शहीदों की याद को अमर किया गया। श्री सिन्हा ने कहा मोदी जी की सरकार ने वोट बैंक की जगह कल्चरल डिवीडेंड को ध्यान में रखकर विरासत और विकास दोनों को बढ़ावा दिया । इसीलिए राजनीतिक रूप से अलग विचार रखने वाले प्रणब मुखर्जी, पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह जैसे यशस्वी नेताओं को भारतरत्न देकर विकास और जनकल्याण की सोच को सम्मानित किया गया। वंचितों के मसीहा जननायक कपूर्री ठाकुर को देश का यह सर्वोच्च सम्मान देकर मोदी जी ने बिहार के गरीबों और वंचितों के विरासत को सम्मानित किया है। इन प्रयासों के जरिये मोदी सरकार ने विरासत को विकास का प्रेरक और विकास को विरासत के प्रसार का माध्यम बनाने का सफल प्रयास किया है।

राष्ट्रनिर्माण में अपना योगदान देने के लिए एनडीए करें मतदान : उमेश

- बोलें-विपक्ष के पास न नेता है और नीति है

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि 1 जून को नालंदा, जहानाबाद, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम एवं काराकाट लोकसभा की सीटों पर सांतवें और अंतिम चरण का मतदान होना है, साथ ही अगियांव में विधानसभा का उपचुनाव है। एनडीए गठबंधन के लिहाज से यह सभी सीटें बेहद महत्वपूर्ण है। 17वीं लोकसभा चुनाव में इन सभी 8 सीटों पर मोदी-नीतीश की करिश्माई जोड़ी को जनता का प्रचंड जनादेश प्राप्त हुआ था और एनडीए गठबंधन के सभी प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की थी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सांतवें चरण के सभी 8 सीटों पर एनडीए मजबूत स्थिति में है और पिछली बार के मुकाबले इस बार बड़े मार्जिन से हमारे एनडीए प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे। श्री कुशवाहा ने अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रनिर्माण में अपनी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 1 जून को एनडीए के पक्ष में एकजुट होकर वोट करें। एनडीए को दिया गया एक-एक वोट सुशासन, विकास, महिला सुरक्षा और युवाओं के बेहतर भविष्य की गारंटी साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े शोषित, वंचित और असहाय वर्ग की विशेष चिंता है, जबकि विपक्षी पार्टियों को सिर्फ अपना परिवारहित नजर आता है। विपक्ष के पास न नेता है और नीति है, केवल झूठ फैलाकर जनता का वोट बटोरना चाहते हैं मगर उनकी मंशा पूरी नहीं होगी। प्रदेश अध्यक्ष ने सांतवें और अंतिम चरण के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की भी अपील की।

विकसित भारत, विकसित बिहार के लिए करें मतदान : सम्राट

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोकसभा के सातवें चरण में मतदाताओं से रिकॉर्ड तोड मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर लोग अपनी भागीदारी निभाने के लिए मतदान केंद्रों तक जाएं और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने लोगों से विकसित भारत और विकसित बिहार के लिए मतदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि मजबूत सरकार और सक्षम नेतृत्व ही देश और प्रदेश को समृद्ध बना सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो संकल्प लेती है, उसे पूरा भी करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वैश्विक स्तर पर तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने सहित भारत को विकसित बनाने के लिए कई गारंटी दी है। उन्होंने कहा कि पिछले छह चरणों के मतदान ने साफ कर दिया है कि प्रदेश की जनता एनडीए के साथ है। उन्होंने सातवें चरण में भी लोगों से एनडीए को आशीर्वाद देने की अपील की है।

देश के विकास और विनाश के बीच है चुनाव : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने आज कहा है कि पिछले छः चरणों के चुनाव के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि विकास और विनाश के बीच हो रहे इस चुनाव में विकास मीलों आगे चल रहा है। परिवार की जमींदारी बचाने के लिए सीना ठोक कर झूठ बोल रहे युवराजों की योजनाओं पर जनता ने पानी फेर दिया है। लोगों को बरगलाने की उनकी सारी कोशिशें व्यर्थ हो गयी हैं। इसी बौखलाहट में इनके नेताओं ने फिर से इवीएम का राग अलापना शुरू कर दिया है। यहां तक कि उन्होंने निष्पक्ष रहने वाले राजभवन पर भी उंगली उठा दी है। यह दिखाता है कि इनका मनोबल पूरी तरह से टूट चुका है और अब यह केवल राजनीतिक रस्म अदायगी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पूरे चुनाव में राजद-कांग्रेस के युवराजों ने झूठ बोल-बोल कर अपने पैरों पर खुद से कुल्हाड़ी मार ली है। इनके सफेद झूठ ने लोगों के मन में एनडीए सरकार के प्रति विश्वास को और पक्का कर दिया है। इसके अतिरिक्त नीतीश सरकार के कामों का श्रेय लेने के इनके प्रयासों ने यह साफ कर दिया है कि इनके पास अपना कुछ बताने के लिए है ही नहीं। साथ ही मामले का खुलासा होने के बाद भी तेजस्वी के गरीबों की हड़पी जमीनें नहीं लौटाने से लोग समझ गये हैं कि इनके भ्रष्टाचारी मन में कोई बदलाव नहीं आया है। लोग जान गये हैं कि अगर गलती से भी इन्हें सत्ता मिल गयी तो यह देश का ऐसा भट्ठा बैठाएंगे कि देश दशकों पीछे चला जाएगा। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि वास्तव में जनता भूली नहीं है कि कैसे कांग्रेस-राजद ने जनता को ह्यगरीबी हटाओह्न और सामाजिक न्याय के नाम पर दशकों तक मुर्ख बनाये रखा। इनके झांसे में पड़कर जनता का हाल जस का तस रह गया वहीं राजद-कांग्रेस के नेता और उनके बाल-बच्चे अरबपति बन गये। कांग्रेस ने अपने पिछले 10 वर्षों के राज में जहां 12.5 लाख करोड़ के घोटालों का विश्व रिकॉर्ड बना दिया वहीं राजद के राज में पशुओं के चारे से लेकर अलकतरा तक घोटाले का शिकार हो गया। यही वजह है कि आज कोई हाथ व लालटेन थामने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस ने अपने स्वार्थ में जिस जनता से महरूम रखा था आज नमो-नीतीश राज में वह विकास का स्वाद चख चुकी है।

पटना कलम की पेंटिंग्स हेतु पटना संग्रहालय में अलग दीर्घा का किया जाएगा विकास : अशोक

- छह दिवसीय पटना कलम प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ

पटना। इन्टैक, पटना चैप्टर, योर हेरिटेज एवं इंडिया हेरिटेज ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय सिंह भवन, चीना कोठी के बगल में आयोजित छह दिवसीय पटना कलम प्रशिक्षण एवं कार्यशाला के समापन के अवसर पर बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि पटना कलम को विलुप्त होने से बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। पटना संग्रहालय में पटना कलम शैली की पेंटिंग्स के प्रदर्शन हेतु दीर्घा का विकास होगा, प्रशिक्षण हेतु जगह भी उपलब्ध कराया जाएगा ताकि नई पीढ़ी के कलाकार इस शैली की पुरानी पेंटिंग्स देखकर इसकी अनुकृति तैयार कर सकें। इन्टैक, बिहार के संयोजक प्रेम शरण ने कहा कि पटना संग्रहालय में पहले भी इसके लिए अलग गैलरी थी परन्तु दर्शकों को पेंटिंग्स की विशेषता बताने की व्यवस्था नहीं थी। अवधेश अमन ने कहा कि पटना कलम की पुरानी पेंटिंग्स को हमलोगों ने सहेज कर नहीं रखा अन्यथा राज्य सरकार को इससे हजारों करोड़ रुपए की आय हो सकती थी। उन्होंने कहा कि इस शैली में फूल-पत्तियों के चित्रण बहुतायत में होते थे। प्रख्यात चित्रकार मनोज कुमार बच्चन ने कहा कि अपने छात्र जीवन से ही वह पटना कला महाविद्यालय में पटना कलम की विशेषताओं के संबंध में चर्चा सुनते रहे हैं। आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए इंटैक, पटना चैप्टर के भैरव लाल दास ने कहा कि पटना शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाते रहेंगे। योर हेरिटेज की रचना प्रियदर्शिनी ने गोलघर का टेराकोटा गुल्लक अतिथियों को देते हुए कहा कि बिहार के महत्वपूर्ण हेरिटेज के संरक्षण हेतु ऐसी प्रतिकीर्ति आकर्षक एवं आवश्यक है। रविशंकर उपाध्याय ने कहा कि विरासत और पर्यटन एक दूसरे के पूरक हैं और इस हेतु संयुक्त प्रयास करने की आवश्यकता है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इंडिया हेरिटेज ट्रस्ट के शंभु कुमार सिंह ने कहा कि पटना कलम चित्रकला शैली बिहार की महत्वपूर्ण विरासत एवं धरोहर है और इसे विलुप्त होने से बचाने हेतु सब लोगों को मिलकर प्रयास करना होगा। लेख्य मंजूषा की विभा रानी श्रीवास्तव ने इस कार्यशाला में तैयार पटना कलम की सभी पेंटिंग्स खरीदते हुए विश्वास दिलाया बाजार की कहीं कोई कमी नहीं है परन्तु कलागुरुओं को सर्वप्रथम उत्कृष्ट पेंटिंग्स बनवाने पर ध्यान देना होगा। प्रशिक्षकद्वय जीतेन्द्र मोहन एवं रूपेश ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से पटना कलम को पुनर्जीवित करना असंभव नहीं है। इस अवसर पर इंटैक के दिलीप वर्मा, बांधनी की स्मिता पाराशर, मिथिला पेंटिंग्स कलाकार अलका दास, क्रोशिया कलाकार विभा श्रीवास्तव, यू.आई.डी. गांधीनगर की इशिता, अरुणोदय संस्थान की आराधना, सहजशक्ति की वंदना झा, कुमुदिनी ट्रस्ट की अंकिता और नीता आदि ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

नीतीश कुमार का निश्चय हर घर पहुंचे बिजली : नीरज

पटना। जदयू विधानपार्षद सह पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने ट्वीट और पोस्टर के माध्यम से आरजेडी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आज जो लोग लालटेन से प्यार कर रहे हैं वो लोग बिजली से इनकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के 15 सालों के कुशासन के दौरान बिजली की घोर किल्लत के चलते लोगों को तपती गर्मी में भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में अधिकतम बिजली आपूर्ति के चलते तपती गर्मी में भी लोग गांवों में चैन की नींद सो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास की परिभाषा को नहीं समझ पा रहे हैं, उन्हें एक बार अपने घर की बिजली कटवा लेनी चाहिए फिर उनके परिजन उन्हें इस तपिश भरी गर्मी में बिजली और विकास का क्या महत्व होता है, वो उन्हें समझा देंगे। पार्टी मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार की कोशिशों के चलते राज्य के गांव-गांव में बिजली पहुंच चुकी है और लोगों को इस तपती गर्मी में सुकून दे रही है।

सीएम नीतीश वास्तव में बिहार के शिल्पकार हैं : मधुरेन्द्र

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू मीडिया पैनलिस्ट डॉ मधुरेंदु पांडेय ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि आज बिहार मोड की सराहना पूरे देश में सभी जगह हो रही है और इसे कई राज्यों ने अपनाया भी है। विदित है कि देहाती क्षेत्रों में पेयजल के साथ हर गली पक्कीकरण तथा नया पंचायत सरकार भवन पूरे देश के लिए एक नजीर बन गया है। सच्चाई यह है कि बिहार की छवि पहले से काफी बेहतर हो गई है साथ ही आम जनता का सरकार के प्रति निष्ठा भी बढ़ी है। बिहार के बेहतरी की योजनाओं में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की छवि अनुकरणीय है। डॉ पांडेय ने कहा की सूबे की जनता यह बखूबी जानती है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकाष और आम-आवाम की बेहतरी के लिए दिन-रात काम किया है। आगे उन्होंने कहा कि शीतकालीन दिनों में उन्होंने न खुद की परवाह की और ना ही किसी जनता को परेशान होने दिया। वे हर जिला में जनता दरबार लगाकर, जनता को जगाने का काम करते रहे और अब मंजूरी के साथ जनता के दरवाजे पर दस्तक दी है लेकिन अज्ञानी और अभिमानी की तरह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कर रहे हैं जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का काम ही बोल रहा है की उन्होंने अपने कार्यकाल में अपने बेहतर शासन और सुशासन से बिहार को विकसित राज्य की ओर ले जाने की दिशा में क्या नहीं किया। टेक्नोक्रेट सीएम वास्तव में बिहार के शिल्पकार है, इस बात को बिहार की जनता बखूबी जानती भी है और मानती भी हैं।

कृषि विभाग द्वारा गरमा मौसम में तिल की खेती को दिया जा रहा बढ़ावा : संजय

- कृषि सचिव ने कहा- तिल की व्यावसायिक खेती से तिलकुट उद्योग को होगा फायदा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल ने कहा है कि कृषि विभाग द्वारा गरमा मौसम में तिल की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे तिलकुट उद्योग को होगा फायदा। कृषि सचिव ने आगे कहा कि गया जिला का तिलकुट पूरे भारत में प्रसिद्ध है। यहाँ के कुशल कारीगरों द्वारा निर्मित तिलकुट की देश-विदेश में माँग है। परन्तु, तिलकुट निर्माण हेतु तिल के लिए गया जिला दूसरे राज्यों विशेषकर राजस्थान, गुजरात आदि पर निर्भर है। सचिव ने कहा कि दूसरे राज्यों पर निर्भरता को दूर करने के लिए कृषि विभाग के द्वारा गरमा, वर्ष 2023 में गया जिला में बड़े पैमाने पर तिल उत्पादन का लक्ष्य रखा गया। खाद्य एवं पोषण सुरक्षा-कृषोन्नति योजना के तहत गत गरमा मौसम में 24 क्विंटल गरमा तिल के बीज का वितरण किसानों के बीच किया गया है। लगभग 600 हेक्टेयर में गरमा तिल की खेती की गई। किसानों द्वारा औसतन 10 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज प्राप्त किया गया। तिलकुट व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों ने किसानों से सम्पर्क कर औसतन 140-180 रुपए प्रति किलो के दर से तिल की खरीदारी की गई, जो कि तिल के न्यूनत्तम समर्थन मूल्य से अधिक था। तिल का समर्थन मूल्य वर्ष 2023-24 में 8635 रुपए प्रति क्विंटल था।

मगध प्रमण्डल में तिल उत्पादन को बढ़ावा : श्री अग्रवाल ने कहा कि गत वर्ष के गरमा मौसम में तिल की खेती की सफलता को देखते हुए कृषि विभाग द्वारा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा-कृषोन्नति योजना और राज्य योजना के अंतर्गत तिल के प्रभेद जीटी-5 के 50 क्विंटल बीज अनुदानित दर पर किसानों को उपलब्ध कराया गया। गरमा मौसम, वर्ष 2024 में लगभग 1300 हेक्टेयर में तिल की खेती गया जिला के गुरारू, शेरघाटी, परैया, टेकारी, मोहनपुर तथा टनकुप्पा सहित सभी प्रखण्डों में की जा रही है। उन्होंने कहा कि मगध प्रमण्डल के जिलों में गरमा मौसम में तिल की खेती का प्रत्यक्षण किया जा रहा है, जिससे तिल उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। आने वाले समय में गया जिला के तिलकुट निर्माण के लिए तिल राज्य में ही पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो सकेगा।

प्रचंड एवं निर्णायक बहुमत से बनेगी इंडिया सरकार : राठौड़

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सातवें चरण के मतदान से पूर्व बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने दावा किया है कि इंडिया गठबंधन की सरकार स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बना चुकी है। उन्होंने कहा कि जनता का मूड यह बताने को काफी है कि इस बार दो तिहाई बहुमत से इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और अब बस औपचारिक घोषणा बाकी रह गई है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि देश के विकास और जनता के मुद्दों पर संघर्षरत हमारे नेता राहुल गांधी के चलाएं आंदोलनों की ही देन है कि आज जनता ने इंडिया गठबंधन के प्रति अपनी निष्ठा दिखा रही है। अंतिम चरण के मतदान के पूर्व उन्होंने दावा किया कि इंडिया गठबंधन की सरकार छठे चरण में ही स्पष्ट बहुमत पा चुकी है और अब केवल बहुमत के आंकड़े को बढ़ाने की जनता कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि देश के मुख्य मुद्दे गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई पर लगातार इंडिया गठबंधन के नेताओं ने मुद्दा बनाकर चुनाव लडा जिसका परिणाम रहा कि जनता ने उनका साथ दिया है।

राजधानी के 1547 चकाचक मतदान केंद्र तैयार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोकतंत्र के महापर्व के लिए शहर के चकाचक मतदान केंद्र तैयार हो चुके हैं। कुल 1547 मतदान केंद्र की विशेष सफाई एवं सजावट के साथ निशुल्क पेयजल निगम नीर की भी व्यवस्था की गई है। यह पहली बार है कि पटना नगर निगम द्वारा मतदान को जीरो वेस्ट इलेक्शन के रूप में मनाया जा रहा है। एन कॉलेज में वेस्ट से तैयार किया गया सेल्फी पॉइंट : एन कॉलेज परिसर को चकाचक मतदान केंद्र के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। सेल्फी कॉर्नर : ए एन कॉलेज में जीरो वेस्ट इलेक्शन का सेल्फी पॉइंट भी : वेस्ट मेटेरियल से बना हुआ लगाया गया है। जीरो वेस्ट के लिए प्रोसेसिंग प्लांट- जीरो वेस्ट इलेक्शन के लिए एन कॉलेज कचरा प्रोसेसिंग यूनिट लगाया भी लगाया गया है जिससे यहां से उत्पन्न होने वाले कचरे की प्रोसिंग की जाये। पिंक टॉयलेट-स्वच्छागिनी की महिलाओ द्वारा संचालित पिंक टॉयलेट की व्यवस्था भी केंद्र पर की गईं है। निगम नीर- पटना नगर निगम द्वारा निगम नीर की व्यवस्था भी केंद्र पर की गईं है। पटना नगर निगम द्वारा जीरो वेस्ट इलेक्शन पहली बार आयोजित किया जा रहा है। गौरतलब है कि चुनाव में लाखों लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए घर से बाहर निकलते है। निगम की इस पहल से न सिर्फ चुनाव के दिन शहर की सुंदरता बढ़ेगी बल्कि लोग कचरा अलग-अलग संग्रह की आदत डालें। मतदान केंद्रों के आसपास स्वच्छ वातावरण कायम रहेगा। लोकसभा चुनाव को पटना नगर निगम द्वारा महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में निगम क्षेत्र के 75 वार्डों में पड़ने वाले 659 भवनों में 1547 मतदान केंद्र को बनाए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर सूखे और गीले कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन लगाए गए। मतदान केंद्रों के आसपास विशेष साफ सफाई एवं सेल्फी पॉइंट का निर्माण किया गया है।

चुनाव

2019 के चुनाव में राजग ने सभी आठ सीटों पर लहराया था विजयी पताका

सातवां चरण : राजग के सामने सभी आठ सीटों पर जीत बरकरार रखने की चुनौती

पांच सीट पर राजग ने उतारे वर्तमान सांसद, तीन सांसद बेटिकट

रामाधार प्रसाद

पटना। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में बिहार की आठ सीटों पर पटना साहिब, पाटलिपुत्र, नालंदा, आरा, जहानाबाद, बक्सर, काराकाट और सासाराम (सु) में 1 जून को मतदा होना है। 2019 के चुनाव में राजग ने सभी आठ सीट पर विजयी पताका लहराया था। राजग के सामने सभी आठ सीटों पर जीत बरकरार रखने की चुनौती है। इसके लिए एनडीए के तमाम दिग्गज नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। विपक्षी गठबंधन इंडिया की ओर से भी ताबड़तोड़ चुनावी सभाएं की जा रही है। राजग ने आठ में से पांच सीट पटना साहिब, पाटलिपुत्र, नालंदा, आरा और जहानाबाद में अपने वर्तमान सांसदों को सियासी रणभूमि में उतारा है जबकि तीन सीट बक्सर, काराकाट और सासाराम (सु) के सांसद को बेटिकट कर दिया है। बिहार लोकसभा चुनाव में सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान 01 जून को पटना साहिब, पाटलिपुत्र, नालंदा, आरा, जहानाबाद, बक्सर, काराकाट और सासाराम (सु) में होना है। इनमें से तीन सीट बक्सर, काराकाट और सासाराम (सु) के सांसद को राजग ने बेटिकट कर दिया है जबकि अन्य पांच सीट पर राजग के वर्तमान सांसद चुनावी मैदान में डटे हैं। 2019 के चुनाव में राजग ने सभी आठ सीट पर विजयी पताका लहराया था। पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम (सु) में भाजपा ने कब्जा जमाया था जबकि राजग के घटक जनता दल यूनाईटेड (जदयू) ने नालंदा, काराकाट और जहानाबाद में बाजी अपने नाम की। सातवें चरण का लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इनमें पटना साहिब, पाटलिपुत्र, बक्सर, आरा और सासाराम लोकसभा सीट शामिल हैं। इन सीटों पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा के सामने जहां आरा, पाटलिपुत्र,

बक्सर, सासाराम (सु) में जीत की हैट्रिक लगाने की चुनौती है तो वहीं पटना साहिब में चुनावी चौका लगाने की चुनौती है। भाजपा को सासाराम (सु) और बक्सर लोकसभा सीट पर जीत बरकरार रखने की जद्दोजहद से गुजरना पड़ रहा है। बक्सर और सासाराम से उम्मीदवार बदल कर भाजपा ने अपने लिए एक नई चुनौती ली है। सातवें चरण की इन्हीं सीटों पर जोर लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में सभा की है।

सातवें चरण का चुनाव भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) के लिये भी बेहद महत्वपूर्ण हैं। भाकपा माले को इस चुनाव में इंडिया गठबंधन में सीटों के तालमेल के तहत नालंदा, आरा और काराकाट मिली है और सभी सीटों पर इसी चरण में चुनाव होना है।

पटना साहिब :

बिहार की हाईप्रोफाइल सीट में शामिल पटना साहिब संसदीय सीट से पूर्व केन्द्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद दूसरी बार जीत का परचम लहराने के लिये ललायित हैं वहीं इंडिया गठबंधन के घटक कांग्रेस ने यहां अंशुल अभिजीत को प्रत्याशी बनाया है, जो पहली बार लोकसभा के रण में उतरे हैं। श्री अंशुल कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। श्री अभिजीत को राजनीति विरासत में मिली है। वह पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम के नाती और पूर्व सांसद एवं लोकसभा की प्रथम महिला अध्यक्ष मीरा कुमार के पुत्र हैं। श्री अभिजीत की दादी सुमित्रा देवी छह बार विधायक रही हैं।

पाटलिपुत्र :

पाटलिपुत्र संसदीय सीट से पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी श्री राम कृपाल यादव यहां चुनावी हैट्रिक लगाने की फिराक में हैं, वहीं इंडिया गठबंधन के घटक राष्ट्रीय जनता दल ने राज्यसभा सांसद मीसा भारती को उम्मीदवार बनाया है। राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की पुत्री मीसा भारती तीसरी बार यहां अपनी किस्मत आजमां रही हैं। इससे पूर्व वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में मीसा भारती को भाजपा के राम कृपाल यादव ने पराजित किया था। तीसरी बार भी पाटलिपुत्र संसदीय सीट पर भाजपा के रामकृपाल यादव और राजद की मीसा भारती की चुनावी जंग होगी।

नालंदा :

नालंदा संसदीय सीट से जदयू प्रत्याशी कौशलेन्द्र कुमार यहां चुनावी चौका लगाने की फिराक में है। वहीं इंडिया गठबंधन के घटक वामदल की ओर से भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) के पालीगंज के विधायक संदीप सौरभ चुनावी समर में उतरे है। वह पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

आरा :

आरा संसदीय सीट से केन्द्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी राजकुमार सिंह चुनावी हैट्रिक लगाने की कोशिश में लगे हैं, वहीं इंडिया गठबंधन के घटक भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) ने यहां सुदामा प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है। सुदामा प्रसाद अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। वह भोजपुर जिले के तरारी विधानसभा से भाकपा माले के विधायक हैं।

जहानाबाद :

जहानाबाद सीट पर जदयू प्रत्याशी चंद्रेश्वर प्रसाद दूसरी बार यहां अपना सिक्का चलाने को बेकरार हैं, वहीं राजद ने यहां अपने दिग्गज नेता पूर्व सांसद सुरेन्द्र प्रसाद यादव को चुनावी रणभूमि में उतारा है। 2019 में भी जदयू और राजद के प्रत्याशी आमने-सामने थे। इन सबके बीच पूर्व सांसद अरूण कुमार भी चुनावी अखाड़े में उतर आये है। अरूण कुमार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनावी रणभूमि में उतरे हैं। राजद के पूर्व विधायक मुन्नी लाल यादव निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी जंग में कूद गये हैं और यहां मुकाबले को चतुष्कोणीय बनाने के लिये कड़ी मशक्कत कर रहे हैं।

बक्सर :

भाजपा ने बक्सर से केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे को बेटिकट कर उनकी जगह बैकुंठपुर से पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी को अपना प्रत्याशी बनाया है। श्री तिवारी पहली बार लोकसभा के रण में उतरे हैं। वहीं राजद के टिकट पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र और रामगढ़ के विधायक सुधाकर सिंह चुनावी समर में उतरे हैं, वहीं भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी आनंद मिश्रा, पूर्व विधायक ददन यादव और बहुजन समाज पार्टी के अनिल कुमार के चुनावी जंग में उतरने से बक्सर की चुनावी जंग बहुकोणीय हो गयी है।

सासाराम :

भाजपा ने सासाराम (सु) सीट से अपने निवर्तमान सांसद छेदी पासवान को बेटिकट कर उनकी जगह पूर्व केन्द्रीय मंत्री मुनि लाल के पुत्र और अगियांव के पूर्व विधायक शिवेश राम पर दाव लगाया है, जो पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं इस बार के चुनाव में कांग्रेस ने सासाराम (सु) सीट पर मनोज कुमार पर दाव लगाया है। इससे पूर्व मनोज कुमार ने वर्ष 2019 में सासाराम (सु) सीट से ही बसपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था, जहां उन्हें शिकस्त मिली थी।

काराकाट :

काराकाट सीट से जदयू ने अपने वर्तमान सांसद महाबली सिंह को बेटिकट कर दिया है। राजग में सीटों में तालमेल के तहत काराकाट सीट राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुश्वाहा को मिली है। श्री कुश्वाहा इससे पूर्व वर्ष 2014 में काराकाट के सांसद बने थे। वर्ष 2019 में उन्हें जदयू के महाबली सिह ने पराजित कर दिया था। भाकपा माले ने यहां राजाराम सिंह को प्रत्याशी बनाया है। राजाराम सिंह अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय महासचिव हैं। वह ओबरा से दो बार विधायक भी रह चुके हैं। इन सबके बीच भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार कहे जाने वाले पवन सिंह ने काराकाट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार उतरकर मुकाबले को रोचक बना दिया है।

संक्षिप्त खबरें

सीएम कॉलेज में शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ अखिलेश व सचिव डॉ अभिमन्यु बने

दरभंगा। सीएम कॉलेज दरभंगा में शिक्षक संघ का चुनाव हुआ, जिसमें डॉ अखिलेश कुमार विभु उपाध्यक्ष, डॉ अभिमन्यु कुमार को सचिव, डॉ दिव्या शर्मा को संयुक्त सचिव और अखिलेश कुमार राठौर को कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध रूप से चुना गया। यह पूरी प्रक्रिया हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ रूपेंद्र कुमार झा के पर्यवेक्षण में हुई। शिक्षक संघ की बैठक की अध्यक्षता संघ के संयुक्त सचिव डॉ संजीत कुमार झा ने की। उन्होंने अपने 2 वर्ष के कार्यकाल के दौरान हुई प्रमुख घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार विभु में सभी शिक्षकों से साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। डॉ शांभवी ने अपने पूर्व के अनुभवों के आधार पर भविष्य के लिए रणनीति बनाने की बात कही। सचिव डॉ अभिमन्यु कुमार ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षकों को अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षकों की कई मूलभूत समस्याओं पर भी प्रकाश डाला।डॉ दिव्या शर्मा ने महाविद्यालय परिसर में मूलभूत सुविधाओं पर निश्चितता पर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कोषाध्यक्ष अखिलेश कुमार राठौर, डॉ ललित शर्मा, डॉ अबसार आलम, डॉ रूपेंद्र कुमार झा, डॉ रीता दुबे, डॉ अब्दुल हई, डॉ यादवेन्द्र सिंह, डॉ आलोक कुमार रॉय आदि समेत महाविद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

विदाई समारोह में बीईओ सहित 32 शिक्षकों को किया सम्मानित

मनीगाछी(दरभंगा)। प्रखंड क्षेत्र के बलौर स्थित चिह्नित मध्य विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह में सेवा निवृत्त बी ई ओ शंभू प्रसाद सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मध्य, प्राथमिक एवं संस्कृत विद्यालय तथा मदरसा के सेवानिवृत्त शिक्षकों को पाग चादर से सम्मानित किया गया। मध्य विद्यालय नेहरा (बालक)के प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र प्रसाद देव की अध्यक्षता में आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक नवीन ठाकुर,बिरौल एवं बहेड़ी के एक साथ बी ई ओ कृष्ण कुमार,पी एच सी के डॉ रेजा आलम, मिथिला उच्च विद्यालय बलौर की प्रधानाध्यापिका सुनयना कुमारी, सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में सामान्य विद्यालयों के 19 एवं संस्कृत विद्यालय के 9 तथा मदरसा के 2 शिक्षक शामिल थे। कार्यक्रम में सेवा निवृत्त शिक्षकों को पाग, चादर, डायरी एवं कलम से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार साफी एवं मो फिरोज अहमद ने किया।

पेड़ से गिरने से एक व्यक्ति की हुई मौत

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मथुरापुर पंचायत के टांडा गांव में गुरुवार की शाम लीची के पेड़ पर गिरने से 40 वर्षीय एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजन ने जब तक उसे इलाज के लिए ले जाता है तब तक उसकी मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान टांडा गांव निवासी 40 वर्षीय रामवृक्ष राम के रूप में हुई है। इसकी पुष्टि स्थानीय मुखिया राधा देवी ने किया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी को घटना की जानकारी देने की बात कही गई है। स्थानीय पुलिस इस मामले मे अनभिज्ञता जारी किया है।

सड़क दुर्घटना के बाद उपद्रवियों की भीड़ ने जमकर मचाया बवाल, चालक को मारपीट कर किया अधमरा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

नगर थाना क्षेत्र के बूढ़ी गंडक बायपास रोड में बुद्धा गैस एजेंसी के पास शुक्रवार की दोपहर एक मिल्क टैंकर की चपेट में आने से साइकिल सवार एक किशोर की मौत हो गई। इससे आक्रोशित स्थानीय लोगों ने जमकर बवाल मचाया। टैंकर के चालक को पकड़ कर आक्रोशित लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और टैंकर में तोड़फोड़ करते हुए से क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं इस दौरान आक्रोशित लोगों ने आम लोगों के साथ भी मारपीट की और उनके वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस के ऊपर पत्थरबाजी भी की और पुलिस के दो वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। आक्रोशित लोगों भीड़ के द्वारा की गई पत्थरबाजी में आम लोगों के साथ-साथ कई पुलिसकर्मियों के भी चोटिल होने की खबर है। लगभग एक से डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत व लोगों को समझाने-बुझाने के बाद पुलिस ने शव जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के वार्ड 17 के जितवारपुर डीह निवासी सुनील महतो के पुत्र

धर्मवीर उर्फ गोलू (12 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक धर्मवीर उर्फ गोलू के पिता बूढ़ी गंडक बायपास रोड स्थित मोक्षधाम में लकड़ी काटने का काम करते हैं। धर्मवीर उर्फ गोलू घर से अपने पिता को पानी देने के लिए मोक्षधाम गया था। किसी काम को लेकर वह अनुरूप टॉकीज की तरफ से बायपास बांध रोड होकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार मिल्क टैंकर की वह चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय कुछ उपद्रवी किस्म के लोगों के द्वारा जमकर बवाल मचाया गया। उपद्रवी लोगों की भीड़ ने मिल्क टैंकर के चालक को पकड़ कर बुरी तरह से मारपीट कर उसे अधमरा कर दिया। सूचना पर दलबल के साथ पहुंचे नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार के द्वारा किसी तरह चालक को भीड़ के कब्जे से छुड़ाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भेजा गया। जहां से उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे डीएमसीएच रेफर कर दिया। उपद्रवियों की भीड़ ने उधर से गुजर रहे आम लोगों के साथ मारपीट करते हुए उनके वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने पुलिस के वाहनों को भी निशाना बनाया और पुलिस की दो बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। उन लोगों ने पुलिस के ऊपर पत्थरबाजी भी की जिससे आम लोगों के साथ-साथ कई पुलिसकर्मी भी आंशिक रूप से चोटिल हो गए। इसके बाद पहुंची मुफस्सिल पुलिस व अन्य पुलिस जवानों की मदद से उपद्रवियों के भीड़ को खदेड़ दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सभी उपद्रवी स्थानीय थे और बवाल मचाने के बाद सभी फरार हो गए। पुलिस, उपद्रवियों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर उनकी पहचान में जुट गई है। वहीं इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि घायल टैंकर चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भेजा गया था। जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर किया गया है।

अगले 48घंटे के अंदर उत्तर बिहार के कुछ जिलों में बारिश की सम्भावना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के बेगुसराय ,दरभंगा ,मधुबनी एवं समस्तीपुर जिले के दक्षिणी भाग में अगले 48घंटे के अंदर बारिश होने की सम्भावना है। उत्तर बिहार के शेष जिलों में आसमान में हल्के बादल छाए रहने और मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 1से 5जून तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में यह जानकारी दी है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 38से 40डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 24से 27डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। इस अवधि में 18से 25किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पुरवा हवा चलेगी। मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 37.2 एवं 26.0 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्दता 89 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 67 प्रतिशत, हवा की औसत गति 15.1 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 6.0 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 7.4 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 30.6 एवं दोपहर में 380 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में 32.4 मि०मी० वर्षा रिकार्ड हुई। किसानों को सलाह दी गई है कि वे धान का विचड़ा बीजस्थली में लगाने का काम शुरू करें। 10 जून तक लम्बी अवधि वाले धान का विचढ़ा गिराने का उपयुक्त समय है। 10 से 25 जून तक मध्यम अवधि वाले चान का विचढ़ा बोने के लिए अनुकूल समय है। जो किसान धान की सीधी बुआई करना चाहते है, वे लम्बी अवधि वाले धान की किस्म की बुआई अगले सप्ताह में कर सकते हैं. इसके लिए उनके पास सिंचाई की उचित व्यवस्था हो।अल्प अवधि वाले धान की किस्म एवं सुगंधित धान का किस्म का विषड़ा बीजस्थली में 20 जून से 10 जुलाई तक बोने के लिए अनुशासित है। सुगंधित किस्मों का विचडा बीजस्थली में पहले से गिराने से उसकी सुगंध खत्म हो जाती है

चुनौतियों से निपटने को तैयार है दूरस्थ शिक्षा निदेशालय : प्रो हरे कृष्णा

शिक्षिका के सम्मान में विदाई सह- सम्मान समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।दूरस्थ शिक्षा निदेशालय एक परिवार की भांति संचालित हो रहा है। इसके अस्तित्व को लेकर चुनौतियां भी कम नहीं है। लेकिन हमारे शिक्षक, कर्मचारी और विश्वविद्यालय के पदाधिकारी इससे निपटने को तैयार है। शुक्रवार को निदेशालय के शिक्षा विभाग की शिक्षिका डॉ. किरण कुमारी की सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई सह -सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए निदेशक प्रो. हरे कृष्ण सिंह ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि निदेशालय के अस्तित्व को लेकर भांति -भांति की चर्चा के बीच संतोष की बात यह है कि डॉ. किरण ने अपना सेवाकाल पूरा किया। शिक्षक, छात्र और कर्मचारियों के मन में उनकी सेवानिवृति को लेकर संतोष पूर्ण भावना है। हम सभी उनके दीघार्यु होने और स्वस्थ्य जीवन की कामना करते हैं। निदेशालय के वरीय शिक्षक सह-विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी ने बतौर विशिष्ट अतिथि कहा कि यह निदेशालय के लिए सुखद स्थिति है कि किसी कर्मी ने सकुशल अपनी सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्ति ग्रहण की है। उन्होंने निदेशालय के कर्मियों को आपसी एकता और सहयोग के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का संकल्प लेने को कहा। डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र ने सेवानिवृत्त शिक्षिका के सम्बन्ध में कहा कि वर्ष 2009 से लेकर 2024 तक के सफर में उनका व्यक्तित्व बेहद सौम्य , सादगी भरा और प्रभावशाली रहा। निदेशालय के प्रत्येक कर्मचारी के प्रति इनका निजी लगाव अभिभावक रुप में रहा। वे हमारे बीच हमेशा रहेंगी। निदेशालय के उपनिदेशक डॉ. शंभू प्रसाद ने कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त सेवान्त लाभ के भुगतान की पुरजोर वकालत की। समारोह में डॉ. शगुफ्ता जबीं, सीमा झा,धीरा कुमारी, रंजन झा संतोष झा, प्रमोद कुमार , जयशंकर चौधरी , मुकुन्द कुमार ,संजय कुमार ,अवनीश चौधरी , रामसागर यादव आदि कर्मी उपस्थित थे।

तेज हवा व बारिश से गर्मी से मिली राहत, 32.4 एमएम रिकॉर्ड हुई बारिश

- पांच जून तक बारिश की बनी हुई है संभावना, तीन जून को बारिश की अधिक संभावना

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले में तेज हवा के साथ जमकर हुई बारिश के बाद लोगों को भीषण गर्मी व उमस से राहत मिली है। बीते गुरुवार की रात से शुक्रवार के सुबह तक हुई तेज बारिश के कारण तापमान में भी कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार जिले में 32.4 एमएम बारिश रिकॉर्ड हुई है। मौसम विभाग के अनुसार जिले में एक-दो जून को हल्की बारिश व तीन जून को मध्यम से भारी बारिश व उसके बाद चार व पांच जून को भी हल्की बारिश की संभावना है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा शुक्रवार को एक-पांच जून तक का मौसम पूवार्नुमान जारी किया गया। जारी मौसम पूवार्नुमान के अनुसार इस अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाये रह सकते हैं। उत्तर बिहार के ज्यादातर स्थानों पर मौसम शुष्क बने रहने की सम्भावना है। हालांकि समस्तीपुर के दक्षिणी भाग, बेगूसराय, दरभंगा, मधुबनी जिलों में कहीं-कहीं अगले 48 घंटों में हल्की वर्षा हो सकती है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 38-40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

जबकि न्यूनतम तापमान 24-27 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 75 से 80 प्रतिशत तथा दोपहर में 50 से 60 प्रतिशत रहने की संभावना है। पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 18 से 25 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पुरवा हवा चलने का अनुमान है। वहीं शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस की कम रहा और यह 33 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान भी सामान्य से कम रहा और यह 1.9 डिग्री सेल्सियस कम रहते हुए 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अतिक्रमित सड़क की भूमि का सीमांकन कर किया जायेगा खाली

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर (दरभंगा) । पथ निर्माण विभाग की बहेड़ा सकरी मुख्य मार्ग की चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य में धरौड़ा से नेहरा लुलबा चौक तक सड़क की भूमि अतिक्रमण होने से सड़क बनाने का कार्य बाधित होने की खबर दैनिक प्रातः किरण समाचार पत्र में 25 मई प्रमुखता से छपने पर आरसीडी विभाग ने संज्ञान लिया । तथा पथ प्रमंडल बेनीपुर के ईई मनोज कुमार आनन-फानन में बेनीपुर एवं मनीगाछी के सीओ को 24 मई को पत्र भेजकर कहा कि सकरी- बहेड़ा पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूती करण कार्य में ग्रामीणों द्वारा बाधा उत्पन्न किया जा रहा है, जिससे कार्य की प्रगति बाधित हो रही है। पथ की भूमि का सीमांकन कराकर अतिक्रमण मुक्त करना बहुत जरूरी है, जिससे सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा तक पूरा किया जा सके। बहेड़ा-सकरी मार्ग से नियमित चलने वाले कई राहगीरों ने बताया कि कथूडीह एवं नेहरा लुल्हवा चौक के पास सड़क की अच्छी खासी जमीन वर्षों से अतिक्रमित है, जिसके फल स्वरुप प्रतिदिन वहां सड़क जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। हाबीभौआड़ एवं हरिपुर में भी कई जगहों पर अतिक्रमण है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक सड़क निर्माण में बाधक बना बिजली पोल हटाने का कार्य राय राज कंस्ट्रक्शन पटना की जिम्मेदारी है। बिजली विभाग की देखरेख में पोल हटाया जाएगा। नेहरा से धरौड़ा तक पुलिया का निर्माण होना है, जिसमें फिलहाल धरौड़ा, हाबीभौआड़ और हरिपुर में चार पुलिया निमार्णाधीन है। विभागीय नियम के विरुद्ध तीन निमार्णाधीन पुलिया के डायवर्सन के निकट चेतावनी का बोर्ड सिर्फ हरिपुर में एक पुलिया के पास बोर्ड पर पन्नी पर लिखकर खानापूरी की गई है। बेनीपुर सीओ अश्वनी कुमार ने बताया कि पथ निर्माण विभाग से पत्र मिला है। क्षेत्राधिकार में पड़ने वाले सड़क की भूमि का सीमांकन 6 मई से शुरू किया जाएगा। सीमांकन में पथ की भूमि अतिक्रमित करने वाले स्वयं खाली करेंगे। अन्यथा प्रशासन खुद खाली करने को बाधित हो जाएगी।

दबंगो द्वारा महादलित छोटकन सदाय की बीती रात गला दबाकर हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के सुक्की पंचायत के वार्ड सात गांव नासी टोल सुक्की निवासी छोटकन सदाय उम्र - 45 वर्ष को बीती रात। सुक्की गांव वार्ड आठ निवासी रामदेव यादव एव उनके साथी सचिन यादव दोनों मिलकर गला एव मुँह दबाकर हत्या करके घर के बगल में सीमेंट पिलर की सरिया में गमछा की फंदा लगाकर फॉसी पर लटका दिया गया. इस हत्या को लेकर मृतक के पुत्र जीवछ सदाय के फर्द व्यान पर सुक्की गांव निवासी रामदेव यादव एव उनके साथी सचिन यादव पर हत्या की आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज किया गया. मृतक के पुत्र जीवछ सदाय ने फर्द व्यान दर्ज कराया कि मेरे पिता छोटकन सदाय को बीती रात रामदेव यादव एव उनके साथी सचिन यादव ने गला एव मुँह दबाकर हत्या करके फॉसी पर लटका दिया गया.वही हत्या की घटना सूचना पर ग्रामीणों द्वारा खजौली थानाध्यक्ष को दूरभाष पर सूचना दी गयी. थानाध्यक्ष को सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने त्वरित करवाई करते हुए एसआई राम कुमार एव पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर लाश को कब्जे में लेकर पंचायत के मुखिया अशोक कुमार सिंह ,सरपंच अरुण कुमार एव पंचायत समिति प्रतिनिधि अमरेश कुमार सिंह के समक्ष पंचनामा तैयार कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए सदर हास्पिटल मधुबनी भेज दिया गया. वही महादलित के दर्जनों महिला , पुरुष ने छुपे हत्यारा को खोजबीन करके पर गांव के ही एक घर मे छिपे हुए पाया गया.महादलित महिला,पुरुष ने घर मे धुसकर हत्यारा सुक्की गांव निवासी रामदेव यादव को बाहर खिंचकर जमकर धुलाई कर पुलिस को हवाले कर दिया गया.थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि हत्या के आरोपित रामदेव यादव को गिरप्तार कर लिया है और अन्य एक आरोपित को गिरप्तारी के लिए सधन छापेमारी जारी कर दी है. . इस घटना स्थल पर उग्र महादलित के दर्जनों महिला,पुरुष को देखकर थानाध्यक्ष श्रीसिंह ने सदर डीएसपी - 2 मनोज कुमार राम, ,पुलिस इंस्पेक्टर अभय कुमार, कलुआही थानाध्यक्ष मृत्यंजय कुमार,राजनगर थानाध्यक्ष सचिन कुमार , खजौली थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह सहित दर्जनों पुलिस बल घटना स्थल पर कैम्प कर रही ह।

अहिल्याबाई होलकर के जीवन से हम सबों प्रेरणा लेना चाहिए : अभाविप

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दरभंगा इकाई द्वारा संस्कृति और धरोहर की संरक्षक, वंचितों और वनवासियों की उद्धारक, नारी सशक्तिकरण की पक्षधर और सुशासन की प्रतिमूर्ति मालवा की शासक महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती पर ललित नारायन मिथिला विश्विद्यालय प्रांगण के रसायन शास्त्र विभाग के सभाकक्ष में संगोष्ठी कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की विधिवत शुरूवात दीप प्रज्जवलन के साथ, महारानी अहिल्याबाई होलकर, स्वामी विवेकानंद एवम मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पुजा कश्यप ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ मंजू रॉय ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर न्याय के प्रति बहुत सजग रहती थीं। उन्होंने अपने राज्य में नियमबद्ध न्यायालय बनवाये। गावों में पंचायत को न्यायदान के व्यापक अधिकार दिये थे। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ गुंजन शुक्ला जी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने विधवाओं को पुत्र गोद लेने का हकदार बनाया। इससे पहले विधवाओं के पति की संपत्तियां राजकोष में जमा करा ली जाती थीं और पुत्र गोद लेने का विधान नहीं था। अभाविप की जिला प्रमुख प्रो बिन्दु चौहान ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने भारत के भिन्न-भिन्न भागों में अनेक मन्दिरों, धर्मशालाओं और अन्नसत्रों का निर्माण कराया था, आज नारी सशक्तिकरण को आगे बढ़ाते हुए 17 वर्षो से लगातार सर्जना निखार शिविर जैसे निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन करती आ रही है जो समाज में एक मिसाल है। प्रो प्रेम मोहन मिश्र ने कहा कि खोयी प्रतिष्ठा पुनः स्थापित करने के लिए रानी अहिल्याबाई होल्कर ने गोहाड के किले को जीता, उनकी धार्मिकता के साथ लोगों ने उनकी वीरता भी देखी। इस अवसर पर संगीत कि विभागाध्यक्ष प्रो लावण्य कृति,राज्यसभा सांसद डॉ धर्मशीला गुप्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दरभंगा विभाग प्रचारक रविशंकर, प्रांत प्रचार प्रमुख अविनाश कुमार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से, विभाग प्रचारक रविशंकर, डॉ. रंगनाथ ठाकुर,पूजा कश्यप राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य,प्रदेश सह मंत्री उत्सव पराशर, राजेश कुमार झा, मनोज कुमार, हरिओम झा ,कुणाल गुप्ता,अमित शुक्ला, नवनीत चौधरी, विकाश झा, सुमेधा श्रीवास्तव, विभाग संयोजक राहुल सिंह,शशिभूषण यादव, सत्यम झा ,मनोहर मिश्रा,सोनू राम शंकर, संजय सुमन,रूद्र नारायण मंडल प्रांत सह सेवा प्रमुख,जयराम जी संघ कार्यल्या प्रमुख, संजीव जिला प्रचार प्रमुख, त्रिलोक झा ,सूर्यकांत मंगल ,आदर्श आनंद ,गोपाल कुमार, मुनींद्र,बालकृष्ण सहित छात्रा एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

जनता का विश्वास जीतने के लिए दोस्ताना संबंध बनाए पुलिस : एसपी ग्रामीण

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। पुलिस पब्लिक के बीच दोस्ताना व्यवहार बनाए रखने के लिए पुलिस जनता का विश्वास जीतने के लिए अथक प्रयास करें। जनता से दोस्ताना संबंध रखने पर क्षेत्र में छोटी से बड़ी घटना की जानकारी शीघ्र मिलेगी और पुलिस मौकाए वारदात पर पहुंचकर कर कार्रवाई कर सकेगी। बहेड़ा थाना पर गुरुवार को पुलिस अनुमंडल क्षेत्र की सभी थाना के एसएचओ के साथ समीक्षा बैठक के दौरान आरक्षी अधीक्षक (ग्रामीण) काम्या मिश्रा ने ये बातें कहीं। मनीगाछी, सकतपुर, नेहरा, बाजितपुर, बहेड़ा, अलीनगर, बहेड़ी थाना के विभिन्न लंबित कांडों की 4 घंटों तक गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी एसएचओ को अपने-अपने थाना के लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन करने को कहा। उन्हों ने यह भी कहा कि वेसरा (मृत मानव अंग के पार्ट) को सुरक्षित नहीं रखकर जांच के लिए शीघ्र भेंजे। अपराधियों को नकेल कसने के लिए पैनी निगाह रखें और रात्रि गश्ती में भ्रमणशील रहे। वाहन चेकिंग अभियान चलाने तथा थाना में लंबित जब्ती-कुर्की एवं गिरफ्तारी वारंट को निष्पादन करने में गति लाने का आदेश दिया। एसपी ने कहा कि शराब कारोबारियों पर छापामारी अभियान चलाकर गिरफ्तार करने तथा 4 जून को लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने से पहले सभी एसएचओ को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील बने रहें। बैठक में एसडीपीओ आशुतोष कुमार, बहेड़ा पुलिस निरीक्षक राजकुमार मंडल, एसएचओ मृत्युंजय कुमार, मनीष कुमार, राज कुमार राय, मनीष कुमार, चंद्रकांत गोड़ी, विनय कुमार मिश्रा, वरुण कुमार गोस्वामी उपस्थित थे।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रेलवे स्टेशन पर तंबाकू निषेध चित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मेडिकल विंग द्वारा समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर तंबाकू निषेध चित्र प्रदर्शनी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन द्वारा एडीआरएम आलोक झा ने किया। अपनी शुभकामनाएं देते हुए एडीआरएम ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज परिवार का मैं आभारी हूं जो अपना इतना समय निकाल कर मानवता की सेवा में इतना अच्छा प्रयास कर रहे हैं। मैं बहुत प्रभावित हुआ इस कार्यक्रम में आकर। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीके तरुण ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि तंबाकू इस सदी का सबसे बड़ा राक्षस है, जिसकी चपेट में आकर प्रतिवर्ष विश्वभर में 80 लाख लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। जो कोरोना के द्वारा अब तक हुई कुल मौतों से बहुत ज्यादा है। हर 6 सेकंड में एक मौत का कारण तंबाकू है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष का विषय चुना हैः तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की रक्षा करना। विश्व भर में 10 लाख से अधिक बच्चे तंबाकू की खेती में शामिल हैं। 10 सिगरेट का सेवन करने वालों में से 9 लोगों ने 18 वर्ष से कम की आयु में इसका सेवन करना शुरू किया। पूरे विश्व में 40 लाख बच्चे जिनकी उम्र 13 से 15 साल के बीच है, किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। इसके सेवन से 25 प्रकार के कैंसर होते हैं। 90% मुख के कैंसर का कारण तंबाकू का सेवन है। ब्रह्माकुमारीज संस्थान के सभी सदस्य किसी भी प्रकार के नशे के सेवन से पूर्णतया मुक्त हैं। नशे का सेवन करने वाले 1035 लोगों से यहां दी जाने वाली राजयोग की शिक्षा का प्रयोग कराया गया। जिसमें से 97% लोगों ने नियमित राजयोग का अभ्यास किया और इस लत से पूर्ण रूप से छुटकारा पाया। ब्रह्माकुमारी सविता बहन ने राजयोग मेडिटेशन पर प्रकाश डालते हुए कहा- यह एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा व्यसन तो क्या हम किसी भी बुराई पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने इसका अभ्यास भी कराया और बताया ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के लाखों भाई-बहनें राजयोग के नियमित अभ्यास द्वारा सभी प्रकार के व्यसनों-बुराइयों से मुक्त एवं आदर्श जीवन जी रहे हैं और अनेक लोगों के प्रेरणा के स्रोत हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कृष्ण भाई ने कहा समस्तीपुर रेल मंडल के सहयोग से हर वर्ष हमें यह सेवा करने का शुभ अवसर प्राप्त होता है।

लीची के पैकेजिंग टेक्नोलॉजी पर वैज्ञानिकों को अनुसंधान करने की आवश्यकता : डॉ पीएस पाण्डेय

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। डा राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविधालय स्थित विद्यापति सभागार में गुरुवार को लीची डायवर्सिटी महोत्सव मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए कुलपति डा पीएस पांडेय ने कहा कि लीची के पैकेजिंग टेक्नोलोजी पर आधारित वैज्ञानिकों को अनुसंधान करने की जरूरत है। जिससे हरसंभव लीची के खेप को सुरक्षित एवं संरक्षित देश विदेश भेजा जा सके। आकर्षक एवं बेहतर पैकेजिंग के आधार पर ही लीची उत्पादकों को अपने उत्पाद के बदले मुनासिब आय प्राप्त होगी। पूर्णरूप से पके हुए लीची तथा आंतरिक रूप से तैयार फल को हार्वेस्टिंग करने पर ही उत्पादक लाभान्वित हो सकेंगे। फलों की रानी के नाम से सुविख्यात लीची वास्तविक रूप से मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर सहित मिथिलांचल की शान के नाम से भी पहचान विकसित कर चुका है। उत्पादकों को प्रीमियम क्वालिटी के लीची उत्पादन करने की जरूरत है। केंद्र एवं राज्य सरकार को भी लीची उत्पादन के क्षेत्र में ससमय अमल करने की आवश्यकता है। बिहार के लीची का स्वाद चखने के इंतजार में देश विदेश के लोग टकटकी लगाए हुए रहते है। लीची उत्पादकों के बागों में होने वाली समस्याओं पर इस लीची महोत्सव में विस्तार से चर्चा की जानी है। इस दौरान विवि के अलावे राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों ने किसानों की समस्या पर चिंतन मंथन करेंगे। खासकर शाही लीची में गुणवत्तापूर्ण गुद्दा के अलावे गुठली के आकार भी छोटे करने की दिशा में अनुसंधान करने पर बल दिया जाना है। इस क्षेत्र में भी वैल्यू एडिशन कर किसानों को बेहतर लाभ दिलाया जा सकता है। लीची का प्रसंस्करण कर विभिन्न उत्पादों को बाजार में उतारने पर किसानों की आमदनी बढ़ाने में सार्थकता मिल सकता है। लीची के क्षेत्र में भी एफपीओ से जुड़कर आगे बढ़ने पर उत्पादकों को समस्या से निजात मिलेगी। शाही लीची को शहद के साथ जोड़ने की भी जरूरत है। लीची महोत्सव के दौरान बतौर मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व सहायक महानिदेशक डा एनके कृष्ण कुमार ने कहा कि लीची महोत्सव का आयोजन विश्वविद्यालय में डा पांडेय के कुलपति बनने के बाद से किया जा रहा है।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता व शपथ कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर न्यायालय परिसर दरभंगा में जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमाकांत ने कहा कि तंबाकू उत्पादों का उपभोग स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है, इसका सामाजिक स्तर पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष तंबाकू निषेध दिवस का थीम बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है।बच्चे देश दुन

संक्षिप्त खबरें

एक महिला के साथ मारपीट कर किया घायल

जमुई [झाझा] सिमुलतला थानाक्षेत्र के नागवे गांव में एक महिला के साथ कुछ लोगों के द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया। घायल महिला को परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा घायल महिला का इलाज किया गया। घायल महिला की पहचान रूबिया देवी के रूप में हुई है। घायल महिला ने बताया कि मै अपने घर पर थी कि तभी गोतिया के तीन से चार लोग आया और गाली गलौज करने लगा जिसका विरोध किया तो वे लोग मेरे उपर ईट चलाते हुए मारपीट किया जिसमें मेरा सिर फट गया और मै घायल हो गई।

दामाद ने ससुराल में अपने दादाससुर के साथ मारपीट कर किया घायल

जमुई [झाझा] ससुराल में पहुंचकर दामाद ने अपने पत्नी के साथ विवाद करते हुए बुर्जुग दंपति के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया। घटना थानाक्षेत्र के छापा पंचायत के कोड़वाडीह गांव का है। मारपीट में गंभीर रूप से घायल बुर्जग की पहचान भरत यादव के रूप में हुई जिसे लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसका इलाज डॉक्टर के द्वारा किया गया। घायल बुर्जुग ने बताया कि मेरी पोती की शादी सोनो थानाक्षेत्र के भीठरा गांव में अजय यादव के साथ हुई है। शुक्रवार को अजय आधा दर्जन से अधिक लोगों को लेकर अपनी पत्नी का अपने घर ले जाने के लिए कोड़वाडीह आया और उसके साथ जबरदस्ती करते हुए घर ले जाने की कोशिश किया जिसको लेकर मेरी पोती और अजय के बीच विवाद हो गया। जिसपर मै अजय को समझाने के लिए गया तो अजय ने मेरे साथ मारपीट करने लगा और जब मेरी पत्न ी मुझको बचाने के लिए आई तो उसके साथ अजय ने धक्का मुक्की किया। इस घटना में पीड़ित परिवार के द्वारा थाना में आवेदन नही दिया गया।

शिक्षिका के पति ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर प्रधानाध्यापक को जमकर की पिटाई

- स्कूल में हंगामे की वीडियो भी हो रही वायरल
- शिक्षा विभागीय अधकारी ने दिया दोषी पर कार्रवाई का भरोसा

प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में भले हीं शिक्षा विभाग अच्छे और बुरे कार्यों को लेकर इन दिनों लगातार सुर्खियों में है,वहीं ताजा मामला मधेपुरा शिक्षा विभाग से भी जुड़ा है,जहां मधेपुरा के एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका पति ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर स्कूल में जबरन घुसकर हेडमास्टर साहब की जमकर पिटाई कर दी । स्कूल परिसर में हंगामे की एक वीडियो भी काफी तेजी से वायरल हो रही है, हालांकि ये मामला भरार्ही थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय बुधमा गोठ का है । जहां मुरहो वार्ड संख्या 10 निवासी स्कूल के प्रधान शिक्षक अमित कुमार से जुड़ा है बताया जा रहा कि किसी बात को लेकर शिक्षिका पूनम कुमारी की पति ने प्रधान शिक्षक अमित कुमार की पिटाई कर जिससे अमित कुमार के सर में चोटे आई है। वहीं इस मामले को लेकर शिक्षा विभाग और भरार्ही थाना में आवेदन देकर न्पीड़ित प्रधान शिक्षक ने न्याय की गुहार लगाई है। हालांकि घटना बीते 30 मई की है इस मामले में आज ग्रामीणों ने बैठक कर आरोपी पर कार्रवाई की मांग भी शिक्षा विभाग से रखी है । बता दें कि इस घटना को लेकर पीड़ित प्रधान शिक्षक अमित कुमार ने बताया कि गुरुवार को दिन के लगभग 12 बजे स्कूल समय में भदोल निवासी राकेश कुमार और अपने अन्य सहयोगियों के साथ अचानक से काले बुलेट पर सवार होकर स्कूल कैंपस में घुस गये और उनके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। इनलोगों ने बिना किसी कारण के उनके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया और लात,घूंसा, रॉड से बुरी तरह मारपीट करने लगे। स्कूल में हो हंगामे की आवाज सुनकर आस पास के लोग भी वहाँ पहुँचे और उनकी जान बचाई। हमलावरों ने स्कूल कार्यालय में रखे उपस्थिति पंजी व अन्य जरूरी कागजात भी फाड़ दिया और धमकी देते हुए वहाँ से भाग निकले। उन्होंने बताया कि इस घटना का वीडियो भी उनके पास मौजूद है। हालांकि स्थानीय लोगों के मुताबिक आरोपी हमलावर इसी विद्यालय के शिक्षिका पूनम कुमारी के पति हैं। इधर घटना को लेकर भरार्ही थाना अध्यक्ष मनोज कुमार बच्चन ने बताया कि पीड़ित के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर रहीं है। वहीं शिक्षा विभाग के बीपीएम भवेश यादव ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते हीं जांच हेतु अपने बीआरसी से अधिकारी को स्थल निरीक्षण करने तथा मामले की सच्चाई जानने भेजा गया था मामला सही है इस दिशा कार्रवाई को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी पत्र भेजा गया है इस दिशा में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया जा चुका बहुत जल्द कार्रवाई की जाएगी। वहीं स्कूल में बैठक के बाद ग्रामीणों ने भी शिक्षा विभाग से कार्रवाई की मांग रखी है ताकि फिर ऐसी घटना दुबारा किसी शिक्षक के साथ ना घटित हो सके।

5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर प्रतियोगिता आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः साइकिल यात्रा एक विचार, जमुई के बैनर तले आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लोगो को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर 1 जून से 7 जून तक पर्यावरण जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। इसके तहत 10 रचनात्मक विषय पर पर्यावरण बचाओ प्रतियोगिता 4.0 नामक 2024 (SEC -4.0) प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

प्रतियोगिता में कब क्या होगा आयोजन।, 01 जून - फोटोग्राफी प्रतियोगिता, 02 जून - कविता/स्लोगन प्रतियोगिता, 03 जून - क्विज प्रतियोगिता (ऑफलाइन)/ पौधा संरक्षण प्रतियोगिता (ऑनलाइन), 4 जून - चित्रकला/निबंध प्रतियोगिता, 05 जून - सेल्फी विथ ट्री प्रतियोगिता, 06 जून - पक्षी संरक्षण प्रतियोगिया,

मंच के संस्थापक सदस्य विवेक कुमार ने बताया की मंच द्वारा इस तरह प्रतियोगिता का आयोजन वर्ष 2020, 2022, 2023 में किया गया है जिसका उद्देश्य लोगो को पर्यावरण के प्रति अधिक से अधिक जागरूक करना है। पूर्व के प्रतियोगिता में हजारों प्रतिभागी ने अपने रचनात्मक कार्य के अनुसार पर्यावरण प्रतियोगिता में भाग लिए जिससे अन्य लोगो में भी प्रतिस्पर्धा आई और लोगो में पर्यावरण के प्रति जागरूक हुए। इस वर्ष भी हजारों लोगों को इस प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है।

मंच के सदस्य राहुल राठौर ने बताया की इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी हर दिन निर्धारित तिथि को सबंधित विषय पर लिंक मंच के साइट पर और सोशल साइट पर सुबह 8 बजे से रात 12 बजे उपलब्ध रहेगा। जहां भाग लेने वाले प्रतिभागी को सारी जानकारी, शर्ते उपलब्ध कराई जाएगी।

सदस्य शैलेश भारद्वाज द्वारा बताया की सफल तीन प्रतिभागी को मैडल, मैनोटो, प्रमाणपत्र और फलदार पौधे का वितरण कर सम्मानित किया जाएगा। सभी प्रतियोगिता बढ़ती तापमान को देखते हुए क्यूज प्रतियोगिता को छोड़कर ऑनलाइन आयोजित किए जायेगे। प्रतिभागी का सबसे तीन बेहतर का चयन पांच चयनकताओं द्वारा किया जाएगा जो विभिन्न क्षेत्र से संबंधित होगे। सभी सदस्यो ने लोगो से इस तरह प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपील की गई।

विद्यालय एचएम व बीईओ को देना है घोषणा पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर/जमुई जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने जिले के सभी बीईओ व सभी कोटी के विद्यालय प्रधान को निर्देश दिया है कि अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग बिहार पटना के द्वारा आयोजित विभागीय वीडियोकॉन्फ्रेंसिंग एवं इसी क्रम में विभिन्न विभागीय पत्रों के माध्यम से जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों का प्रतिनियोजन नहीं करने का निर्देश प्राप्त है। उपयुक्त परिप्रेक्ष्य मैं विभागीय निर्देश के निमित अनुपालन में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कतिपय पत्रों के माध्यम से प्रतियोजना/प्रतिनियुक्ति को तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए 24 घंटे के अंदर संबंधित शिक्षक को अपने मूल विद्यालय में योगदान करने का आदेश दिया गया है। लेकिन जिले में विभिन्न विद्यालय के निरीक्षण/अनुश्रवण के दौरान सूचना प्राप्त हो रही है कि उक्त आदेश निर्गत रहने के बावजूद भी कतिपय शिक्षक प्रतिनियुक्ति का हवाला देते हुए प्रतिनियुक्ति विद्यालय में अनाधिकृत रूप से बने हुए हैं और अपने मूल विद्यालय में अब तक योगदान नहीं किए हैं,जबकि वास्तविक तथ्य यह है कि शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति पूर्व में ही रद्द हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इस आदेश के निर्गत होने के फलस्वरुप संबंधित शिक्षकों को अपने-अपने मूल विद्यालय में योगदान कर लेना चाहिए था, किंतु ऐसा नहीं किया गया है जो विभागीय नियम के प्रतिकूल रहने के साथ-साथ या पूर्णताः अनियमित एवं अमान्य है। भविष्य में यदि पुणः यह मामला संज्ञान में आता है तो उक्त प्रतिनियुक्ति अवधि का भुगतान का दायित्व शिक्षा विभाग की नहीं होगी और संबंधित शिक्षक के द्वारा किए गए कार्य की भुगतान हेतु संबंधित विद्यालय के प्रधान जिम्मेदार होंगे,जिनके द्वारा प्रतिनियुक्ति रद्द होने के पश्चात भी शिक्षक को मूल विद्यालय में योगदान करने हेतु कार्य विरमित नहीं किया गया।इधर स्थापना डीपीओ ने सभी बीईओ से शिक्षकों का प्रतिनियोजन नहीं रहने से संबंधित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने निर्देश दिया कि अधोहस्ताक्षरी को इस आशय का प्रमाण पत्र 24 घंटे के अंदर उपलब्ध कराई जाए कि आपके प्रखंड अवस्थित एक शिक्षकीय विद्यालय को छोड़कर किसी भी विद्यालय,कार्यालय में शिक्षक- शिक्षिका प्रतिनियुक्त होकर शिक्षण कार्य,कार्यालय कार्य नहीं कर रहे हैं। इस आशय का प्रमाण पत्र विद्यालय के प्रधानाध्यापक,प्रभारी प्रधानाध्यापक से प्राप्त कर सकते हैं। भविष्य में यदि कोई भी शिक्षक शिक्षिका आपके प्रखंड विद्यालय में प्रतिनियुक्ति पाये जाएंगे तो जवाबदेही तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की बाध्यता होगी।

रतनपुर में सड़क पर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित, घंटो आवागमन ठप्प

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर- जमुई मुख्य मार्ग के रतनपुर चौक के समीप शुक्रवार को आई तेज हवा के कारण विद्युत तार पर एक बड़ा शीशम का पेड़ गिर गया। सड़क पर पेड़ गिर जाने से आवागमन जहां घंटो बाधित रहा, वहीं बिजली आपूर्ति भी घंटो बंद रही। सड़क के दोनों ओर छोटी- बड़ी गाड़ियों की लंबी कतार लग गई जबकि वहीं बिजली विभाग के कर्मियों के काफी मशक्कत करने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल किया गया। सड़क पर पेड़ गिर जाने की सूचना पर बिजली विभाग के विद्युत कर्मी एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से पेड़ की डाली को छाट कर सड़क से हटाया, तब जाकर आवागमन को चालू किया गया।

निर्देश-प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों के लिए जारी हुआ निर्देश, बच्चों को गृहकार्य दें तो चेक भी करें

- बच्चों का आधार जरूरी वरना लाभ से होंगे वंचित

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। अपर मुख्य सचिव के के पाठक द्वारा वीडियोकॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देश के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार द्वारा जिले के सभी सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों के लिए निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर नहीं रहेंगे। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ध्यान देंगे कि यदि कोई शिक्षक जो प्रतिनियुक्ति में है और आज तक अपने मूल विद्यालय में योगदान नहीं किए हैं उनका वेतन भुगतान मूल विद्यालय में उपस्थिति विपरणी पर ही किया जाएगा। प्रायः ऐसा पाया जाता है कि बच्चों को गृह कार्य नहीं दिया जाता है और जहां दिया भी जाता है वहा गृह कार्य नहीं किया जाता है।जमुई जिले में निरीक्षण के दौरान जांच किया गया तथा संबंधित शिक्षक के विरोध कार्रवाई भी किया गया।लिहाजा सभी शिक्षक बच्चों को गृह कार्य देना प्रारंभ कर दें।

ई-शिक्षा कोष पर स्टूडेंट्स इंट्री करना है। यह इंट्री केवल बीआरसी अथवा आईसीटी लैब में कंप्यूटर शिक्षक के द्वारा किया जाना है। ध्यान देना है कि डाटा की सटीकता 100% हो। सभी प्रधानाध्यापक अपने-अपने बच्चों का इंट्री ई-शिक्षा कोष पर करवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी बच्चों का आधार कार्ड होना अनिवार्य है तभी उसकी प्रविष्टि ई शिक्षा कोष पर किया जा सकेगा। आधार कार्ड नहीं होने पर बच्चों को डीबीटी, पाठयपुस्तक,ड्रेस,एफएलएन किट इत्यादि लाभ से वंचित रहना पड़ेगा। सभी प्रधानाध्यापक आधार केंद्र जो चिन्हित विद्यालय में स्थित है बच्चों का आधार कार्ड बनवाएंगे।सभी विद्यालयों में मिशन दक्ष की परीक्षा ली गई है।सभी शिक्षक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका की जांच करेंगे।इसका अनुश्रवण भी किया जाएगा। यदि किसी विद्यालय में बिना जांच किए अंक दिए जाएंगे तो कार्रवाई की जाएगी।गौरतलब हो कि भीषण गर्मी व हीटवेव की वजह से बिहार सरकार के मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा के आदेश पर जिला पदाधिकारी जमुई द्वारा बीते 30 मई से आगामी 8 जून तक सभी शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक कार्य बंद रखा गया है। लेकिन शिक्षकों को पूर्ववत विद्यालय आना है। विद्यालय में शिक्षक मिशन दक्ष की मूल्यांकन की कॉपी जांच करेंगे,ई शिक्षा कोष पोर्टल पर सभी स्टूडेंट्स की डाटा इंट्री कराएंगे।तथा एडमिशन कार्ड जारी रखेंगे।

सेवा मुसहरी से तीन शराबी को गिद्धौर पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर थाना क्षेत्र के सेवा गांव मुसहरी से गिद्धौर पुलिस ने तीन शराबी व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना के अवर निरीक्षक अनुज कुमार को सेवा गांव मुसहरी से तीन व्यक्ति के द्वारा शराब के नशे हंगामा करने की सूचना मिली मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त शराबी व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाना लाया गया।जहां उनका चिकित्सकीय जांच करवा न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इधर गिरफ्तारी को लेकर थानाध्यक्ष रीता कुमारी ने बताया कि फुलो यादव, पिता गोखुल यादव ,निरंजन कुमार उर्फ नीरज कुमार पिता बेदानंद रावत , संतलाल मांझी पिता डींगन मांझी ग्राम सेवा के द्वारा नशे में सेवा गांव मुसहरी में हंगामा करने की सूचना मिली।वहीं पकड़कर थाना लाया गया जहां जांचोपरांत के बाद उसे न्यायिक हिरासत में आज भेज दिया गया। इस अभियान में अवर निरीक्षक अनुज कुमार के अलावे पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

वार्षिक काली पूजा को लेकर 10 जून से धमना काली मंदिर में शुरू होगा 9 दिवसीय अनुष्ठान

जमुई/झाझा- प्रखंड क्षेत्र के धमना पंचायत में आस्था का केंद्र धमना काली मंदिर में इस बार 10 जून को कलश स्थापना के साथ ही वार्षिक पूजा का विधिवत शुरूआत किया जाएगा। 9 दिन तक धमना काली मंदिर में बहने वाली आस्था की गंगा में इस बार अत्यधिक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना बनी हुई है। जानकारी देते हुए काली मंदिर के पुजारी नारायण पांडेय ने बताया कि धमना काली मंदिर में सन 1684 से ही विधिवत रूप से पूजा पाठ होते आ रहा है। जिस दिन से मंदिर में कलश स्थापना होती है उस दिन पूरा क्षेत्र नियमों का पालन करना शुरू कर देते है। गांव में लहसुन प्याज या अन्य किसी तरह का पकवान बनने पर पाबंदी लग जाती है। 9 दिनों तक चलने वाले अनुष्ठान में जमुई जिला के अलावे अन्य कई जिला और प्रदेश भी लोग मंदिर पहुंचते है। पुजारी ने बताया कि इस मंदिर से लोगों का आस्था काफी पुराना जुड़ा हुआ है। और दूर दराज से आने वाले भक्तों के लिए यहां पर रहने की भी व्यवस्था है। पुजारी ने आगे बताया कि मंदिर में वार्षिक पूजा को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। ताकि समय रहते पूरी तैयारी संपन्न कर अनुष्ठान शुरू किया जा सके। बताते चले कि धमना काली मंदिर में लोग अपनी मुराद मांगने के लिए पहुंचते है और मुराद पूरी होने के बाद लोग मंदिर में भव्य तरीके से पूजा अर्चना करते है।

मामा ने भांजे को मारी गोली, चल रहा है इलाज

मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस ,कर रही है गहन अनुसंधान

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा में एक सख्स को रिश्ते में मामा की पत्नी पर गलत नजर डालना पड़ा भारी महंगा,घात लगाए मामा ने भांजे के पेट में मारी गोली, गंभीर रूप से घायल सख्स का शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है इलाज,मामा और भांजे का रिश्ता हुआ तारतार। दरअसल मधेपुरा के अरार थाना क्षेत्र के बभनगामा महेश गांव के वार्ड संख्या 4 का है मामला। जहां गुरुवार की देर रात रवि शर्मा नामक व्यक्ति को रिश्ते भांजे गोली मारकर फरार हो गया, बताया जा रहा कि पीड़ित रवि शर्मा और आरोपी लालो शर्मा की रिश्ता मामा और मांजा का है इतना हीं नहीं गंभीर रूप से घायल रवि शर्मा की पूर्व से हीं रिश्ते में मामा लालो शर्मा की पत्नी से प्रेम प्रसंग का चक्कर चल रहा था जिसे लालो शर्मा को नागवार गुजर रहा था घटना का कारण अवैध संबंध बताया जा रहा है । बहरहाल गंभीर रूप से घायल रवि शर्मा का इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है, फिलहाल चिकित्सक आपरेशन कर पेट से गोली बाहर निकल दिया है पीड़ित की स्थिति नाजुक बनी हुई है। हालांकि इस मामले को लेकर पुलिस गहन अनुसंधान में जुट गई है और आरोपी की धर पकड़ हेतु छापेमारी की जा रही है फिलहाल घर छोर कर आरोपी फरार बताया जा रहा है। वहीं इस मामले को लेकर उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि घटना मेरे संज्ञान में आया है अरार थानेदार को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया जा चुका है।

काली मंदिर व शिव पार्वती मंदिर से चोरों ने कर ली दान पेटी की चोरी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। थाना क्षेत्र के कुंधुर पंचायत के गेनाडीह काली मंदिर से चोरों द्वारा दान पेटी के चोरी कर लिए जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। मंदिर से दान पेटी के चोरी के घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को लगते ही इसकी सूचना कुंधुर पंचायत के गेनाडीह निवासी वार्ड नंबर 06 के वार्ड सदस्य सूरज प्रताप को दी गयी। सूचना मिलते ही वार्ड सदस्य सूरज प्रताप द्वारा मामले में कार्रवाई को ले इसकी लिखित सूचना गिद्धौर थाना को दी।मंदिर दान पेटी चोरी के घटना को ले वार्ड सदस्य सूरज प्रताप ने बताया कि मंदिर में लगे दान पेटी के राशि का उपयोग मंदिर विकास में किया जाता था।वही रतनपुर पंचायत के रतनपुर गांव के रत्नेश्वर धाम में शिव पार्वती मंदिर में दो दान पेटी का चोरी रात में किया गया है वही मंदिर कमेटी के द्वारा सीसीटीवी में कैद चोरों की तस्वीर भी कैद हो गया जिसमें एक चोर की पहचान हो गया।वही चोर दूवारा टोटो के साथ सुबह फिर मंदिर में दान पेटी चुराने के लिए आए थे।तभी ग्रामीण ने पड़कर शांतनु कुमार सिंह पिता मिट्ठू सिंह घर गुगुलडीह गांव निवासी को पकड़कर 112 पर पुलिस को सूचना दिया गया और गिद्धौर पुलिस ने चोर को पकड़ कर अपने साथ थाना लाया गया। कहते हैं थानाध्यक्ष इस संदर्भ में थानाध्यक्ष रीता कुमारी ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने को ले प्रसासन गंभीर है, वही चोरी करने के संदेह पर एक युवक को पकड़ा गया है,मामले की जांच जारी है।जांचोपरांत मामले में कार्रवाई की जाएगी।

मतगणना कर्मियों को दिया जा रहा ट्रेनिंग

हाजीपुर लोकसभा एवं निर्वाचन 2024 के मद्देनजर हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में संपन्न हुए आम निर्वाचन की मतगणना दिनांक 4 जून को होनी है। मतगणना सुप्रीवाइजर, काउंटिंग असिस्टेंट, माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण आज राय वीरेंद्र सिंह कॉलेज तथा मुल्क ज्यादा सिंह उच्च विद्यालय में आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने के प्रशिक्षण केन्द्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। दिनांक 3 जून को 1:00 बजे अपराह्न से पुनः उपरोक्त दो केन्द्रों पर मतगणना कर्मियों का जिला स्तरीय द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है जिसमें सबों को उपस्थित होने का निदेश दिया गया। निरीक्षण में जिला पदाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता (आपदा) तथा प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

झाझा पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, वसूला जुमार्ना

प्रात : किरण संवाददाता

झाझा/जमुई झाझा के कपूर्री चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है।। बता दे की यातायात नियमों का पालन करवाने को लेकर एसपी जमुई शौर्य सुमन के निदेर्शानुसार लगातार वाहन चेकिंग अभियान जिले के तमाम थाना क्षेत्र में चलाया जा रहा है। इसी बीच झाझा के कपूर्री चौक व अन्य जगहों पर वाहन चेकिंग अभियान सख्ती से चलाया गया। झाझा थाना में पदस्थापित एसआई नंदन कुमार राय के नेतृत्व ने पुलिस बल के साथ चेकिंग अभियान चलाया जिसमें सोनो बटिया के रास्ते जमुई की ओर जा रही यात्रियों से भरी खचाखच बस व अन्य वाहनों से भी प्रशासन ने जुमार्ने वसूल किए हैं। एसआई नंदन कुमार ने साफ तौर पर कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करवाने को लेकर जमुई पुलिस लगातार सजग है लोग अपनी सुरक्षा का खुद ख्याल रखें और बस की छत पर या फिर अन्य वाहनों की छत पर सफर न करके वो स्थाई सीट पर बैठे ताकि वह सुरक्षित अपने घर लौट सके।।

तेज आंधी से दीवार गिरने से आधा दर्जन लोग बुरी तरह घायल

प्रात : किरण संवाददाता

लालगंज। बीती रात तेज आंधी-पानी से आम जनजीवन काफी अस्त व्यस्त हो गया। लालगंज प्रखंड क्षेत्र के शाहदुल्लापुर पंचायत में तेज आंधी-पानी से मकान का दीवार गिर जाने से एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गए तो कहीं मवेशी पर पेड़ गिरने से मवेशी की मौत हो गयी। इतना हीं नही नलजल का टंकी भी तेज हवा मे उड़ जाने के करण क्षतिग्रस्त हो गया। करीब दो सप्ताह से तेज धूप एवं गर्मी के कारण कई लोगो के मौत होने की खबर मिली तो कहीं स्कूल के बच्चे बेहोश होकर गिर रहे थे। इसी बीच अचानक मौसम ने अपना करवट बदला और अचानक तेज हवा पानी ने आयी। लालगंज प्रखंड क्षेत्र के शाहदुल्लापुर पंचायत के जैतीपुर गांव के वार्ड नम्बर 05 निवासी धर्मनाथ ठाकुर के घर पर बगल के मकान का दीवार एवं अल्बेस्ट गिरने से उनके परिवार की महिला रिंकू कुमारी ,रीता,अन्नू कुमारी,अर्चना कुमारी,नेहा कुमारी, प्रभात कुमार,3 वर्षीय सृष्टि कुमारी घायल हो गयी।

वही उसी वार्ड में जल नल की टँकी उड़कर करीब 100 मीटर दूर जा गिरी, जिससे टँकी क्षतिग्रस्त हो गया। टंकी के क्षतिग्रस्त होने के कारण सैकड़ो घरों का पानी बन्द हो गया। दूसरी ओर उसी गांव के रमेश पासवान के दवा दुकान एवं घर पर पेड़ गिरने से काफी नुकसान हुआ है प्रखंड क्षेत्र के सररिया पंचायत के वार्ड नम्बर 13 निवासी बृजनंदन राय अपने बथान में सोए हुए थे तभी अचानक पीपल का पेड़ गिर गया। जिससे भैस दबकर मर गयी। हालांकि किसी तरह किसान बृजनंदन राय बच गए। वही उसी गांव के अजय राय के घर का अचानक अल्बेस्ट टूट कर गिर गया जिससे एक बच्चा घायल हो गया। वही बिजली के काफी संख्या में पोल टूट कर गया या तार पर पेड़ गिर गया हैं जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो गया जिससे लोगो को काफी परेशानी उठाना पर रहा हैं वही बिजली विभाग के अधकारी एवं कर्मचारी बिजली को शुचारु करने के लिए युद्ध स्तर पर लगे हुए है।जाहिर सी बात है कि मौसम ने अपना मिजाज बदला तो मौसम सुहाना हुआ और उमस भारी गर्मी से राहत मिली मगर तेज अंधी तूफान ने काफी नुकसान भी कर दिया।

सम्पादकीय

घटेगा मजदूरों का तापमान

तमाम सीमाएं लांघते तापमान की सरोकार सिर्फ गरम मौसम से ही नहीं है, बल्कि उसके कई मानवीय और कामगार आयाम भी हैं। राजधानी दिल्ली का पारा अभूतपूर्व रूप से 52.9 डिग्री सेल्सियस तक उछल गया और राजस्थान के कई मरुस्थली इलाकों में 55 डिग्री को भी लांघ गया, तो मौसम विभाग के सेंसर और डाटा पर संदेह और सवाल किए जाने लगे। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजीजू ने अचानक बयान दिया कि यह तापमान का अधिकृत आंकड़ा नहीं है। दिल्ली में इतना तापमान हो ही नहीं सकता, लिहाजा अब सेंसर की जांच जारी है। शायद लीपापोती वाला कोई कारण बताया जाए। बहरहाल तापमान की डिग्री को हम एक तरफ सरका भी दें, तो बिहार के स्कूलों में 300 छात्र अचानक बेहोश क्यों हो गए? शिक्षक और पूर्व सांसद तक अचेत हो गए। सभी को अस्पताल ले जाने की नौबत क्यों आई? अंततः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सभी स्कूल बंद करने का आदेश देना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा को कवर करता हुआ एक टीवी पत्रकार भी बेहोश हो गया। यह दीगर है कि प्रधानमंत्री ने तुरंत अपनी टीम के लोगों को उसकी मदद करने को कहा। तमतमाती गर्मी और भीषण लू का प्रभाव तो है। राजधानी दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को आदेश जारी करना पड़ा कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक मजदूर और अन्य कामगार निर्माण-स्थलों पर काम नहीं करेंगे। कोई भी नियोक्ता या ठेकेदार उनके मेहनताने में कटौती नहीं करेगा। निर्माण-स्थलों के आसपास शीतल पेयजल की पर्याप्त और निरंतर व्यवस्था की जानी चाहिए। उपराज्यपाल का यह आदेश फिलहाल तब तक प्रभावी रहेगा, जब तक मौसम का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे न आ जाए। कामगारों का यह मुद्दा प्रत्यक्ष तौर पर देश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा है। भारत में कुल 58 करोड़ से अधिक कामगार हैं। इसे देश का श्रम बल कह सकते हैं। उनमें से 26 करोड़ से अधिक कामगार, भयानक गर्मी में भी, आसमान से बरसती आग में भी, काम करने को विवश हैं। विश्व बैंक सरीखे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों की विश्लेषणात्मक रपटें हैं कि 2030 तक इन कामगारों की उत्पादकता, काम करने की क्षमता, कम हो सकती है। उनका तापमान 6-10 फीसदी ठंडा हो सकता है। उत्पादकता कम होगी, तो काम भी कम होगा, निर्माण-कार्य, खुदाई आदि कम होंगे, लिहाजा व्यापक संदर्भों में देश की अर्थव्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ेंगे। इसके अलावा घर, परिवार, शरीर, कमाई और अंततः जीवन पर गंभीर और घातक प्रभाव पड़ेंगे। महत्वपूर्ण पहलू यह है कि 50 डिग्री या उससे अधिक तापमान के लिए न तो हम मानसिक तौर पर तैयार हैं और न ही देश में आधारभूत ढांचा उपलब्ध है। बिजली का उत्पादन भी इतना नहीं है कि लोगों को पर्याप्त बिजली मुहैया कर सकें। हमारी जीवन-शैली भी ऐसी नहीं है। सरकार की नीतिगत ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि हम 50 डिग्री या उससे ज्यादा तापमान के हालात से लड़ सकें। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत की स्थिति अरब देशों के मरुस्थल से भी बदतर हो गई है। हालांकि दुबई में फिलहाल तापमान 39 डिग्री सेल्सियस है। अगस्त में जब चरम स्थिति होगी, तब तापमान अधिकतम 44 डिग्री होगा। भारत में बिजली कनेक्शन तो लगभग सभी घरों तक पहुंच चुके हैं, लेकिन आज भी कुछ महानगरों को छोड़ कर 24 घंटे बिजली उपलब्ध नहीं है, क्योंकि उत्पादन ही उतना नहीं है। देश के गांवों में औसतन 1-2 घर में ही एयरकंडीशनर हैं, जबकि राजधानी दिल्ली के 12 फीसदी से कुछ ज्यादा घरों में एसी हैं। लोग पसीना-पसीना होने और तपन में मरने को विवश हैं। न तो पर्याप्त आमदनी है और न ही बिजली उपलब्ध है, तो एसी का क्या करेंगे? कमोबेश दुबई जैसे शहर में 70 फीसदी बिजली की खपत सिर्फ एसी के लिए तय की गई है

चीन का आक्रमण और कांग्रेस

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

भारत पर चीन ने 1962 में हमला किया था और लद्दाख व अरुणाचल प्रदेश में भारत की बहुत सी जमीन पर कब्जा कर लिया था। देश की रक्षा करते हुए भारतीय सैनिकों ने अपना बलिदान दिया। यह ठीक है कि सरदार पटेल ने बहुत पहले ही प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु को बाकायदा एक चिट्ठी लिखकर आगाह किया था कि चीन भारत पर हमला कर सकता है। तिब्बत के उस समय के शासक दलाई लामा भी जब महात्मा बुद्ध की पच्चीस सौंवी जयंती के अवसर पर भारत आए थे, तो चीन को लेकर परोक्ष रूप से सावधान कर गए थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उस समय के सरसंघचालक माधवराव सदाशिव गोलवलकर ने भी चीन की नीयत पर शंका जाहिर की थी, लेकिन नेहरु, जो स्वयं को उन दिनों अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ मानते थे, इन सब चेतावनियों को नकारते हुए हिंदी-चीनी भाई-भाई का नारा लगाते रहे और चीन के नेताओं को बुलाकर स्कूलों के बच्चों के हाथ में चीन का झंडा थमा कर उनका स्वागत करते रहे। इस सबका परिणाम यह हुआ कि चीन ने 1962 में भारत पर हमला कर दिया और भारत को शिकस्त दी। सरकार ने बहुत ही होशियारी से शिकस्त की जिम्मेदारी भारतीय सेना के गले में बांधनी चाही तो जनता ने इसका विरोध किया। लोगों का कहना था कि भारत की सेना के शौर्य का प्रदर्शन तो द्वितीय विश्व युद्ध में दुनिया ने देखा था। यह सरकार की नीतियों की पराजय थी। उस समय भी चीन के इस हमले को लेकर भारत में विवाद शुरू हो गया था। उधर सीमा पर भारतीय सेना और चीनी सेना युद्धरत थी, इधर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया में तो बाकायदा युद्ध ही छिड़ा हुआ था। कम्युनिस्ट पार्टी में यह युद्ध इस बात को लेकर हो रहा था कि हमला किसने किया? एक ग्रुप का कहना था कि चीन ने भारत पर हमला किया, लेकिन दूसरे ग्रुप का कहना था कि हमला भारत ने चीन पर किया।

भारत ने चीन पर हमला किया कहने वालों में ज्योति बसु (जो बाद में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बने), नम्बूदरीपाद (जो बाद में केरल के मुख्यमंत्री बने) और पंजाब के हरकिशन सिंह सुरजीत (जो बाद में भारत पर अपनी पार्टी की सहायता से कांग्रेस की सरकार स्थापित करने में सारथी हुए) शामिल थे। इस ग्रुप ने सीपीएम के नाम से अपनी अलग पार्टी बना ली थी। उधर चीन के हाथों मिली पराजय के बाद भी नेहरु ने चीन की तरफदारी करनी नहीं छोड़ी। संयुक्त राष्ट्र संघ में चीन की शमूलियत और उसे वीटो पावर दिए जाने की वे अंत तक वकालत करते रहे। उन दिनों विश्व की जिस प्रकार की दो ध्रुवीय राजनीति चल रही थी, उसमें भारत को प्रस्ताव दिया गया था कि यदि वह चीन की पूंछ छोड़ दे, तो उसे सुरक्षा परिषद में स्थान दिया जा सकता है। लेकिन कांग्रेस की चीन के साथ उस समय भी क्या सांझेदारी थी, इसे आज तक कोई नहीं समझ सका। इसे काल की न्यारी गति ही कहना चाहिए कि कम्युनिस्ट पार्टी के जिस ग्रुप ने भारत ने चीन पर हमला किया है कह कर सीपीएम गठित की थी, कालान्तर में उसके ही एक ग्रुप ने कहना शुरू किया चीन का चेयरमैन ही हमारा चेयरमैन है। वे देश भर में यह नारा लगाते हुए घूमने लगे और उन्होंने सीपीएम (एमएस) के नाम से अपनी नई पार्टी बना ली। उधर कांग्रेस ने चीन के कब्जे में चली गई जमीन को छुड़ाने की रणनीति बनाने के स्थान पर फिर से दिल्ली में पंचशील को लेकर बाकायदा सेमिनार करने शुरू कर दिए। उस समय के बड़े कांग्रेस नेता और केन्द्रीय मंत्री नटवर सिंह, जिन्हें इस बात का बहुत अभिमान था कि वे चीनी भाषा चीनियों से भी बेहतर जानते हैं, पंचशील को जिंदा करने के लिए बीजिंग के चक्कर लगाने लगे। खैर भारत के लोग सब जानते हैं और यह भी जानते हैं कि चीन के सत्ताधारी किस प्रकार के हैं। उन्होंने ह्यचीन का चेयरमैन हमारा चेयरमैन कहने वालों को भी हाशिए पर डाल दिया। 2014 में कांग्रेस को भी हाशिए पर धकेलने की प्रक्रिया शुरू हुई। 2024 तक आते-आते कांग्रेस का पतन तीव्र से तीव्र दिखाई देने लगा। लेकिन अब अंतिम समय में कांग्रेस ने एक बार फिर चीन का मामला उठाना शुरू किया है। सब जानते हैं कि भारत के विरोध में इस समय चीन और पाकिस्तान घी-शक्कर हैं। लेकिन जब भी कहीं भारत-पाकिस्तान या फिर भारत-चीन की भिड़ंत होती है तो कांग्रेस एकदम अपने बनावटी खोल से निकल कर अपने असली रंग में दिखाई देने लगती है। आतंकवादियों के अड्डों को खत्म करने के लिए जब भारतीय सेना ने बालाकोट पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो कांग्रेस ने एकदम से उसे गप्प करार दिया। उसने कहा, ऐसा हुआ ही नहीं, सेना सबूत दिखा दे। सेना की मुसीबत यह है कि उसे दुश्मन पर हमला कर भारत को सुरक्षित भी रखना होता है और उसके लिए कांग्रेस को सबूत भी दिखाना होता है। अब पाकिस्तान के नेता बाकायदा लिख कर प्रचार कर रहे हैं कि दिल्ली में राहुल गांधी की सरकार बननी चाहिए। क्या भारत में भी पाकिस्तान का कोई वोट बैंक है, जिसे पाकिस्तान संकेत दे रहा है? यही मामला चीन के मामले में हुआ। जब भारतीय सेना डोकलाम और गलवान में चीन की सेना से गुत्थमगुत्था हो रही थी, तब कांग्रेस के नेता और सोनिया गांधी के सुपुत्र राहुल गांधी दिल्ली स्थित चीनी दूतावास में चीनी अधिकारियों से छिप कर गुफ्तगू कर रहे थे।

नये एवं विकसित भारत की बड़ी बाधा है भ्रष्टाचार

भ्रष्टाचार एवं उससे उपजे हादसों ने चुनाव के दौरान ही ऐसे वीभत्स दृश्य उपस्थित किये, जो चुनावी मुद्दा न बनना एवं राजनेताओं के बीच इनकी चर्चा न होना, दुर्भाग्यपूर्ण तो है ही, लेकिन उससे ज्यादा चिन्ताजनक यह है कि हमारी राजनीति अभी भी विकसित भारत के सपने को आकार देने के लिये तैयार नहीं दिख रही है। पुणे पोर्शे कार एक्सीडेंट ने भ्रष्टाचार की इतने परतें खोली दी है कि उसमें न्यायालय, पुलिस, राजनेता, डाक्टर सभी अपना जमीर बेचते हुए दिखाई दिये हैं। इसी तरह राजकोट एवं दिल्ली की अग्निकांडों ने प्रशासन एवं व्यवसाय में पसरे भ्रष्टाचार की काली परतों को उजागर किया है। इस तरह अस्पताल हो चाहे होटल, गेम जोन या मॉल, सुरक्षा इंतजामों, प्रशासनिक जिम्मेदारी एवं ईमानदारी की खुलकर धज्जियां उड़ती रहेगी या पुणे की तरह अब बिकते रहेंगे तो विकसित भारत का सपना कैसे आकार लेगा? छह सौ करोड़ी पिता ने अपने बेटे के अपराध पर पर्दा डालने एवं उसे बचाने के लिये किसको नहीं खरीदा। कैसे जनता की रक्षा होगी एवं उसे न्याय मिलेगा, जब सब बिकने के लिये तैयार बैठे हैं। बेबी केयर अस्पताल हो या राजकोट का गेम जोन का हादसा- किसी की जान की कीमत कागज के चंद टुकड़े कैसे हो सकती है? न्यायालय भी ऐसे मामलों में संज्ञान लेकर शुरूआत तो करता है, लेकिन यह शुरूआत अंजाम तक नहीं पहुंच पाती। हादसे की आंच ठंडी पड़ी नहीं कि मिलीभगत का खेल फिर शुरू हो जाता है। संबंधित अधिकारी भी आंख मूंदकर सो जाते हैं और फिर किसी हादसे के बाद ही उनकी कुंभकरणी नींद खुलती है। इन ज्वलंत एवं भ्रष्ट हालातों में कैसे भारत की तकदीर एवं तस्वीर बदलेगी? भ्रष्टाचार और घोटालों के इस घटाटोप मौसम में ऐसा कुछ भी कह पाना मुश्किल हो गया है, जो भारत या इसके लोगों की जिंदगी पर उजली रोशनी डालता हो। भारत अपनी दुश्वारियों में लस्त-पस्त उस मध्ययुगीन योद्धा की तरह दिखता है, जो चुनावी जंग के मैदान में आहें भर रहा है।

ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

लोकसभा के सातवें चरण के चुनाव होने शेष रहे हैं, सबकी नजरें चुनाव परिणामों पर लगी है। ये चुनाव परिणाम ही तय करेंगे कि नये भारत, विकसित भारत एवं समृद्ध भारत की तस्वीर क्या करवट लेगी। भ्रष्टाचार एवं उससे उपजे हादसों ने चुनाव के दौरान ही ऐसे वीभत्स दृश्य उपस्थित किये, जो चुनावी मुद्दा न बनना एवं राजनेताओं के बीच इनकी चर्चा न होना, दुर्भाग्यपूर्ण तो है ही, लेकिन उससे ज्यादा चिन्ताजनक यह है कि हमारी राजनीति अभी भी विकसित भारत के सपने को आकार देने के लिये तैयार नहीं दिख रही है। पुणे पोर्शे कार एक्सीडेंट ने भ्रष्टाचार की इतने परतें खोली दी है कि उसमें न्यायालय, पुलिस, राजनेता, डाक्टर सभी अपना जमीर बेचते हुए दिखाई दिये हैं। इसी तरह राजकोट एवं दिल्ली की अग्निकांडों ने प्रशासन एवं व्यवसाय में पसरे भ्रष्टाचार की काली परतों को उजागर किया है। इस तरह अस्पताल हो चाहे होटल, गेम जोन या मॉल, सुरक्षा इंतजामों, प्रशासनिक जिम्मेदारी एवं ईमानदारी की खुलकर धज्जियां उड़ती रहेगी या पुणे की तरह अब बिकते रहेंगे तो विकसित भारत का सपना कैसे आकार लेगा?

छह सौ करोड़ी पिता ने अपने बेटे के अपराध पर पर्दा डालने एवं उसे बचाने के लिये किसको नहीं खरीदा। कैसे जनता की रक्षा होगी एवं उसे न्याय मिलेगा, जब सब बिकने के लिये तैयार बैठे हैं। बेबी केयर अस्पताल हो या राजकोट का गेम जोन का हादसा- किसी की जान की कीमत कागज के चंद टुकड़े कैसे हो सकती है? न्यायालय भी ऐसे मामलों में संज्ञान लेकर शुरूआत तो करता है, लेकिन यह शुरूआत अंजाम तक नहीं पहुंच पाती। हादसे की आंच ठंडी पड़ी नहीं कि मिलीभगत का खेल फिर शुरू हो जाता है। संबंधित अधिकारी भी आंख मूंदकर सो जाते हैं और फिर किसी हादसे के बाद ही उनकी कुंभकरणी नींद खुलती है। इन ज्वलंत एवं भ्रष्ट हालातों में कैसे भारत की तकदीर एवं तस्वीर बदलेगी? भ्रष्टाचार और घोटालों के इस घटाटोप मौसम में ऐसा कुछ भी कह पाना मुश्किल हो गया है, जो भारत या इसके लोगों की जिंदगी पर उजली रोशनी डालता हो। भारत अपनी दुश्वारियों में लस्त-पस्त उस मध्ययुगीन योद्धा की तरह दिखता है, जो चुनावी जंग के मैदान में आहें भर रहा है। कोई नहीं जानता, किसके दामन में कितने दाग हैं? कोई नहीं जिस पर यकीन किया जा सके, धरती का कोई कोना नहीं, जिसके नीचे दबा कोई घोटाला खुदाई का इंतजार न कर रहा हो। लेकिन यही चुनाव, हादसों एवं भ्रष्टता के मौके होते हैं, जब किसी देश के सच्चे चरित्र का पता चलता है। आगे-पीछे चुनावों के तहत तथाकथित नेता द्वारा हजारों जुमलों में किसी समाज व्यवस्था को बहलाया जा सकता है, लेकिन बुरे वक्त में नहीं। भारत के चरित्र को परखने का सही समय चुनाव है या ऐसे वीभत्स हादसें एवं भ्रष्टता की अंधी गलियां।

भारत दुनिया का गुरु बनने एवं तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, दुनिया भारत के आध्यात्मिक अनुभवों से मोहित है और यह एक पक्की बात है कि धर्म को लेकर जैसा काम भारत में हुआ, वैसा कहीं नहीं हुआ और पिछले दशक में उसे और जीवंतता मिली। लेकिन यह एकांगी महानता है, क्योंकि दुनिया में तरक्की के पैमाने भौतिक हैं और उस मामले में भारत की ताकत सदियों पहले खत्म हो गई थी, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अध्यात्म के साथ उसी भौतिक ताकत को बढ़ा रहे हैं। जहां तक ईमानदारी, निष्ठा और सत्य जैसे मूल्यों का सवाल है, वे कितने हमारी जिंदगी में हैं इसका पता करप्शन के आंकड़ों एवं बार-बार होने वाले हादसों से लग जाता है।

हाल के बरसों में जानकारों और मीडिया ने यह बात फैला दी है कि भारतीय इसलिए दुनिया में अनूठे हैं कि वे कुछ भी कर सकते हैं। लेकिन हमारे देश में ऐसे राजनेता हैं जो दुश्मन देशों की तरफदारी करते हुए लोगों के दिलों को जीतने की जुगाड़ में लगे हैं। ऐसे भी राजनेता है जो भ्रष्टाचार मुक्ति का नारा देते हुए कहते है कि आप हमें वोट देंगे तो हमारा जेल जाना रूक सकता है। यानी खुले आम अपने भ्रष्टाचार एवं घोटालों में भी जन-समर्थन मांग रहे हैं। स्मार्टनेस की इस दुहाई के चलते एक मामूली-से दिखने वाले व्यक्ति ने अब सिलेब्रिटी स्टेटस एवं सफल राजनेता होने की गरिमा को हासिल कर लिया है, और वह है जुगाड़ एवं जनता को गुमराह करने की कला। मैसेज यह है कि जरूरत पड़ने पर हमारे राजनेता किसी भी तरह काम निकाल लेते हैं। अब इस सोच का क्या किया जाए?

बात नये भारत एवं विकसित भारत की है, अपने देश में हर तरह के नियम-कानून है, पर उनके उल्लंघन की जैसी सुविधा यहां है, वैसी शायद ही अन्य कहीं हो। पुणे, राजकोट और दिल्ली के मामले इकलौते ऐसे प्रकरण नहीं, जिनमें सरकारी तंत्र को जवाबदेही से दूर रखने की कोशिश की गई हो। इस तरह के मामले रह-रहकर होते ही रहते हैं और उनमें बड़ी संख्या में लोग जान गंवाते हैं अथवा घायल होते हैं, लेकिन नियामक तंत्र के उन लोगों को कभी भी कठघरे में नहीं खड़ा किया जाता, जिनकी अनदेखी और लापरवाही के चलते जानलेवा घटनाएं होती रहती हैं। इसका उदाहरण है मुंबई में एक विशालकाय होर्डिंग गिरने से कई लोगों की मौत। यह विशालकाय होर्डिंग अवैध रूप से था, लेकिन किसी को ह्यनजरह्न नहीं आ रहा था। जब यह गिर गया और उसमें कई लोगों की जान चली गई तो सरकारी तंत्र ने उससे अपना पल्ला झाड़ लिया। होर्डिंग लगवाने वाला तो गिरफ्तार हो गया, इसी तरह गेम जोन एवं बेबी केयर अस्पताल के मालिक भी सलाखों के पीछे आ गये, लेकिन नगर निकाय एवं सरकार के किसी अधिकारी-कर्मचारी को गिरफ्तार करने की आवश्यकता नहीं समझी गई। कोई नहीं जानता कि क्यों? दिल्ली के ग्यारह सौ से अधिक अस्पतालों में मात्र 190 के पास एनओसी है, यह प्रशासन तले अंधेरा नहीं तो क्या है?

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र एवं एक बड़ी आबादी वाला देश है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि सरकारी तंत्र की लापरवाही एवं भ्रष्टता से रह-रहकर हादसे होते रहें और उनमें बड़ी संख्या में लोग मरते रहें। दुर्भाग्य से अपने देश में यही हो रहा है। जब कोई बड़ी घटना घट जाती है और उसमें अधिक संख्या में लोग मारे जाते हैं तो शोक संवेदनाओं का तांता लग जाता है और तत्काल कार्रवाई करने के नाम पर उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद उन्हीं कारणों से वैसी ही घटना फिर सामने आती है, जैसी पहले हो चुकी होती है, इसका मतलब प्रशासन अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह ठीक से नहीं कर रहा है और व्यवसायी प्रशासन की इन्हीं कमजोरियों का फायदा उठाते हुए मौत के सौदागर बने रहते हैं। यही कारण है कि न तो हादसे कम हो रहे हैं और न ही उनमें जान गंवाने वालों की संख्या में कमी आ रही है। हादसे दुनिया में हर कहीं होते हैं, लेकिन विकसित और विकासशील देश कम से कम उनसे सबक लेते हैं और ऐसी व्यवस्था करते हैं, जिससे बार-बार एक जैसे कारणों से हादसे न हों। लोकतंत्र एक पवित्र प्रणाली है। पवित्रता ही इसकी ताकत है। इसे पवित्रता से चलाना पड़ता है। अपवित्रता से यह कमजोर हो जाती है। ठीक इसी प्रकार अपराध के पैर कमजोर होते हैं। पर अच्छे आदमी की चुप्पी उसके पैर बन जाती है। अपराध, भ्रष्टाचार अंधेरे में दौड़ते हैं। रोशनी में लड़खड़ाकर गिर जाते हैं। हमें रोशनी बनना होगा और रोशनी भ्रष्टता एवं घोटालों से प्राप्त नहीं होती। भारत में कोई सबक सीखने को तैयार नहीं है, और यही कारण है कि विकसित देश बनने के संकल्प को साकार करना कहीं अधिक कठिन दिख रहा है। अपने देश में हर तरह के नियम-कानून हैं, राजनेताओं के बड़े-बड़े संकल्प भी है, लेकिन उनके उल्लंघन की जैसी सुविधा यहां है, वैसी शायद ही किसी विकासशील और विकसित राष्ट्र का स्वप्न देखने वाले देश में हो।

लोकसभा चुनाव 2024 रहा मोदी बनाम जनता

चुनाव प्रचार के दृष्यों को देखें और विश्लेषण करें तो पाएंगे कि 2024 का लोकसभा चुनाव पूंजीवाद बनाम समाजवाद के नाम पर लड़ा गया है। भारत की 60 फीसदी से अधिक जनता 5 किलो राशन पर गुजारा करने के लिए मजबूर है। बावजूद इसके सरकार उनका मखौल उड़ा रही है। भाजपा के नेता कहते हैं महंगाई-वहंगाई कुछ नहीं है। महंगाई भी विकास का पैमाना है। जैसे विकास हो रहा है वैसे ही महंगाई भी बढ़ेगी। लोगों की आमदनी भी बढ़ेगी। हकीकत में देखें तो पिछले 10 वर्षों में आमदनी तो बढ़ी नहीं, महंगाई और बेरोजगारी जरूर बढ़ गई। किसानों ने, छात्रों ने एवं अन्य लोगों ने जब इसके लिए आंदोलन किये तो उनकी सरकार ने नहीं सुनी। उल्टा उनसे यह कह दिया गया कि अमीर यदि अमीर हो रहे हैं तो सरकार क्या उन्हें गरीब बना दे। सरकार ने यह कहकर गरीब जो और भी गरीब हो रहे थे उनके घाव में नमक छिड़का। धर्म के नाम पर भारतीय जनता पार्टी और पूंजीपतियों ने उन्हें एक महामानव के रूप में पेश किया था। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि पहले तो सर्वशक्तिमान की बनाई गई। लगातार 10 वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद प्रधानमंत्री अब स्वयंभू ईश्वर बनने जैसा बर्ताव करते देखे गए हैं। इसका अहसास उन्हें भी संभवत: हो गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी यह भूल गई कि भूखे पेट भजन ना होय गोपाला।

सनत जैन

लेखक शिक्षाविद है

लोकसभा चुनाव 2024 इस मोड़ पर पहुंच जाएगा, इसका अंदाजा किसी को भी नहीं था। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नहीं जानते थे कि उन्हें जनता की इस तरह की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा। चुनाव प्रचार के दृष्यों को देखें और विश्लेषण करें तो पाएंगे कि 2024 का लोकसभा चुनाव पूंजीवाद बनाम समाजवाद के नाम पर लड़ा गया है। भारत की 60 फीसदी से अधिक जनता 5 किलो राशन पर गुजारा करने के लिए मजबूर है। बावजूद इसके सरकार उनका मखौल उड़ा रही है। भाजपा के नेता कहते हैं महंगाई-वहंगाई कुछ नहीं है। महंगाई भी विकास का पैमाना है। जैसे विकास हो रहा है वैसे ही महंगाई भी बढ़ेगी। लोगों की आमदनी भी बढ़ेगी। हकीकत में देखें तो पिछले 10 वर्षों में आमदनी तो बढ़ी नहीं, महंगाई और बेरोजगारी जरूर बढ़ गई। किसानों ने, छात्रों ने एवं अन्य लोगों ने जब इसके लिए आंदोलन किये तो उनकी सरकार ने नहीं सुनी। उल्टा उनसे यह कह दिया गया कि अमीर यदि अमीर हो रहे हैं तो सरकार क्या उन्हें गरीब बना दे। सरकार ने यह कहकर गरीब जो और भी गरीब हो रहे थे उनके घाव में नमक छिड़का। धर्म के नाम पर भारतीय जनता पार्टी और पूंजीपतियों ने उन्हें एक महामानव के रूप में पेश किया था। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि पहले तो सर्वशक्तिमान की बनाई गई। लगातार 10 वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद प्रधानमंत्री अब स्वयंभू ईश्वर बनने जैसा बर्ताव करते देखे गए हैं। इसका अहसास उन्हें भी संभवतः हो गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी यह भूल गई कि भूखे पेट भजन ना होय गोपाला। पिछले 10 वर्षों से धर्म के नाम पर जिस धर्म का वादा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से किया था वो वादे इन सालों में तो पूरे नहीं हुए, तब यही जनता जिसने उन्हें सिंहासन पर बैठाया था वहीं सड़कों पर उनके खिलाफ खड़ी हो रही है। इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में सारे राज्यों में विपक्षी दलों की रैली और चुनावी सभा में जिस तरह की भीड़ उमड़ी है उससे एहसास हो रहा है कि 2024 का लोकसभा चुनाव मोदी बनाम जनता के बीच आकर टिक गया है।

स्वदेशी जागरण मंच के नाम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुवांशिक संगठन और भाजपा के नेता वैश्विक व्यापार संधि का विरोध कर रहे थे। विदेशी निवेश के खिलाफ आंदोलन चला रहे थे। विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की बात कर रहे थे। स्वदेशी जागरण मंच के गोविंदाचार्य भारत में घूम-घूम कर स्वदेशी का प्रचार कर रहे थे। सुषमा स्वराज और उमा भारती जैसी तेज तर्रार महिला नेत्री सारे देश में विदेशी निवेश का विरोध कर रही थीं। उमा भारती ने तो रिटेल व्यवसाय में यदि विदेशी निवेश की अनुमति दी गई तो वह अपने बाल कटा लेंगी और आत्मदाह कर लेंगी, इस तरह के बयान देकर आंदोलन किया था। 2004 से 2014 के 10 साल में कांग्रेस की मनमोहन सरकार विदेशी निवेशकों को लेकर कोई निर्णय नहीं कर पाई थी, जिस कारण अमेरिका के पूंजीपतियों ने मनमोहन सिंह को हटाने के लिए कुचक्र रचा। ऐसे-ऐसे काल्पनिक आरोप लगाए गए जो 10 साल में मोदी सरकार भी प्रमाणित नहीं कर पाई। अदालत में भी आरोपियों को क्लीन चिट मिल गई, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूंजीपतियों ने अपना प्रतिनिधि बनाकर प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठा दिया। प्रधानमंत्री बनते ही नरेंद्र मोदी ने सबसे पहला निर्णय सभी सेक्टर में 100 फीसदी विदेशी निवेश की अनुमति देने का किया। रक्षा और मीडिया क्षेत्र को भी इससे बाहर नहीं रखा गया। मुकेश अंबानी ने मीडिया में निवेश करके पहले मीडिया पर कब्जा किया। शुरू के 5 साल में सरकार और पूंजीपतियों ने मीडिया को पूरी तरह से अपने नियंत्रण में ले लिया। पिछले 10 सालों में यदि किसी का भला हुआ है तो वो मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज और अडानी समूह का हुआ है। देश की 500 बड़ी कंपनियों के पास 92 फीसदी पूंजी है। अमीर और अमीर होते चले गए, गरीबों को महंगाई और बेरोजगारी के कारण दो वक्त की रोटी मिलना भी मुश्किल हो गई। इसका असर 2024 के लोकसभा चुनाव में देखने को मिल रहा है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज का कारोबार 10 लाख करोड़ से ऊपर पहुंच गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शुद्ध मुनाफा भी 1 लाख करोड़ से ऊपर का है। जिस तरह से अनंत अंबानी की प्री वेडिंग सेरिमनी और शादी हजारों करोड़ों रुपए खर्च करके देश और विदेश के कई हिस्सों में आयोजन किये जा रहे हैं उससे सारी दुनिया आश्चर्यचकित है। इसी तरह अदानी समूह का 2014 में कारोबार 1.50 लाख करोड़ का था जो 22 जनवरी को 20 लाख करोड रुपए तक पहुंच गया था।

हीटवेव के चलते सियासी पारे के साथ ही बढ़ता मौसमी पारा

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

लोकसभा चुनावों के मतदान के चरण जिस तरह से एक के बाद एक पूरे होते जा रहे हैं और सियासी पारा चढ़ता जा रहा हैं उसी तरह से मतदान का अंतिम चरण आने से पहले ही उत्तर, पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के तापमान में भी दिन प्रतिदिन तेजी आती जा रही है। एक और जहां समग्र मतदान प्रतिशत 2019 के स्तर पर नहीं आ पा रहा हैं वहीं सूर्यदेव को लगता हैं स्वयं से ही तापमान बढ़ाने की हौड़ चल रही हैं। 29 मई को देश की राजधानी दिल्ली का पारा 52 के आंकड़ें को छू गया, हो सकता है इसको लेकर कोई मत भिन्नता हो पर इसमें कोई दो राय नहीं कि दिल्ली का पारा 50 डिग्री से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपात्काल है। हीटवेव या यों कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित करके रख दिया है। लू या हीटवेव या तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैंनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। कहीं कहीं सड़कों पर पानी छिड़कने या लोगों को घर या कार्यस्थल से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जाती रही है। लू से बचाव के उपायों खासतौर से खाली पेट नहीं रहने और तरल पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करने की सलाह दी जाती है। 1850 के बाद 2023 का साल सबसे गर्म साल रहा है पर जिस तरह से तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ते हुए जन जीवन को प्रभावित कर रहा है उससे साफ हो जाता है कि 1850 के बाद 2023 नहीं बल्कि अब तो 2024 सबसे गर्म साल रहने वाला है। समूचा उत्तरी, पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत हीटवेव के चपेट में आ गया है। देश की राजधानी दिल्ली के साथ ही राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश, विदर्भ आदि गंभीर हीटवेव से प्रभावित इलाके हैं। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास ही चल रहा है। पानी, बिजली और हीटवेव के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे है। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है। इस समय हीटवेव के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त होने के साथ ही सड़कों पर कर्फ्यू जैसे हालात हो रहे हैं। असली समस्या तो सरकार के सामने पानी, बिजली और हीटवेव से प्रभावित लोगों को तत्काल इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद सभी प्रदेशों की सरकारें बेहतर प्रबंधन कर रही है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 29 मई को जहां स्वयं भर दोपहरी सिर पर गमछा लपेट राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेयजल व्यवस्था को देखने निकल पड़े तो निश्चित रुप से प्रशासन और आमजन में एक संदेश गया हैं वहीं प्रदेष के सभी जिलों में 28 व 29 मई को दो दिन के लिए सभी प्रभारी सचिवों को प्रभार वाले जिलों में जाकर पानी, बिजली, दवा, ईलाज आदि की व्यवस्

संक्षिप्त खबरें

लोकसभा चुनाव के कारण यूपी बिहार का बार्डर सील

बगहा(दिवाकर)।बगहा पुलिस जिला अंतर्गत नौरंगिया थाना क्षेत्र स्थित मदनपुर पनियहवा बॉर्डर को आज यानी 1 जून को यूपी में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर सुरक्षा कारणों से 72 घंटे के लिए सील कर दिया गया है। इस बाबत जानकारी देते हुए नौरंगिया थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा- निर्देश पर सुरक्षा कारणों को ले मदनपुर-पानीयहवा बॉर्डर को गुरुवार की शाम 6 बजे से शनिवार की शाम 6 बजे तक पूर्ण रूप से सील कर दिया गया है। आपात स्थिति में जांच परख के बाद किसी को आने-जाने की अनुमति दी जाएगी।

वाल्मीकिनगर में अवैध खनन मामले में दो पर हुआ प्राथमिकी दर्ज

बगहा(दिवाकर)।पश्चिमी चंपारण बेतिया के खनन निरीक्षक के आवेदन पर वाल्मीकि नगर थाने में अवैध खनन मामले में थाना कांड संख्या 46/24 दर्ज किया गया है। खनन निरीक्षक ने अपने आवेदन में लिखा है,कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के हवाई अड्डा के निकट गुरुवार को वाल्मीकि नगर पुलिस के साथ छापेमारी की गई। उक्त स्थल से लगभग 3 हजार सीएफटी अवैध खनन सामग्री पाई गई। ग्रामीणों के द्वारा पूछताछ में अवैध खनन कर्ता बाल किशन साह उर्फ कटिंग साह पिता स्वर्गीय विश्वनाथ साह ग्राम हवाई अड्डा निवासी को चिन्हित किया गया। और अन्य लोगों को भी चिन्हित किया गया है। पूर्व में भी इस व्यक्ति पर अवैध खनन मामले में थाना कांड संख्या 36/23, 7/ 23 दर्ज है। अवैध खनन और परिवहन के कारण सरकार को 184188 रुपए की क्षति हुई है। इस बाबत पूछे जाने पर वाल्मीकि नगर थाना अध्यक्ष विजय प्रसाद राय ने बताया कि खनन निरीक्षक के आवेदन पर थाना कांड संख्या 46/ 24 दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

भीषण गर्मी से व्याकुल हो कर वन्यजीव रिहायशी क्षेत्रों की ओर पलायन करने पर मजबूर

बगहा(दिवाकर)।वाल्मीकि टाइगर रिजर्व वन प्रमंडल दो के वाल्मीकि नगर क्षेत्र में पड़ रहे भीषण गर्मी से इंसान क्या जीव जंतु भी व्याकुल हो चला है। वाल्मीकि नगर शहरी क्षेत्र से सटे टाइगर रिजर्व क्षेत्र से जंगली बंदरों का झुंड पानी की तलाश में रिहायशी क्षेत्र की ओर भटक रहे हैं। हालांकि वन प्रशासन द्वारा वन क्षेत्र के अंदर शाकाहारी और मांसाहारी जीव जंतुओं के लिए भीषण गर्मी में पानी की कमी ना हो इसको लेकर कई वाटर होल बनाए गए हैं। किंतु बंदर प्रजाति के जीव खासकर रिहायशी क्षेत्र के निकट रहना पसंद करते हैं।और ज्यादातर रिहायशी क्षेत्र में चहलकदमी करते रहते हैं। बंदरों का झुंड घरों में लगे चापाकल के निकट में पानी और जहां भी पानी दिखाई दे रहा है। वहां पहुंचकर अपनी प्यास बुझाते नजर आ रहे हैं।वाल्मीकि नगर क्षेत्र में तापमान लगभग 42 डिग्री और उमस भरा मौसम होने के कारण लोगों की व्याकुलता बढ़ गई है। हालांकि राज्य सरकार के द्वारा स्कूलों के बंद करने के फरमान के बाद छात्रों और अभिभावकों में संतुष्टि का माहौल देखा जा रहा है।

चहक चहक कर बच्चों के अंतरात्मा को जागृत करते हुए कौशल और बौद्धिक विकास के साथ बच्चों का करें सर्वांगीण विकास:बीईओ

मझौलिया(प.च)।चहक चहक कर बच्चों के अंतरात्मा को जागृत करते हुए कौशल और बौद्धिक विकास के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास शिक्षा के क्षेत्र में करें।उक्त बातें प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हाफिजुर रहमान ने बीआरसी भवन में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिफ्ट वार शिक्षक शिक्षिकाओं का चहक प्रशिक्षण के तीसरे दिन कहीं।उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण 29 मई शुरू हुआ है जिसका समापन आज यानी 1जून को किया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण सुबह 9:30 बजे से संध्या 5:00 बजे तक आयोजित हो रहा है।चाय नाश्ता और भोजन की व्यवस्था भी की गई है।इस प्रशिक्षण में विभिन्न विद्यालयों के वर्क प्रथम के नामित शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हैं जो प्रशिक्षण के उपरांत विद्यालय में बच्चों के शिक्षा के क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के तहत बच्चों को कौशल और बौद्धिक ज्ञान देंगे।प्रशिक्षक के रूप में शिक्षक शशि रंजन चौबे एवं अनिल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों में से हीं एक-एक शिक्षक और शिक्षिकाओं को शिक्षक के रूप में तथा कुछ शिक्षक को छात्र के रूप में प्रदर्शित करते हुए चहक प्रशिक्षण के गुण के बारे में जानकारी दी।इस मौके पर प्रखंड साधन सेवी उपेंद्र कुमार शुक्ला, उमाशंकर सिंह समेत प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

किशोरों को तम्बाकू सेवन से बचाना है थीम के साथ सदर अस्पताल में मनाया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

प्रात :किरण संवाददाता

मोतिहारी। जिले के सदर अस्पताल मोतिहारी सहित कई स्वास्थ्य संस्थानों में लोगों को जागरूक करते हुए विश्व तंबाकू निषेध दिवस स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मनाया गया। मौके पर एसीएमओ डॉ. श्रवण कुमार पासवान एवं डीएस डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बैनर, पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया है। उन्होंने बताया कि किशोर किशोरियों, युवाओं व आम लोगों के द्वारा तम्बाकू का सेवन किया जाना बेहद खतरनाक है। इससे मुँह के कैंसर सहित अन्य बीमारियों का खतरा बना रहता है। इसलिए इन सभी बीमारियों से बचने के लिए तंबाकू का सेवन नहीं करना चाहिए। सदर अस्पताल के ओपीडी में इस अवसर पर कैंसर की स्क्रीनिंग की गईं। जिसमें 48 से ज्यादा लोगों की मुंह, दांत एवं ओरल कैंसर की जाँच चिकित्सकों द्वारा करते हुए तम्बाकू का उपयोग न करने की सलाह दी गईं।इस अवसर पर नर्सिंग स्टॉफ व अस्पताल कर्मियों ने तम्बाकू सेवन न करने का संकल्प लिया। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार पासवान ने बताया कि हर वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाकर लोगों तक तम्बाकू का सेवन न करने का सन्देश पहुंचाया जाता है। इस मौके पर उन्होंने बताया कि तम्बाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। युवा, मजदूर वर्ग व ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं भी धूम्रपान जैसे- बीड़ी, सिगरेट का उपयोग करतीं हैं। जिसके कारण फेफड़े, गले, दांत, प्रभावित होते हैं। वहीं लोगों को इन चीजों की लत भी हो जाती है। उन्होंने बताया कि तंबाकू सेवन करने वाली महिला या पुरुषों में टीबी होने का खतरा 3 गुना ज्यादा होता है। टीबी से होने वाली मृत्यु भी 3 से 4 गुना अधिक होती है। तंबाकू सेवन से कैंसर के साथ ही टीबी की बीमारी होने की संभावना ज्यादा रहती है। ड्सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने पर लगेगा जुमार्ना तंबाकू पदार्थों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से विज्ञापन पर 01 से 05 वर्ष तक की कैद एवं 1000 से 5000 रुपए तक का जुमार्ना देय है।18 वर्ष से कम आयु वर्ग के अवयस्कों को तंबाकू पदार्थ बेचने पर 200 रुपए तक का जुमार्ना लग सकता है। बिना चित्रित या पैकेट के 85% भाग पर मुख्य रूप से न छपे वैधानिक चेतावनी के तंबाकू पदार्थ बेचने के जुर्म में 2 से 5 साल की कैद और 1000 से 10000 तक जुमार्ना भी लगाया जा सकता है।

इंडो नेपाल सीमा पर अवस्थित वाल्मीकिनगर में एक जून से 9 जून तक होगी संत मुरारी बापू की रामकथा

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया(प.च)।महर्षि वाल्मीकि की तपोभूमि और लवकुश की क्रीड़ा स्थली इंडो नेपाल सीमा स्थित वाल्मीकिनगर में विश्व प्रसिद्ध राम कथा वाचक श्री मुरारी बापू की 9 दिवसीय रामकथा का आयोजन होने जा रहा है। शनिवार से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन गंडक बराज कंट्रोलरूम के समीप किया जा रहा है ,जो एक जून से 9 जून तक चलेगा। इस कार्यक्रम में देश विदेश से रामकथा श्रोता पहुंच रहे हैं,जिनके ठहरने के लिए वाल्मीकिनगर स्थित लगभग सभी होटलों को आरक्षित कर लिया गया है। वहीं आयोजन स्थल पर श्रोताओं के लिए पेयजल सहित शौचालय की व्यवस्था की गई है। साथ ही प्रतिदिन 15 हजार लोगों के लिए भंडारे का आयोजन की भी व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने लोगों से अनुरोध किया है की ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर रामकथा सुने और प्रसाद ग्रहण करें। शनिवार को शाम चार बजे से रामकथा का शुभारंभ होगा जबकि बाकी दिन यह सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक चलेगा। कथा वाचक मुरारी बापू के लिए सुरक्षा के कड़े बन्दोवस्त किए गए हैं ताकि इन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो।

रक्सौल की निर्भया को न्याय दिलाने हेतु सड़क पर बजरंग दल ने निकाला मशाल जुलूस

प्रात :किरण संवाददाता

रक्सौल। रक्सौल के निर्भया को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बजरंग दल के पूर्व संयोजक दिग्विजय पार्थ के नेतृत्व में एवं गीता क्लास के सैकड़ो कार्यकताओं के द्वारा नगर के सभी लोगों के सहयोग से हजारों कि संख्या में शहर के त्रिलोकी नगर, कोरियाटोला वार्ड नंबर 25 स्थित पीड़िता के घर से उसके परिजनों के साथ कैंडल मार्च एवं विशाल मशाल जुलूस निकला जो पूरे रक्सौल नगर परिक्रमा के बाद पोस्ट ऑफिस चौक सभा करके समाप्त हो गया। इस दौरान इस घटना के फरार दोषी अभियुक्त को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की गई। सभा को संबोधित करते हुए दिग्विजय पार्थ ने बताया कि घटना के 21 दिन बीत चूका है, लेकिन अभी तक मुख्य आरोपी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है, जो रक्सौल क्षेत्र वासियों के लिए चिंता का विषय है, इसलिए इस जुलूस के माध्यम से हम प्रशासन से डिमांड करते हैं कि आरोपियों को तुरंत गिरफ्तारी हो और उनको जल्द से जल्द फांसी पर चढ़ाया जाए। इस कार्यक्रम में गीता क्लास के सैकड़ो कार्यकताओं एवं स्थानीय निवासियों ने योगदान दिया। इस दौरान राधेश्याम कुमार, अरुण कुमार, जितेश राणा, सनी कुमार, विजय सिंह, मनोज सिंह, आनंद कुमार, मनीष कुमार, यश कुमार, सोनू कुमार,आशीष कुमार, प्रमोद कुमार, शंभू जी, मुकेश कुमार, संदीप कुमार, अजीत पांडे, शशि कुमार, प्रशांत कुमार, संतोष गुप्ता, आदि सहित सैकड़ो कार्यकताओं ने अपना सेवा और योगदान दिया।

बगहा पुलिस की कार्रवाई में 05 अभियुक्त गिरफ्तार, 03 मिट्टी लदा हुआ ट्रैक्टर व 01 मोटरसाईकिल बरामद

- बगहा पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान 39,000 रुपए का लगाया जुमार्ना

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा।बगहा पुलिस जिला में गुरुवार को विगत 24 घंटा में 05 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है।कुल-01 अजमानतीय वारंट का निष्पादन किया गया है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दिया।उन्होंने बताया कि बगहा थाना,पटखौली थाना,रामनगर थाना,लौकरिया थाना द्वारा शराब के काण्ड में 05 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 03 ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी लदा हुआ, एक ट्रैक्टर ट्राली एवं 02 जे०सी०बी० जब्त किया गया हैं।वही 21.5 लीटर देशी शराब एक मोटरसाईकिल भी बरामदगी की गई हैं।इस संबंध में संबंधित थाना द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।एसपी एस.के सरोज ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जाँच किया गया।जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा 16,500, रामनगर थाना द्वारा-10,500, धनहाँ थाना द्वारा-6,000, बगहा थाना द्वारा-4,000, चौतरवा थाना द्वारा-2,000 इस प्रकार कुल 39,000 रुपए का जुमार्ना लगाया गया।

बगहा नगर के ओमनगर कॉलोनी का उपसभापति रश्मि रंजन ने फीता काटकर किया उद्घाटन

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा।बगहा नगर स्थित महिला थाना व एसीसी एसटी थाना के पास न्यू कॉलोनी ह्लओमनगरह्व का नगर परिषद,बगहा की उपसभापति रश्मि रंजन द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।उपसभापति रश्मि रंजन को शिक्षक नेत्री नलीनी श्रीवास्तव ने माला व शॉल पहनकर सम्मानित किया गया।ह्लओमनगरह्व कॉलोनी के उद्घाटन विधिवत रूप से मंत्र उच्चारण व पूजा अर्चना के बाद रश्मि रंजन द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के बाद सम्मान समारोह किया गया। जिसमें पंडित उमाशंकर महिला महाविद्यालय के प्राचार्य अरविंद तिवारी,सेवानिवृत्ति बगहा स्टेशन अधीक्षक सह रेल यूनियन नेता जयकुमार प्रसाद,राष्ट्रीय न्यायिक कर्मचारी संघ के संरक्षक डॉ शकील मोईन,डॉ कृष्ण मोहन राय, अमर सिंह, कामरान अजीज ,छोटे श्रीवास्तव,उत्कर्ष वर्मा,वार्ड पार्षद पप्पू राव,जितेंद्र तिवारी,प्राचार्य बीबीएन कॉलेज सुबोध श्रीवास्तव,बगहा स्टेशन अधीक्षक संतोष पांडेय , उपसभापति प्रतिनिधि पति रवि गुप्ता,शशि पांडे,अनुराग श्रीवास्तव आदि को सम्मानित किया गया। ओम नगर के इस उद्घाटन के बाद ओमनगर वासियों ने बगहा नगर द्वारा मिलनी वाली सुविधाओं जिम कूड़ा उठाओ, नाली, पानी और पीसीसी आदि की मांग उपसभापति से की गई है। जिस उपसभापति रश्मि रंजन ने आश्वासन दिया है कि नगर द्वारा मिलने वाली सुविधाएं ओम नगर वासियों मिलेगी। उद्घाटन में मौजूद लोगों ने न्यू कॉलोनी ह्लओमनगरह्व के उद्घाटन की ढेर सारी शुभकामनाएं नगर वासियों को दिए।

का. विष्णुदेव यादव नहीं रहे

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह। पार्टी राज्य कमिटी सदस्य का. विष्णुदेव प्रसाद यादव, बेलहियां, पूर्वी चंपारण का निधन कल लू लगने से 4.10 बजे अपराह्न में आरा सदर अस्पताल में हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक गांव बेलहियां में उनके परिवार, परिजनों,पार्टी समर्थकों और भाकपा माले महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य, विधायक वीरेंद्र गुप्ता समेंत सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में श्रद्धांजलि सभा के साथ संपन्न हुआ। वे लोकसभा चुनाव की तैयारी में आरा लोकसभा के आरा विधान सभा क्षेत्र के धोबहां इलाके में कार्यरत थे। 3.30 बजे अपराह्न में वे पेशाब करने बाहर निकले और लू लगने से बेहोश होकर गिर गए। तुरत ही साथियों ने उन्हें आरा सदर अस्पताल लाया, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। कॉमरेड विष्णु देव यादव छात्र राजनीति से भाकपा माले से जुड़े और भाकपा माले के सक्रिय राजनीति में आ गए। पुर्वी और पश्चिम चंपारण में सामान्य रूप से काम किए हैं। मृदुभाषी और मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्तित्व के मालिक थे जिनसे मिलते उनपर अपनी छाप छोड़ दिया करते थे। संयुक्त चंपारण के आदापुर छौड़ादानो, मोतिहारी, बेतिया से लेकर बाल्मीकिनगर तक जनता के हर सुखदुख में शामिल हो भाकपा माले को बढ़ाने में बड़ी योगदान किये है। वर्ष 2010 में भाकपा माले के टिकट पर बाल्मीकिनगर विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के बतौर चुनाव भी लड़ा। वयक्तिगत तौर पर हमने राजनीतिक संघर्षों के साथी को खोया है।उनका अचानक असमय चले जाना अपने परिवार, पार्टी और समाज के लिए अपुरणीय क्षति है। हम भाकपा माले के तरफ से अश्रुपूरित नैनों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़े हैं। का. विष्णुदेव यादव को लाल सलाम!

संक्रमण से बचने के लिए माहवारी के वक्त सैनिटरी नैपकिन का करें प्रयोग : डीआईओ

एएनएम कॉलेज के छात्राओं का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

प्रात :किरण संवाददाता

मोतिहारी। जिले में माहवारी स्वच्छता के संदेश लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों व सामुदायिक स्थानों पर बैनर, पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करते हुए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ताकि छात्राएं, युवतियां व आम महिलाए भी माहवारी स्वच्छता के संदेश से परिचित हो सकें एवं साफ–सफाई न करने से इसके होने वाले दुष्प्रभाव को जान सकें। सदर अस्पताल मोतिहारी कैंपस स्थित एएनएम कॉलेज मे स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, सी थ्री एवं पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से माहवारी स्वच्छता सप्ताह के तहत सभी एएनएम छात्राओ को प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. श्रवण कुमार पासवान, डीआईओ डॉ. शरत चंद्र शर्मा, डीसीएम नंदन झा की उपस्थिति में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एएनएम छात्राओं के बीच जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी के द्वारा माहवारी से संबंधित जानकारी देते हुए बताया गया की माहवारी एक स्वाभाविक प्रक्रिया है जिससे घबराने या भयभीत होने ही आवश्यकता नहीं है, बल्कि इस समय हमे अपने निजी स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। माहवारी के समय संक्रमण से बचने हेतु सैनिटरी नैपकिन के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु बताया। उन्होंने बताया की अब ये नैपकिन सस्ते दर पर जीविका समूह एवं अन्य संस्थानों के द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी छात्राओं को इस दौरान आने वाली सामान्य परेशानी के निदान के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता, पहेली की सहेली, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे माहवारी से संबंधित सवालों को पूछा गया और अंत में विजेता की घोषणा की गई प्रथम स्थान सुरुचि कुमारी, द्वितीय स्थान ग्रुप चार और तृतीय पुरस्कार ग्रुप छः को प्रशस्ति पत्र और इनाम के रूप में पठन सामग्री का वितरण किया गया। इसके साथ उपस्थित सभी छात्राओं को एकदिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रशस्ति-पत्र दिया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन ने बच्चियों को संबोधित करते हुए बताया कि आपलोग चिकत्सा के क्षेत्र में भविष्य है और अपने घर में अपने से छोटे को माहवारी के विषय में जरूर जानकारी दें, ये हर एक किशोरियों के लिए अपने जीवन का पहला कठिन अनुभव होता है, सभी किशोरियों को किशोरावस्था में ही माहवारी की जानकारी होना आवश्यक है। कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन के राणा फिरदौस, अरविन्द कुमार, सी थ्री से आदित्य राज ने सहयोग किया।

बगहा में तेज आंधी से टूटे तार,13 घंटे ठप्प रहा बिजली,पानी की सप्लाई भी बाधित

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा।बीते रात बगहा क्षेत्र में आंधी तूफान का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है।बगहा नगर मे गुरुवार के देर रात करीब सात बजकर पचास मिनट पर अचानक मौसम ने पलटा खाया और तेज तूफान के साथ करीब 1 घंटे तक बारिश हुई।बारिश के चलते सड़कों पर पानी बह निकला।वही बगहा एक ब्लॉक कैंपस में लगे एक आम पेड़ पर आंधी तूफान ढह गया तो वही दूसरा पेड़ भी छतिगस्त हो गया हैं वो कभी टूटकर गिर सकता हैं। अचानक आए आंधी तूफान से कई जगहों पर पेड़ टूटकर बिजली के तारों पर जा गिरा।जिसके चलते 33 केवी ग्रिड की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई और पोल टूट कर क्षतिग्रस्त हो गए साथ ही कस्बे की बिजली आपूर्ति ठप हो गई।यह 13 घंटे बाद बहाल हो सकी।वही बिजली नहीं रहने बगहा ब्लॉक एक कैंपस में कार्य करने कर्मियों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ी साथ ही गर्मी से लोग बेहाल रहें। बगहा बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु,एसडीओ अमित कुमार,जेई शशिभूषण कुमार ने बताया कि अंधड़ के कारण 33 केवी की लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण नगर की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई थी।जिसके बाद कर्मियों के प्रयास से शुक्रवार को 11 बजकर 30 मिनट पर लाइन को दुरुस्त कर आपूर्ति को बहाल कर दिया गया।बिजली आपूर्ति ठप्प होने से नगर में पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो गई।जिसके कारण नगरवासी परेशान होते रहे।पेयजल के लिए नगर में हैंडपंप पर लोगों की भीड़ लगी रही। बिगड़े मौसम से परेशानी:- कस्बे सहित क्षेत्र मे गुरुवार को बिगड़े मौसम ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी।तेज आंधी और बारिश ने यहां व्यापक नुकसान किया।कई पेड़ सहित बिजली के पोल व तार टूट गए।जिससे गुरुवार को क्षेत्र में कई घंटे तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही और लोगों को बिजली के साथ पेयजल समस्या का सामना करना पड़ा।पानी के लिए हैंडपंप पर भीड़ लगी रही।हालांकि बारिश से तापमान में कुछ कमी आई है।

रेमल आंधी का व्यापक असर कई जगहों से विधुत पोल और पेड़ उखड़े वाल्मीकिनगर परिक्षेत्रों में ब्लैक आउट हुआ

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया(प.च)।नेपाल और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित बगहा व वाल्मीकिनगर में रेमल तूफान का बड़ा असर देखने को मिला है। बीती रात से तेज आंधी के साथ हुई बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। हालांकि उमस भरी भीषण गर्मी से लोगों को हल्की राहत जरूर मिली है।

दरअसल तेज आंधी में कई जगहों पर पेड़ और हाईटेंशन तार गिर गए। वहीं कुछ लोगों की झोपड़िया भी उड़ गईं।

नगर थाना अंतर्गत एनएच 727 गोरखपुर बेतिया मुख्य सड़क से सटे डीएम एकेडमी चौक पर पेड़ गिरने से आवागमन घंटो बाधित रहा। दोनों तरफ जाम की स्थिति बन गई।

बतादें की चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी की तपिश से लोग बेचैन थे। इसी बीच रात तेज आंधी उठी और फिर बारिश हुई। जिसके बाद कई इलाकों में हाई टेंशन तार टूटकर गिर गए, वहीं कुछ जगहों पर पेड़ गिरने से बिजली के पोल तार टूट गए। लिहाजा रात से हीं विद्युत आपूर्ति बाधित है। भले हीं आंधी और बारिश से लोगों को गर्मी से मामूली राहत मिली हो लेकिन जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया।

इधर यूपी सीमा पर स्थित पिपरासी थाना क्षेत्र के मुडाडीह पंचायत के चनकुहा गांव में नल जल की पानी टंकी गिरने से एक युवती की दर्दनाक मौत हो गईं। तेज आंधी पानी से सागवान के सरकारी पेड़ भी गिर गया लिहाजा रास्ता अवरूद्ध हो गया। करीब चार किलोमीटर पैदल चलकर घटना स्थल पर पहुंचे पिपरासी थानाध्यक्ष अशोक कुमार शव के पोस्टमार्टम करवाने के लिए परिजनों को मनाने लगे लेकिन परिजन घटना से इंकार कर शव देने को राजी नहीं हुए।वहीं वाल्मीकिनगर के हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित मेन रोड मुन्ना चाय दुक्सन के सामने आम के पेड़ की भाड़ी टहनी गिर गई।

मझौलिया में किसान नेता ने खरीफ महोत्सव की खानापूर्ति का लगाया आरोप

- जागरूकता के अभाव में महंगे दामों पर धान बीज खरीदने को विवश है किसान

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया(मोहन सिंह)।मझौलिया निवासी सह जिला किसान नेता अशोक मिश्रा ने खरीफ महोत्सव को खाना पूर्ति बताते हुए जिला पदाधिकारी से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि प्रखंड कृषि कार्यालय द्वारा लोगों के बीच जागरूकता के अभाव में धान समेत अन्य बीज को ग्रामीण क्षेत्र के किसान महंगे दर बीज खरीदने को विवश हैं।किसान आर्थिक एवं शारीरिक तंगी से जूझ रहे हैं इसके बावजूद भी छोटे-छोटे किसानों को धान का बीज नहीं मिल पा रहा है।प्रखंड मुख्यालय में केवल खरीफ महोत्सव की खानापूर्ति कर अपने चहेते किसान या बड़े-बड़े किसानों को ऑनलाइन आवेदन कराकर बीजों का बंदरबांट कर रहे हैं जो किसान के लिए चुनौती का विषय है।क्षेत्र में अधिकतर किसान सलाहकार किसान समन्वयक नहीं जाकर इसकी जानकारी किसानों के बीच देते हैं।जब इसके बारे में प्रखंड कृषि कार्यालय से जानकारी ली गई तो बताया गया कि प्रखंड कृषि पदाधिकारी के घर शादी है।प्रखंड कृषि कर्मी इस संबंध में ऑनलाइन आवेदन करने की बात कह कर कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं।वही किसान नेता ने बताया कि समय रहते किसानों को बीज नहीं मिल पाता है तो किसानों के सामने भुखमरी की संकट उत्पन्न हो जाएगी। इस संदर्भ में प्रखंड कृषि पदाधिकारी का मोबाइल स्विच ऑफ होने के कारण पक्ष नहीं लिया जा सका है।

अलर्ट मोड में पोषक क्षेत्र में पहुंचकर अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का करें निर्वहन:अंचलाधिकारी

प्रात :किरण संवाददाता

मझौलिया(प.च)।लोक सभा चुनाव का समय बीत गया अब राजस्व संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं चलेगी अबअलर्ट मूड में पोषक क्षेत्र में पहुंचकर अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का निर्वहन निष्ठा पूर्वक करें।उक्त बातें अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने शुक्रवार को अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारियों की सप्ताहिक की बैठक की समीक्षा के दौरान कही।उन्होंने बैठक के दौरान निर्देश दिया की किसानों का आधार सीडिंग का कार्य लक्ष्य के काफी पीछे चल रहा है उसे हर हाल में पूरा करें। वही आरटीपीएस अनुमंडल एवं जिला लोक शिकायत निवारण दाखिल खारिज परिमार्जन एवं आम जनता द्वारा दिया गया आवेदन की जांच रिपोर्ट समय पर दें।उन्होंने पंचायत वार राजस्व कार्यो का समीक्षा करते हुए गाइड लाइन जारी की इस बैठक में सभी राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

हॉनरेबल जस्टिस अपने धर्मपत्नी के साथ किया माता आरन देवी का दर्शन

आरा। माता अरण्य देवी के मंदिर प्रांगण में हॉनरेबल जस्टिस अनिल कुमार सिंह अपने धर्मपत्नी के साथ आकर मां के पूजा अर्चना किया इसके उपरांत माता अरण्य देवी मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों के द्वारा उन्हें मां का चित्र और चुनरी देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राधा चरण सेठ के सुपुत्र समाजसेवी कन्हैया कुमार सचिव अरविंद पांडे, अशोक कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह गजेंद्र सिंह, श्रवण जलान, गोलू बाबा, मनोज बाबा, सोनू गुप्ता, अमित, अंकित, छोटू सहित सभी लोग मौजूद थे

31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया

आरा : 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सदर अस्पताल, आरा के जी.एन.एम भवन में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ. प्रवीण कुमार सिन्हा, एन.सी.डी.ओ. ने तम्बाकू के दुष्परिणामों की चर्चा की, साथ ही साथ सभी उपस्थित प्रतिभागियों को कोटपा 2003 के संबंध में धारा- 4, धारा- 6अ, धारा- 6इ, धारा -5 एवं धारा -7 को विस्तार पूर्वक जानकारियों से लोगों को अवगत कराया और सभी को संयुक्त रूप से तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। तम्बाकू के दुष्परिणामों में कैंसर, हार्टअटैक, ब्रेन अटैक, नपुंसकता, रेसपारेट्री फैल्युर और कार्डियक फैल्युर आदि के बारे में गंभीरता पूर्वक तम्बाकू के निषेध पर बल दिया। तम्बाकू के कोटपा 2003 के धारा- 4, धारा 6अ धारा-6इ, धारा -5 और धारा -7 के संबंध में जानकारियां साझा किया। पब्लिक प्लेस पर तम्बाकू सेवन करना वर्जित है, 18 वर्षो से कम के युवाओं को तम्बाकू की खरीद बिक्री पर प्रतिबंधित है, स्कूल व कॉलेज परिसर से 100 यार्ड के अंदर तम्बाकू बेचने की अनुमति नहीं है, इस बात पर जोर दिया।

गरीबनाथ मंदिर धनौरा में अखंड अष्टयाम शूरू

जिले के गरीबनाथ मंदिर धनौरा परिसर मे मंदिर निर्माण एवं रूद्र महायज्ञ के वार्षिकोत्सव के शुभ अवसर पर अखंड अष्टयाम का आयोजन किया गया।जिले के सुप्रसिद्ध भोजपुरी लोक गायक पूर्व मुख्यमंत्री दरोगा प्रसाद रामयाण कीर्तन एवम् अष्टयाम मंडली के बयास रासबिहारी राय के नेतृत्व मे श्रीराम जय राम जय जय राम,गौरीशंकर सीताराम के मधुर धुन से कोठियां-नरांव का क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। अष्टयाम का आयोजन मंदिर सेवा समिति एवं ग्रामीणो के सहयोग से हो रहा है जिसमे मुख्य आचार्य नंदकिशोर ओझा एवं मंदिर पुजारी ललन उपाध्याय मुख्य रहे।

मतगणना के दिन जश्न मनाने वालो पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर

पानापुर(सारण)आगामी 4 जून को मतगणना के दिन थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए शुक्रवार को स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयीबैठक में उपस्थित बीडीओ राकेश रौशन ,सीओ अभिजीत कुमार एवं थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने शख्त हिदायत देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसा कमेंट न करे जिससे समाज मे कटुता एवं वैमनस्य की भावना उत्पन्न हो उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में किसी की जीत या हार वास्तव में लोकतंत्र की जीत होती है इसलिए सभी लोग इसे संयम के साथ स्वीकार करें उन्होंने कहा कि अनर्गल पोस्ट करनेवालों एवं माहौल बिगाड़ने वालो पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।

चंडीगढ जा रहे मां व पुत्र के अत्यधिक गर्मी के कारण ट्रेन में हुई मौत

परसाः-हरिहरनाथ एक्सप्रेस ट्रेन से चंडीगढ़ जाने के क्रम में सुल्तानपुर स्टेशन के समीप अत्यधिक गर्मी के कारण परसा के मा बेटा की मौत की खबर पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है।मृतका परसा थाना क्षेत्र के अन्याय निवासी स्व राजेंद्र महतो की पत्नी 54 वर्षीया किशोरी देवी बताई गई है व पुत्र 37 वर्षीय प्रदीप कुमार बताया गया है।इधर मा बेटा की मौत खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर है।हालाकि घर में ताला बंद पड़ा है और लोग घर के बाहर ही खड़े होकर दोनो की मौत की चर्चा करते है।घटना को लेकर भाई दीपक महतो ने बताया कि गुरुवार को मां भाई व बहन तीनों लोग हरिहरनाथ एक्सप्रेस गाड़ी से चंडीगढ़ जा रहे थे।

हिट स्ट्राइक के 130 बेड पूरी तरह चालू स्थिति में रखने के निर्देश : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

गया। विगत कुछ दिनों से गया जिला का तापमान 45 डिग्री से ऊपर रह रहा है, जिसके कारण हीट वेव का पूवार्नुमान मौसम विभाग द्वारा अलर्ट जारी है। हीट वेव को लेकर मगध मेडिकल अस्पताल में हीट वेव से जुड़े मरीजों को क्या-क्या सुविधा दिए जा रहे हैं इस संदर्भ में मगध मेडिकल अस्पताल का औचक निरीक्षण जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा किया गया है।अभी के समय में मगध मेडिकल अस्पताल के हीट स्टॉक वार्ड में 32 मरीज भर्ती हैं इसके अलावा प्रत्येक पाली में दो डॉक्टर तथा 6 वार्ड अटेंडेंट तथा 6 नर्स प्रतिनियुक्त हैं। जिला पदाधिकारी ने नाराजगी के व्यक्त करते हुए अधीक्षक मगध मेडिकल को कहा कि वर्तमान समय में हीट वेव की पूरी संभावना है और अनुमान है कि मरीजों की संख्या में एकाएक बढ़ोतरी होगी। उक्त परिपेक्ष में शिफ्ट वार चिकित्सकों की संख्या को बढ़ावे। इसके अलावा प्रत्येक बेड पर नर्सिंग स्टूडेंट्स को लगाकर मरीजों को देखभाल करावे। उन्होंने निर्देश दिया कि सलाइन एवं आइस पैक की पूरी व्यवस्था रखें। पारा मेडिकल स्टाफ का आकलन कर शिफ्ट वर 12-12 की संख्या में हीट स्ट्रोक वार्ड में डिपयूट करें। डीएम ने निर्देश दिया कि मरीज को देखते हुए चिकित्सक यह आकलन करने की मरीज हीट स्ट्रोक से संबंधित है या नहीं, हीट स्ट्रोक से संबंधित मरीज रहने पर उसे तुरंत हीट स्ट्रोक वार्ड में भेजे, ना की इमरजेंसी वार्ड में रखकर उन्हें उपचार करें। हीट स्ट्रोक वार्ड में कुल 96 बेड है, उसे पूरी तरह चालू करवाये। इसके अलावा ट्रामा सेंटर, मेडिसिन वार्ड, लेक्चर वार्ड को भी पूरी तरह तैयार करके रखें ताकि मरीजों की संख्या बढ़ने पर इस प्रयोग में लाया जा सके। हीट स्ट्रोक से आने वाले सभी मरीजों का प्रॉपर ट्रीटमेंट करना मगध मेडिकल अस्पताल का पहली प्राथमिकता है।हीट स्ट्रोक वार्ड के बाहर सुरक्षा में लगे सिक्योरिटी के कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि अनधिकृत रूप से कोई भी व्यक्ति इस वार्ड में प्रवेश न करें इसे हर हाल में सुनिश्चित करावे। वार्ड के बाहर मरीज के परिजन की भीड़ को देखकर जिला पदाधिकारी ने बारी बारी से उनसे जानकारी लिया कि कहां से आए हैं कब और कहां पर हीट स्ट्रोक की घटना हुई, वर्तमान समय में इलाज कैसा चल रहा है। उनके मरीज रिकवर कर रहे हैं या नहीं इत्यादि की पूरी जानकारी ली गई है। परिजन ने डीएम को अस्वस्थय कराया कि मरीज का इलाज काफी अच्छे से यहां हो रहा है। मरीज को कोई असुविधा नहीं हो इसे अच्छे से सुनिश्चित करवाये। इमरजेंसी टाइप वाले मरीज अर्थात वैसे मैरिज जिसे तुरंत ही इलाज की आवश्यकता है उसे टाइप के मरीजों को काफी संवेदनशीलता एवं प्रायरिटी से ट्रीटमेंट करना होगा।डीएम ने कहा कि पीडिया वार्ड को तुरंत फंक्शनल बनाएं और सर्जरी के पश्चात भर्ती मरीजों को पीडिया वार्ड में भर्ती करावे ताकि सर्जरी वार्ड को हीट स्ट्रोक के रूप में प्रयोग कर सके। इमरजेंसी वार्ड में गर्मी को देखते हुए कोई तैयारी नहीं देखने पर जिला पदाधिकारी ने हॉस्पिटल मैनेजर को निर्देश दिया कि आज ही रेंट पर टावर एसी लगवाएं ताकि मरीजों को राहत मिल सके।लेक्चर वार्ड में काम से कम 25 बेड लगाने के लिए व्यवस्था करावे, इसके अलावा मरीज के इलाज के लिए विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं को पूरी तरह दुरुस्त अगले 24 घंटे के अंदर करवाने को कहा है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि मगध मेडिकल अस्पताल में हीट स्ट्रोक से संबंधित एक साथ 130 मरीज के उपचार की व्यवस्था के अनुरूप ही पूरी तैयारी करें हर हाल में 130 बेड पूरी तरह चालू स्थिति में रखें। जिला पदाधिकारी ने अपर समाहर्ता आपदा को निर्देश दिया है कि प्रतिदिन मगध मेडिकल अस्पताल के हीट स्ट्रोक वार्ड का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा उन्होंने अधीक्षक मगध मेडिकल को निर्देश दिया है कि प्रतिदिन संध्या को हीट वेव संबंधित बुलेटिन जारी करना सुनिश्चित करें ताकि आम जनता को भी स्पष्ट जानकारी मिल सके।इस निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन गया, डीपीएम स्वास्थ्य, नोडल पदाधिकारी हीट वेब सहित अन्य पदाधिकारी एव डॉक्टर, नर्स उपस्थित थे।

लू से मचा कोहराम, इलेक्शन ड्यूटी में तीन कमार्चारियों समेत पांच की गई जान

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बिहार में हिट वेव का कहर जारी है। भोजपुर जिले में आरा लोकसभा के साथ-साथ अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए 1 जून को वोट डाले जाने हैं। इसको लेकर चुनाव में कर्मियों की ड्यूटी लगी हुई है लेकिन अचानक इस हीट वेव की चपेट में आने से गुरुवार को पांच लोगों की मौत हो गई जिसमें तीन चुनावकर्मी शामिल हैं। भोजपुर जिलाधिकारी महेंद्र कुमार सदर अस्पताल पहुंचकर इलाजरत मतदानकर्मियों को देख रहे हैं।

अचानक कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ने के बाद आननफानन में उनको सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल कायम रहा। इसमें चुनाव कार्य में लगे आरा के शिवगंज अंबेडकर कॉलोनी निवासी राजेश राम, गोपालगंज से आए हुए होमगार्ड जवान धनराज सिंह, आरा के नाला रोड निवासी कर्मचारी रविंद्र भूषण, आरा के नवादा रोड के रहने वाले कर्मचारी एमडी आसीन और मुजफ्फरपुर के सिंचाई विभाग के कर्मी संजय कुमार सिंह शामिल हैं।इसके अलावा आधा दर्जन से ज्यादा कर्मचारियों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है. कुछ का इलाज आरा के सदर अस्पताल में कराया जा रहा है. जबकि कुछ की गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है. इसमें सिपाही विजय कुमार, होमगार्ड जमाना रविंद्र शर्मा, बड़ा बाबू के पोस्ट पर तैनात नालंदा जिला निवासी अमरेंद्र कुमार, चतुर्थ वर्गीय कोईलवर के रहने वाले कर्मचारी राजकुमार प्रसाद शामिल हैं। इस संदर्भ में भोजपुर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि निर्वाचन कार्य में लगे तीन कर्मियों की हिट वेव से मौत हुई है। उनको अस्पताल ले जाया गया था लेकिन उनको बचाया नहीं जा सका। लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों पर मेडिकल किट के साथ स्वास्थ्यकर्मियों की व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटा जा सके। लोकसभा का चुनाव भी कराना जरूरी है।

नारी शक्ति जनकल्याण को प्रोत्साहित करने वाली लोकमाता देवी थी अहिल्या बाई

प्रात : किरण संवाददाता

गया।राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के बिहार प्रदेश के अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन कार्यालय में मनाई गई।सर्वप्रथम उनके चित्र पर माला पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन की गई। इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा नारी शक्ति की प्रतिमूर्ति एवं शासन व्यवस्था में जनकल्याण को प्रोत्साहित करने वाली लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर भारतीय इतिहास को स्वर्ण अक्षर से लिखने वाली व्यक्ति थीं। उन्होंने मराठा साम्राज्य की, पेशवा के राजनीतिक और साम्राज्यिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अहिल्याबाई का जन्म 1725 ईसा पूर्व मध्य भारत के मालवा में हुआ था।अहिल्याबाई के पति श्रीमंत राजा शिंदे थे, जो इंदौर के महाराजा थे। उनके पति की मृत्यु के बाद, अहिल्याबाई ने राजनीतिक मामलों में सक्रिय भूमिका निभाई और मराठा साम्राज्य को विस्तारित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने महाराष्ट्र के प्रमुख बालाजी बाजीराव के साथ सहयोग किया और उनकी सेना में समर्थ ताकत बनाई है।अहिल्याबाई का शासनकाल उनके नेतृत्व और साहस की कहानी है। उन्होंने नागपुर, इंदौर, ग्वालियर, और जबलपुर जैसे क्षेत्रों में अपना शासन स्थापित किया। अहिल्याबाई की महानता उनके नेतृत्व, साहस, और देशभक्ति में थी। विश्व प्रसिद्ध मंदिर विष्णुपद गया जी की संरचना महारानी अहिल्याबाई होलकर के द्वारा 1787 में कराई गई थी अहिल्याबाई होलकर धार्मिक और सामाजिक उत्साह के कारण धार्मिक स्थलों का निर्माण करतीं थी और उनके द्वारा बनाए गए धार्मिक स्थल आज विश्व प्रसिद्ध मंदिरों के श्रेणी में गिने जाते हैं।देवी अहिल्याबाई का 18 अप्रैल 1795 को नागपुर में निधन हुआ। उनकी उपलब्धियों और साहसिकता की यादें आज भी भारतीय जनता के दिलों में जीवित हैं। उनकी 300 वीं जयंती पर हम सभी उनके योगदान को समर्पित करते हैं और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनकी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह, महेश यादव जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर,मंटू कुमार,बबलू गुप्ता आदि जन शामिल होकर नमन किया है।

जिलाधिकारी ने गाँव मे जाकर ग्रामीणों से निर्भिक होकर मतदान करने का आह्वान किए

प्रात : किरण संवाददाता

गया।लोकसभा आम निर्वाचन चुनाव की अंतिम चरण कल मतदान कल होना है, उसमे जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के गया जिला अंतर्गत अतरी विधानसभा पड़ता है, इस क्षेत्र का भी चुनाव कल ही होना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने पोलिंग पार्टी डिस्पैच एवं डिस्पैच का कार्य करवाते हुए के बीच ही अतरी विधानसभा के अनेको दूरस्थ टोलों का घूम कर निरीक्षण किया गया है।

एव ग्रामीणों से बात चीत करते रहे कि वोट देने में कही कोई समस्या है या नही। डीएम ने चिलचिलाती दोपहर को स्वमं गया जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर नीमचक बथानी प्रखंड पहुच कर अनेको गाँव, टोलो का विजिट किया गया है। और ग्रामीणों से मतदान से संबंधित कोई समस्या हो रही है अथवा नही, इसकी जानकारी भी लेते रहे हैं।ग्रामीणों से बताया कि अपनी स्वेच्छा से मत का प्रयोग करेंगे।

कही कोई समस्या नही है। डीएम ने कहा कि आप सभी पूरी निर्भीक होकर अपना मतदान करे। आप सभी के लिये शांति पूर्ण वातावरण में चुनाव कार्य हो इसके लिये हर स्तर पर तैयारी की गई है।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर किया गया शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

भोजपुर। आरा सिविल कोर्ट में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने उपस्थित सभी पैनल अधिवक्ता एवं पारा विधिक स्वयंसेवकों के साथ तंबाकू का सेवन नहीं करने हेतु सभी के साथ सामूहिक शपथ लेते हुए कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस के इस अवसर पर हम सभी यह शपथ लेते हैं कि मैं कभी भी धूम्रपान व अन्य किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करूंगा एवं अपने परिजनों या परिचितों को भी धूम्रपान व अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करूंगा। मैं अपने कार्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त रखूंगा और अपने सहयोगियों को भी इसके लिए प्रेरित करूंगा।अवर न्यायाधीश सह अपर मुख्य न्यायाधीश अधिकारी सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गौतम कुमार के अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। पैनल अधिवक्ता कृष्ण गोपाल मिश्रा, कुमार रोशन, अमृत आनंद, रूबी कुमारी, सीताराम ठाकुर, सुनील कुमार चौधरी, अवनींद्र कुमार त्रिपाठी एवं अन्य लोगों उपस्थित थे।

भोजपुर की जनता किसको पहनाती है ताज

प्रात : किरण संवाददाता

भोजपुर। आरा लोक सभा क्षेत्र गंगा और सोन नदी से गिरा हुआ है। इसके पूरब में सोन नदी है तो उत्तर में पावन गंगा नदी। सोन और गंगा का पवित्र संगम स्थल भी इसी क्षेत्र के अंतर्गत आता है। आरा लोक सभा क्षेत्र बिहार के उन लोकसभा क्षेत्रों में शामिल है जिनके अंतर्गत सात विधान सभा क्षेत्र आते हैं। इनमें आरा विधान सभा क्षेत्र, बड़हरा विधान सभा क्षेत्र, शाहपुर विधान सभा क्षेत्र, जगदीशपुर विधान सभा क्षेत्र, संदेश विधान सभा क्षेत्र, अगियाँव विधान सभा क्षेत्र और तरारी विधान सभा क्षेत्र शामिल हैं। आरा लोक सभा क्षेत्र 1977 में अस्तित्व में आया। आरा लोक सभा क्षेत्र में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच आमने-सामने की लड़ाई है। एनडीए से केंद्रीय मंत्री तथा सांसद आरके सिंह तो वहीं इंडिया गठबंधन की तरफ से भाकपा(माले) के सुदामा प्रसाद चुनावी रण में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वर्ष 2014 के लोक सभा चुनाव में भाजपा के आरके सिंह ने राजद के श्रीभगवान सिंह कुशवाहा को हराकर चुनावी बाजी जीती थी। आरके सिंह को कुल 3.91 लाख मत मिले तो वहीं श्रीभगवान सिंह कुशवाहा को 2.55 लाख मतों से ही संतोष करना पड़ा था। दुबारा वर्ष 2019 के लोक सभा चुनाव में भाजपा के आरके सिंह 5.66 लाख मत पाकर विजयी घोषित हुए जबकि भाकपा(माले) के राजू यादव को 4.19 लाख मत प्राप्त हुए थे। वर्ष 2014 और 2019 के लोक सभा चुनाव में आरा लोक सभा क्षेत्र की जनता ने 1975 बैच के आइएएस अधिकारी और देश के गृह सचिव रह चुके राजकुमार सिंह (आर के सिंह) को सर आंखों पर बिठाया था। अब देखना है कि वर्ष 2024 में आरा लोक सभा क्षेत्र की जनता आरके सिंह को जीत का हैट्रिक लगवाती है या तरारी विधान सभा क्षेत्र के विधायक एवं इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुदामा प्रसाद को ताज पहनाती है। सुदामा प्रसाद तरारी विधान सभा क्षेत्र से भाकपा(माले) के विधायक हैं। उन्होंने वर्ष 2015 में पहली बार तरारी सीट पर जीत हासिल की थी। वर्ष 2020 के विधान सभा चुनाव में भी वे दुबारा निर्वाचित घोषित हुए। बहरहाल किसके सिर पर होगा ताज और कौन होगा बेताज, यह तो 4 जून को ही पता चलेगा।

केंद्रीय मंत्री आरके सिंह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास और देश को विकसित राष्ट्र बनाने की बात करते हैं। कोईलवर में सोन नदी पर सिक्स लेन पुल, पटना-बक्सर फोरलेन, आरा स्टेशन का पुनरुद्धार सहित विकास के अनेकों कार्य को गिनाते हैं। वहीं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी एवं तरारी विधान सभा क्षेत्र से भाकपा(माले) के विधायक सुदामा प्रसाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के दौरान बढी बेतहाशा महंगाई, बेरोजगारी, लॉकडाउन और नोटबंदी से देश की खराब हुई आर्थिक स्थिति की तरफ लोगों का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं। वे चुनावी बांड में सत्ताधारी दल भाजपा द्वारा की गई धांधली एवं लूट के साथ-साथ देश के भ्रष्ट नेताओं को भाजपा में मिलाकर उन्हें पाक साफ बनाने का आरोप नरेंद्र मोदी सरकार पर लगा रहे हैं। शाहपुर विधान सभा क्षेत्र के लोगों में आरा-बक्सर फोरलेन पर बिहिया चौरास्ता, बिलौटी, शाहपुर और कुंडेश्वर में अंडर पास नहीं देने से नाराजगी दिख रही है। इन जगहों पर आये दिन सड़क दुर्घटना में लोगों की असमय मौत हो रही है। इसकी शिकायत भी लोगों ने केंद्रीय मंत्री तथा स्थानीय सांसद आर के सिंह से की थी। शाहपुर-बनाही सड़क पर फोरलेन पर अंडरपास तो बना है लेकिन यहाँ पर फोरलेन पर चढ़ने के लिए सड़क नहीं बनी है। यही स्थिति आरा के पास रतनपुर गांव की है। रतनपुर गांव के उत्तर से फोरलेन गया है जहां अंडरपास तो बना हुआ है लेकिन फोरलेन पर चढ़ने के लिए सड़क नहीं बन सका है। यहाँ पर फोरलेन पर चढ़ने के लिए मिट्टी तो भरा गया है परंतु उसको व्यवस्थित करके सड़क का कालीकरण नहीं किया गया है। बनाही स्टेशन पर पहले उद्यान-आभा तूफान एक्सप्रेस, हावड़ा-अमृतसर बनारस एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस जैसी गाड़ियाँ रुकती थीं। परंतु लॉकडाउन के बाद से इन गाड़ियों का ठहराव बंद कर दिया गया। लोगों ने बनाही स्टेशन पर इन गाड़ियों को पुनः रुकवाने की मांग स्थानीय सांसद तथा केंद्रीय मंत्री आरके सिंह से की थी। लॉकडाउन के बाद से पटना जाने और आने वाले पैसेंजर ट्रेनों का भाड़ा बढ़ाकर एक्सप्रेस ट्रेन के बराबर कर दिया गया है। इसकी भी नाराजगी लोगों में है।

दो पलानीनुमा घरों में अचानक लगी आग

प्रात : किरण संवाददाता

दिघवारा नगर।थाना क्षेत्र के मानूपुर पंचायत अधीन उत्क्रमित मध्य विद्यालय ईशुपुर के समीप शुक्रवार की सुबह दो पलानीनुमा घरों में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया और दोनों घरों में रखा सब सामान आग की भेंट चढ़ गया।इसमें लाखों रुपए मूल्य के सामान जलकर राख हो गया।पीड़ित परिवारों की पहचान दिघवारा थाना क्षेत्र के ईशुपुर गांव निवासी बालगोविंद राय और नन्हक राय के रूप में हुई है।अगलगी की घटना के बाद दोनों परिवारों के परिजनों का रोते रोते बुरा हाल था।सबों के अंदर कीमती सामानों के जलकर राख हो जाने का दर्द था।मिली जानकारी के मुताबिक बाल गोविंद राय के घर में अचानक आग की लपटें उठी और इन लपटों को देखकर आसपास के ग्रामीण उसके घरों की तरफ दौड़े और अपने अपने स्तर से आग को बुझाने का प्रयास किया।सबसे पहले घर में मौजूद तीन चार बच्चों को तुरंत निकाला गया वरना एक बड़ा हादसा हो जाता। इसी घटना में घर के पास बंधा मवेशी का एक बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया तो वहीं नन्हक राय के घर में भी आग ने सब कुछ जलाकर राख कर दिया।दोनों घरों में कीमती सामानों के अलावा कपड़े,जरूरी कागजात आग की भेंट चढ़ गए।सैकड़ों ग्रामीणों की तत्परता से आग पर जल्दी काबू पाया लिया गया।ऐसा नहीं होने पर तेज हवा के बीच उक्त बस्ती के कई और घर आग की भेंट चढ़ जाते।

4 जून को मतगणना का परिणाम किसी दल के पक्ष में आयें आपसी भाईचारा कायम रखें : सीओ

एकमा। लोक सभा चुनाव के पश्चात मतगणना को लेकर शांति समिति की बैठक थाना परिसर सीओ कि अध्यक्षता में संपन्न हुई । इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के विभिन्न दल अध्यक्ष व उपाध्यक्ष कार्यक्रता एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई । इस दौरान सीओ राहुल शंकर ने कहा कि 4 जून को चुनाव का परिणाम आयेगा लेकिन किसी भी दल के पक्ष में आए आप सभी लोग आपस में शांति सदभाव भाईचारा कायम रखने के लिए अपील किया । 21 मई को छपरा में हुई घटना कि निंदा करते हुए अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी प्रशासन को हर संभव सहयोग करने के लिए आग्रह किया ।उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी गांव व कस्बों में जातीय उन्माद फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर इसकी सूचना प्रशासन को अवश्य दें। जिससे उसपर काबू पाया जा सके । वही बीडीओ डॉ सत्येंद्र पाराशर ने कहा कि चुनाव का परिणाम के पश्चात किसी तरह का जुलूस पर पाबंदी रहेगी । मतगणना में राजनीतिक या दल से एजेंट नहीं बनेंगे । साथ ही 15 16 18 साल के बच्चों पर अभिभावक कड़ी नजर रखे ताकि किसी तरह का वाद विवाद उत्पन्न नहीं करें। इस मौके पर थाना अध्यक्ष उदय कुमार भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेन्दर नाथ सिंह रोशन सिंह सुरेश राय योगेन्द्र शर्मा जितेंद्र सिंह पवन कुमार चितरंजन सिंह प्रमोद सिंह मौला जिम अंसारी शंभू नाथ मिश्रा आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

ट्रक के तहखाना में छुपाकर रखा गया भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब को पुलिस ने किया जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर। स्थानीय थाना क्षेत्र के बिशुनपुर प्रताप अंकित चिमनी के निकट खड़ी ट्रक से पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया।बीते गुरुवार को चिमनी के पास लावारिस स्थिति में एक ट्रक खड़ी थी।चिमनी मालिक ने इसकी सूचना पुलिस को दिया।पुलिस दिवा गस्ती में पोखरा के पास खड़ी थी।सूचना मिलते ही पुलिस पहुँची।पुलिस को देख एक ब्यक्ति उतरकर मोटरसाइकिल से भागने लगा।पुलिस पकड़ने की कोशिश किया पर वे असफल रहे।ये ट्रक की तहकीकात शुरू कर दिया।शराब माफिया ट्रक में तहखाना बनाकर अंदर रख शराब छुपाया था।जिसे पुलिस ऊपरी चदरा को काट कर हटवाया।पुलिस भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब देख भौचक हो गए।थाना अध्यक्ष पिन्टू कुमार ने बताया कि ट्रक से ऑफिसर च्वाइस विसकी -180 ' का 44 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद किया।प्रत्येक कार्टन में 48 पीस बोतल पाया गया।बोतल पर सेल फॉर उत्तरप्रदेश लिखा हुआ था।जिससे पता चलता है कि यह माल उतर प्रदेश से लाया गया है।रात्री में डिलवरी की योजना थी लेकिन पुलिस के हाथों चढ़ गए।380.160 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई है।इस मामले में पुलिस करवाई करते हुए भागे हुए ब्यक्ति अमनौर के सुल्तानगंज निवासी गोविंद कुमार समेत ट्रक के चालक व मालिक के बीरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की करवाई की है।पुलिस के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।

माँझी के अलग अलग गाँवों में लू लगने के कारण एक महिला समेत तीन लोगों की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। माँझी थाना क्षेत्र के तीन अलग अलग गाँवों में लू लगने के कारण एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पहली घटना माँझी के मियां पट्टी की है जहाँ एक महिला लू लगने से बेहोश हो गई जिसे माँझी सीएचसी में लाया गया तथा बाद में चिकित्सकों ने उसे चिन्ताजनक हालत में छपरा रेफर कर दिया। हालाँकि छपरा में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को शव घर पहुंचते ही चीख पुकार मच गई। मृतका मियां पट्टी निवासी शमसुद्दीन मियां की पुत्री बेबी खातून उम्र 25 वर्ष बताई जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को अपनी मां नजमा खातून के साथ बेटी बेबी खातून सुघर छपरा से दोपहर में घर लौट रही थी। तभी रास्ते में उन्हें चक्कर आ गया और दोनों कुंअर टोली के समीप चकरा कर गिर पड़ी। सूचना मिलने पर ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें मांझी सीएचसी में लाया गया गया। शुक्रवार को शव पहुंचते ही चीख पुकार मच गई एवं देखने वालों की भी उमड़ पड़ी। उधर शुक्रवार को ही माँझी नगर पँचायत के चैनपुर गाँव निवासी अमरनाथ यादव उम्र 45 वर्ष की लू लगने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक माँझी चट्टी स्थित अपनी दुकान पर बैठा था तभी अचानक उसे चक्कर आ गया तथा वहीं पर गिरकर बेहोश हो गया। दुकानदारों ने उसे आनन फानन में माँझी सीएचसी पहुँचाया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तीसरी घटना माँझी के धरहरा गाँव की है जहाँ कल गुरुवार की दोपहर पैदल आ रहे भरत प्रसाद उम्र 50 वर्ष अचानक गिरकर बेहोश हो गए तथा उल्टी होने लगी। बाद में दुकानदारों द्वारा माँझी सीएचसी में लाये जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। माँझी में लू लगने से तीन लोगों की मौत की खबर के बाद ग्रामीणों में दहशत ब्याप्त है। मंगलवार को माँझी बनवार पथ पर कृषि विज्ञान केन्द्र के समीप दो बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में गम्भीर रूप से जख्मी माँझी के पटखौली गाँव निवासी जवाहर साह के पुत्र बीरेन्द्र साह की शुक्रवार को पटना में इलाज के क्रम में मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मुखिया मुन्ना साह ने दी।

हरिकिशोर पाण्डेय के निधन पर श्रद्धान्जलि सभा

प्रात : किरण संवाददाता

हिन्दी, भोजपुरी और अंग्रेजी के विद्वान लेखक, कवि और समीक्षक प्रो. हरि किशोर पाण्डेय के निधन से साहित्य प्रेमियों में शोक की लहर छा गई

संक्षिप्त खबरें

जाति उन्माद फैलने की आशंका से बिहार के आठ जिला अति संवेदनशील

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) 14 जून को लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित होना है इसको लेकर पुलिस मुख्यालय ने विशेष तैयारी को लेकर बिहार के सभी जिला के एसपी को पत्र लिखा है एडीजी कार्यालय सूत्रों के अनुसार बिहार के एडीजी मुख्यालय ने राज्य के सभी पुलिस नोडल पदाधिकारी ने मतगणना वाले दिन की तैयारी को लेकर निर्देश दिया है पुलिस मुख्यालय ने सभी जिले जिले को 4 जून की तैयारी को लेकर दिए गए निर्देश में कहा है कि राज्य में राजनीतिक वातावरण आवेशित है पुलिस मुख्यालय में चुनाव के दौरान हुई विभिन्न लोकसभा क्षेत्र में घटित घटनाओं का भी जिक्र किया है यह भी कहा है कि मतगणना के बाद मुंगेर सारण करकट सिवान शिवहर वैशाली आर और पाटलिपुत्र में सांप्रदायिक और जातीय और राजनीतिक तनाव की आशंका के बीच विशेष निगरानी की आवश्यकता है सूत्रों ने बताया कि पत्र में आगे कहा गया है कि चुनाव परिणाम आने के बाद अगर कहीं पर छोटी घटनाएं होती हैं तो उसे तुरंत नियंत्रित किए जाएं ताकि वह बड़ा रूप न ले सके चुनाव परिणाम आने के दौरान उसके बाद सोशल मीडिया पर भड़काऊ और आपत्तिजनक पोस्ट कर माहौल को बिगड़ने की कोशिश की जा सकती है ऐसे में पुलिस की टीम को सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखनी है इसको लेकर सभी जिले के एसटी और सपा को तकनीकी टीम की सक्रियता रहने को कहा गया है।

आग उगलती गर्मी से नही मिली राहत

दरियापुर।स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र में शुक्रवार को भी आग उगलती गर्मी से कोई राहत नहीं मिल सकी है।जिससे पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गई है।दोपहर के बाद से सड़के सुनसान हो जा रही है।इस उमस भरी गर्मी बच्चो से लेकर बुजुर्गो तक की परेशानियां बढ़चुकी है।स्थानीय ग्रामीण चिकित्सको के समीप बीमार बच्चों की भीड़ जुटने लगी है।हालांकि सभी विद्यालयों के बंद हो जाने से बच्चो तथा अभिभावकों ने काफी राहत महसूस की है।वही गुरुवार की रात बारिश की हल्की फुहार के बाद गर्मी से राहत मिलने के बजाए और ऊमस बढ़ गई।इसके साथ ही तेज हवा के कारण विद्युत आपूर्ति में आई खराबी के कारण लगभग 16 घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई थी।जिससे पेयजल की भी गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई थी।

मरोणोपरांत महिला के परिजन का पीएम जीवन ज्योति योजना दो लाख सहायता राशि मिला

बनियापुर(एसएनबी)।प्रखंड मेढ़ुका गाव मे पिछले दिनों हुई असामयिक निधन के उपरांत मृतिका के परिजन को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत दो लाख रुपया प्राप्त हुआ ' इस अवसर पर परिजनों ने धन्यवाद दिया है।इस सम्बन्ध मेंमिली जानकारी के अनुसार मेढ़ुका सहजितपुर निवासी विक्रमा राय की पत्नी रीता देवी का निधन वर्ष 2022 मे हो गयी थी,जिसके बाद परिजनों ने संबंधित अधिकारियो को उक्त योजना को लेकर आवेदन किया था ' जिस मद से परिजन के नाम दो लाख एसबीआई द्वारा चेक हस्तगत कराया गया है।

शादी समारोह मे शामिल होने जा रहा युवक का सड़क दुर्घटना मे मौत

बनियापुर । बनियापुर एन एच 331 पर पिपरा के समीप शादी समारोह मे शामिल होने जा रहे युवक का अज्ञात वाहन के टककर से घटना स्थल पर ही मौत हो गयी,जहा युवक की बाईक पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी थी। घटना के संबंध मे बताया गया है कि सिवान जिला के बस्तपुर के उसरी गाव निवासी इबादत मिया के पुत्र 5 0 वर्षीय कसीम अंसारी शादी समारोह मे शामिल होने बनियापुर की तरफ जा रहा था की पिपरा के समीप किसी अज्ञात वाहन ने टककर मार दिया,जहा घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी,जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को देते शव को पोस्टमाटम के लिए छपरा भेज दिया।

पटना विश्वविद्यालय आज सिर्फ कुप्रबंधन और मारपीट के लिए जाना जा रहा -पप्पू यादव

हाजीपुर।जाति के नाम पर हत्या का इस बिहार मे मूल्यांकन किया जाता है, किसने हत्या किया और किस जात की हत्या हो रही है।इस पर तय किया जाता है।यहां के नेता संवेदनहीन हैं,किसी घटना या मानवता प्रति उनका भी तो कर्तव्य बनता है कि अपने जनता के हर सुख दुख में खड़ा रहे।ये बातें पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने वैशाली प्रखंड के मझौली गाँव में कही।यहाँ के एक छात्र हर्ष की हत्या पटना विश्वविद्यालय में कर दी गई थी।उन्होंने पत्रकार से बात करते हुए कहा कि पटना के सभी छात्रावास में छात्रों नहीं गुंडों का आरामगाह है.सभी छात्रावास में जाति के आधार पर छात्र रहते हैं और इन नेताओं को जाति के नाम पर वोट लेने की जरूरत होती है तो वह इन्हीं छात्रों के दम पर राजनीति करते हैं।

हीट स्ट्रोक को लेकर एम्स पटना पूरी तरह से है तैयार : कार्यकारी निदेशक डॉ. जीके पाल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। आजकल जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, कई मरीज अपनी बीमारी को लेकर एम्स पटना आ रहे हैं. पिछले 48 घंटों में लगभग 20 मरीज गर्मी के तनाव और हीट स्ट्रोक की शिकायत के साथ अस्पताल आए, इनमें से पांच मरीज गंभीर रूप से बीमार थे।एम्स पटना (प्रशासन) ने आम लोगों के लिए गर्मी से संबंधित बीमारी से बचाव के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

पिछले एक महीने से कार्यकारी निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल के नेतृत्व में एम्स पटना में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।आपातकालीन चिकित्सा विभाग द्वारा जलवायु परिवर्तन पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें महावीर कैंसर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रोफेसर (डॉ.) अशोक घोष ने भाग लिया और पर्यावरण पर प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग और बुरे प्रभाव के बारे में डॉक्टरों और जनता को जागरूक किया।उन्होंने उन्हें प्लास्टिक का उपयोग न करने और वृक्षारोपण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया, आपातकालीन चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. दिवेन्दु भूषण ने हीट स्ट्रेस प्रबंधन पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

संस्थान ने अस्पताल के विभिन्न क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल भी आयोजित की। कार्यकारी निदेशक के साथ चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) अनुप कुमार और उप. निदेशक (प्रशासन) श्री. नीलोत्पल बल ने अस्पताल में कई चक्कर लगाए और आईसीयू, ओपीडी और बेसमेंट जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में सभी सुरक्षा उपायों की जाँच की। मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए ओपीडी और इमरजेंसी में दो वाटर कूलर लगाए गए थे।

मरीजों और उनके परिचारकों को सीधी धूप और लू के सीधे संपर्क से बचाने के लिए दो मरीज शेड क्षेत्र विकसित किए गए। गर्मी से संबंधित बीमारियों के साथ एम्स पटना आने वाले मरीजों के लिए एक अलग हीट स्ट्रोक प्रबंधन वार्ड विकसित किया गया है। एम्स पटना ने हीट स्ट्रोक की रोकथाम के लिए जनता के लिए क्या करें और क्या न करें की सलाह तैयार की है।

गर्मी से बचाओ के लिए क्या करे:

- पर्याप्त पानी पियें और जितनी बार संभव हो पियें, भले ही प्यास न लगी हो
- * हल्के, हल्के रंग के, ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें।
- धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता/टोपी, जूते या चप्पल का उपयोग करें।
- यात्रा करते समय पानी अपने साथ रखें।
- यदि आप बाहर काम करते हैं, तो टोपी या छाते का उपयोग करें और अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक नम कपड़े का भी उपयोग करें।
- यदि आप बेहोश या बीमार महसूस करते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।
- ओआरएस, घर पर बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें जो शरीर को फिर से हाइड्रेट करने में मदद करता है।
- जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी दें।
- अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर या सनशेड का उपयोग करें और रात में खिड़कियाँ खोलें।
- पंखे का प्रयोग करें, गीले कपड़े पहनें और बार-बार ठंडे पानी से नहाएं।

क्या न करे :-

- धूप में बाहर जाने से बचें, खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच।
- जब बाहर का तापमान अधिक हो तो जोरदार गतिविधियों से बचें। दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर काम करने से बचें।
- शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें, जो शरीर को निर्जलित करते हैं।
- उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें।
- पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें।

एम्स पटना में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्रतिज्ञा ग्रहण समारोह का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। एम्स के कार्यकारी निदेशक और सीईओ, प्रोफेसर (डॉ.) गोपाल कृष्ण पाल के नेतृत्व और मार्गदर्शन में 31 मई, शुक्रवार को संस्थान के सभागार में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक ह्लप्रतिज्ञा ग्रहण समारोहह्व का आयोजन किया गया, जहां एम्स पटना के फैकल्टी, रेजिडेंट डॉक्टरों, मेडिकल और नर्सिंग छात्रों और कर्मचारियों द्वारा ह्लनो टोबैको प्रतिज्ञाह्व ली गई। कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर पाल ने तंबाकू के टॉक्सिक और नशीले प्रभावों पर प्रकाश डाला और इसके सेवन से परहेज करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान, एम्स पटना के विभिन्न विभाग के फैकल्टी द्वारा तंबाकू के हानिकारक स्वास्थ्य प्रभावों, तंबाकू बंद करने के तरीकों और विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2024 की थीम के साथ-साथ मौजूदा कानून पर जानकारी दी गई। इस आयोजन से पहले, वर्तमान वर्ष की थीम के अनुरूप, एम्स पटना के मनोचिकित्सा विभाग के सहयोग से सामुदायिक और पारिवारिक चिकित्सा विभाग द्वारा पूरे सप्ताह (27 से 31 मई, 2024) विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया था। बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खगौल और जगत नारायण लाल कॉलेज, खगौल के छात्रों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता और इंटरैक्टिव स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता आयोजित की गई और एक प्रेरक वीडियो दिखाया गया। खगौल में सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग, एम्स पटना के शहरी स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के साथ-साथ आसपास के लोगों के लिए रोल प्ले और स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता का आयोजन किया गया। तंबाकू का सेवन सफलतापूर्वक छोड़ने वाले एक युवा को एम्स पटना के मनोचिकित्सा विभाग के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों के लिए, एम्स पटना के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग द्वारा एक स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता का आयोजन किया गया।

डिस्पैच सेंटर का डीएम ने किया निरीक्षण

अरवल। लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा डिस्पैच सेन्टर खेल भवन, गाँधी मैदान अरवल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी पोलिंग पार्टी द्वारा प्राप्त किये गए सामाग्रियों का मिलान करने के साथ मशीनों का उचित ढंग से उपयोग व सही रख-रखाव हेतु निदेशित किया गया। इस दौरान वाहन कोषांग को निदेशित किया गया कि सभी पोलिंग पार्टी को यथाशीघ्र वाहन उपलब्ध कराकर डिस्पैच किया जाए। विधि व्यवस्था संधारित करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निदेशित किया गया। जिले में कुल 558 मतदान केन्द्र बनाये गये है, अतः 558 पोलिंग पार्टियों को आज मशीन एवं जरूरी सामाग्रियों के साथ संबंधित मतदान केन्द्रों पर रवाना किया गया एवं स्वच्छ व निष्पक्ष ढंग से मतदान कराने हेतु निदेशित किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारियों ने मादक पदार्थ सेवन नहीं करने का शपथ लिए

गया।बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेशानुसार आज दिनांक 31 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया नलिन कुमार पांडे, एडीजे राजकुमार राजपूत, फैमली जज सुनील कुमार वर्मा, सचिव आशीष कुमार अग्निहोत्री के नेतृत्व एवम में सभी न्यायिक पदाधिकारियों और कर्मचारियों और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारियों की उपस्थिति में किसी भी मादक पदार्थ, नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करने का शपथ लिया गया है, इसके साथ ही इससे होनेवाले हानिकारक प्रभावों से लोगों को अवगत कराने का संकल्प लिया है।

मुख्यमंत्री की उपेक्षा से रीगा चीनी मिल का तीसरा टेंडर हुआ रद्द

पटना। एन सी एल टी(नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल)कोलकाता के आदेश से लिक्विडेटर नीरज जैन द्वाराआयोजित रीगा चीनी मिल की बिक्री का तीसरा टेन्डर भी 29 मई को रद्द हो गया है। 50लाख रु जमाकर टेन्डर जमा करने वाले चारो उधमी सुरक्षा मद की शेष राशि 4ड्ड5 करोड रु जमा नही कर टेन्डर से अलग हो गये है।जबकि टेन्डर 91करोड रु का था। सुरक्षा मद की राशि मात्र 5करोड़ रु था। बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा के संयोजक अशोक प्रसाद सिंह तथा सह संयोजक प्रो(डा)आनन्द किशोर ने कहा कि तीसरी बार निविदा रद्द होने के लिए मुख्य मंत्री नीतिश कुमार सीधेतौर पर जबावदेह है।दोनो नेताओं ने कहा कि मुख्य मंत्री का बंद चीनी मिल चालू कराने तथा उद्योगों को बढावा देने की नीति की वास्तविकता यही है कि चालू मिल भी बंद हो रहें है।डब्ल इंजन की सरकार में हीं 2019-20 सत्र में रीगा चीनी मिल बंद हुआ।आजतक सी एम को एक भी उधमी नही मिला।दो वर्षो में तीसरी बार रीगा चीनी मिल का टेंडर रद्द हुआ है। पांच वर्षो से बंद चीनी मिल को चलाने हेतू बिहार सरकार को एक भी उधमी को आगे नही ला सकी।देश के लोक उपक्रम को बेंचने को उधमी सहज मिल जातें है। परन्तु किसानो से जुड़े उधमों को खरीदने के लिए उधमी नही मिलता। रीगा चीनी मिल से 40 हजार गन्ना किसानों,एकहजार कामगार,व्यापारी तथा उनके लाखों आश्रितों का जीवन जुड़ा हुआ है।

तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एडीआर भवन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के सचिव ने धूम्रपान व अन्य तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने का दिलाया शपथ

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के तत्वाधान में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेश अनुसार तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के प्रांगण में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के अध्यक्ष आलोक गुप्ता की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह आयोजन किया गया।

इस मौके पर सचिव मुक्तेश मनोहर ने उपस्थित सभी लोगों को शपथ ग्रहण कराया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के सचिव मुक्तेश मनोहर ने किया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरविंद कुमार शर्मा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम अभिनाश कुमार द्वितीय विशेष न्यायाधीश उत्पाद प्रथम उदय प्रताप सिंह विशेष न्यायधीश उत्पाद द्वितीय श्रीमती अनुपम कुमारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय परवल दत्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय श्रीमती रूम्पा कुमारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ श्रीमती खुशबू श्रीवास्तव अपर मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी प्रथम लाल बिहारी पासवान अपर न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय कुमार पंकज प्रधान दंडाधिकारी किशोर न्यायालय परिषद भोला सिंह मुंसिफ द्वितीय ब्रज किशोर चौधरी सुश्री कविता अग्रहरि सुश्री प्रज्ञा मानस रत्नेश कुमार द्विवेदी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी एवं शक्तिमान भारती न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय श्रेणी मुंगेर एलएडीसीएस मुंगेर के अधिवक्ता गण पैनल अधिवक्ता गण व्यवहार न्यायालय मुंगेर के कर्मचारी गण परब विधिक स्वयं सेवक गण उपस्थित थे। इस मौके पर सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं उपस्थित अंग सदस्यों द्वारा शपथ लिया गया कि कभी भी धूपपान एवं किसी अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे। तथा अपने परिजन एवं परिचितों को भी धुमपान एवं अन्य तंबाकू उत्पादकों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे तथा अपने कार्यालय परिसरको भी तंबाकू मुक्त रखेंगे।

स्थानीय स्तर पर खरीदी गई दवाओं को भी डीभीडीएमएस पर करना होगा अपडेट

ड्रग एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम को पूर्णतया क्रियाशील बनाने का आदेश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को बीएमएसआईसीएल द्वारा आपूर्ति की जा रही दवाओं के अलावा अब स्थानीय स्तर से खरीदी गई दवाओं को भी ड्रग एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम (डीभीडीएमएस) पोर्टल पर अपडेट करना होगा। इससे दवाओं और चिकित्सकीय सामग्रियों की मांग, आपूर्ति की निरंतरता एवं वितरण प्रबंधन की सुगमता को पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

मालूम हो कि बीएमएसआईसीएल द्वारा कुल 151 किस्म की आवश्यक दवाओं को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा उपयोग में आने वाली दवाओं को जिला स्वास्थ्य समिति या स्वास्थ्य संस्थानों को अपने स्तर से भी स्थानीय बाजार से खरीदने की अनुमति दी गयी है। यह निर्देश राज्य स्वास्थ्य समिति ने सभी सिविल सर्जन को पत्र के माध्यम से दिया गया है।

पत्र में जिलों द्वारा दवाओं की मांग एवं वितरण की संपूर्ण प्रविष्टि डीभीडीएमएस पोर्टल के माध्यम से करने को कार्यपालक निदेशक ने जरूरी बताया है ताकि स्वास्थ्य संस्थानों में स्टॉक आउट की स्थिति न बने और स्वास्थ्य केंद्र पर हमेशा दवाएं मौजूद रहें। इससे सेंट्रल डैशबोर्ड पर राज्य की रैंकिंग भी प्रभावित नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि डीभीडीएमएस के माध्यम से दवाओं की अधिप्राप्ति, आपूर्ति एवं वितरण का कार्य किए जाने से भविष्य के खपत का आकलन करने, तिथिवार होने वाली दवाओं का पूवार्नुमान करने, सभी प्रशासनिक स्तर पर बेहतर योजना एवं प्रबंधन करने एवं उसकी निगरानी समेत कई लाभ होते हैं। सरकारी अस्पतालों के प्रभारी इसे फार्मासिस्ट या भंडारपाल के माध्यम से सुनिश्चित कराएँगे वहीं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्तर पर यह काम सीएचओ या एएनएम करेंगी।

शत प्रतिशत दवाओं की उपलब्धता है लक्ष्य स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाओं की सूची के अनुसार, दवाओं की उपलब्धता एवं मरीजों को प्रिस्काइव औषधियों के वितरण की शत प्रतिशत व्यवस्था को निरंतर बनाए रखने के लिए यह कदम आवश्यक है। वहीं दवाओं की मांग एवं वितरण की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए भी यह कदम जरूरी माना गया है।

असमय मृत्यु होने का सबसे बड़ा कारण है तम्बाकू का सेवन: डॉ मूर्तजा अंसारी

बेतिया(घनश्याम)।विश्व तम्बाकू निषेध दिवस जिले के मेडिकल कॉलेज सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मनाते हुए लोगों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए मनाया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ श्रीकांत दुबे ने बताया की तम्बाकू के अत्यधिक उपयोग से कैंसर या फेफड़े की बीमारी हो सकती है। ऐसे में लोगों को तंबाकू के सेवन से रोकने के लिए इससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 31 मई को दुनियाभर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस यानी वर्ल्ड नो टोबैको डे मनाया जाता है। वहीं जिले गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ मूर्तजा अंसारी ने कहा की धूम्रपान और धूम्रपान रहित तम्बाकू दोनों ही स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और समय से पहले मृत्यु का कारण बनते हैं। भारत दुनिया भर में तीसरा सबसे बड़ा तम्बाकू उत्पादक देश और दूसरा सबसे बड़ा तम्बाकू उपभोक्ता देश है। भारत में तम्बाकू के कारण मृत्यु दर 1.3 मिलियन से अधिक होने का अनुमान है। इनमें से, दस लाख लोग तम्बाकू धूम्रपान के कारण और शेष लोग धूम्रपान रहित तम्बाकू के उपयोग के कारण होते हैं। इसके अलावा, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आई सी एम आर) द्वारा 2004 तक प्रकाशित साहित्य के विश्लेषण के आधार पर "गैर-संचारी रोगों के कारण रोगों के बोझ का आकलन" शीर्षक से किए गए अध्ययन के अनुसार, तम्बाकू के उपयोग के कारण होने वाली बीमारियों का जोखिम क्रमशः स्ट्रोक (78%), तपेदिक (65.6%), इस्केमिक हृदय रोग (85.2%), तीव्र रोधगलन (52%), एसोफैजियल कैंसर (43%), मौखिक कैंसर (38%) और फेफड़ों के कैंसर (16%) के लिए था। एनसीडीओ डॉ अंसारी ने बताया कि 'भारत में तम्बाकू से संबंधित बीमारियों के आर्थिक बोझ' पर रिपोर्ट (2014) के अनुसार, भारत में सभी गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) से संबंधित मौतों में से 80% से अधिक चार प्रमुख बीमारियों के कारण होती हैं, जैसे हृदय रोग; कैंसर; पुरानी श्वसन संबंधी बीमारियाँ और मधुमेह। भारत में तम्बाकू के कारण मृत्यु दर 13.5 लाख से अधिक होने का अनुमान है (वैश्विक वयस्क तम्बाकू सर्वेक्षण पर रिपोर्ट, 2016-17)।

पिता के पुण्य तिथि पर पुत्र की मौत से हर कोई स्तंभ

भगवानपुर। गोरौल प्रखंड के पुर्व पत्रकार स्वर्गीय केदार नाथ सिंह के पुण्य तिथि पर पुत्र पत्रकार मुकेश कुमार का निधन से हर कोई स्तंभ है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पत्रकार स्वर्गीय केदार नाथ सिंह का सातवां पुण्य तिथि गोरौल आई बी में मनाने की तैयारी चल रही थी । इसी दौरान उनके पुत्र पत्रकार मुकेश कुमार का अचानक तबियत बिगर गया । आनन फानन में इलाज के लिए डाक्टर के पास ले गए जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना से हर कोई स्तंभ है। करीब 42 वर्षीय पत्रकार मुकेश कुमार के आसमायिक निधन पर भगवानपुर के पत्रकारों एवं जन प्रतिनिधियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। दुख व्यक्त करने वालों में राजद प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन,पत्रकार राजेश मिश्रा ,चितरंजन सिंह ,दिलीप कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह , नरेंद्र सिंह जिला परिषद इंजिनियर निरज कुमार संटु जिला परिषद अध्यक्ष आशुतोष कुमार दीपू, मानवाधिकार के कुणाल कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों का नाम शामिल है।

बंद पड़े पैट्रोल पंप के पास से पुलीस ने किया लाखों रुपए का विदेशी शराब बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

महुआ महुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसहर से गुप्त सुचना के आधार पर पुलीस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद करने में सफलता पाई है। हालांकि शराब के अवैध कारोबारी मौके से भागने में कामयाब रहे। बरामद शराब की कीमत लाखो रुपए बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार महुआ थानाअध्यक्ष सुभाष प्रसाद ने महुआ ताजपुर मुख्य सड़क मार्ग के कुशहर के एक बंद पड़े पैट्रोल पंप से भारी मात्रा में किया विदेशी शराब बरामद किया है। खबर के मुताबिक महुआ थाना अध्यक्ष को वरीय पदाधिकारी द्वारा सूचना दिया गया था कि कुसहर के बंद पड़ी पेट्रोल पंप के नजदीक शराब की खेप पहुंची है जिसे शराब के अवैध कारोबारी उसे खपाने की कोशिश में लगे हुए हैं।सूचना के आधार पर तत्काल महुआ थाना अध्यक्ष ने उक्त जगह पर दलबल के साथ छापामारी कर भारी संख्या में विदेशी शराब को बोतले बरामद कि। कुल बरामद शराब लगभग 228 लीटर बताई जाती है। इस शराब की छापामारी में किसी की कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। हालंकि पुलीस पदाधिकारी शराब के कारोबारी की पता लगाने हुए पूरे मामले की छानबीन में जुटे हुए हैं।ज्ञात हो कि पूरे महुआ थाना प्रभारी के अनेकों जगहों पर अवैध रूप से देशी वेदेशी शराब का धंधा काफी फल फूल रहा है। पुलीस और उत्पाद विभाग की लाख सख्ती के वावजूद विभिन्न चौक चौराहों पर अवैध शराब की बिक्री रुक नहि पा रही है।

नगर आयुक्त ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का किया निरीक्षण,कई दिशा - निर्देश भी दिए

छपरा (एसएनबी) ' नगर आयुक्त सुमित कुमार द्वारा कटसा मे बन रहे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण किया गया ' नगर आयुक्त सुमित कुमार ने संबंधित एजेंसी को निर्देश दिया कि दो दिनों के अंदर, मेन गेट एवं केंद्र तक पहुंच पथ का निर्माण करना सुनिश्चित की जाए ' आगामी 10 जून तक प्रोसेसिंग का कार्य करना सुनिश्चित करेंगे ' नगर आयुक्त ने यह भी बताया कि बाउंड्री वॉल एवं बिजली का कनेक्शन हो चूका है। विदित हो कि एनजीटी के अनुपालन वाद संख्या 32/2022 के अनुपालन में छपरा नगर निगम द्वारा कक्षा प्रखंड अमनौर में 5 एकड़ जमीन जिसका मौजा अरना, थाना संख्या 269,खाता संख्या 02,खेसरा संख्या 07,रकबा 5 एकड़ भूमि लैंड फील ठोश अपशिष्ट प्रबंधन हेतु चयनित किया गया है। चयनित भूमि सारण जिलान्तर्गत अमनौर अंचल के मौजा अरना जिला सारण में अवस्थित है। इस भूमि को छपरा नगर निगम के लिए ठोस अपशिष्ट प्रससकरण के निर्माण को नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार पटना को निःशुल्क अंतर्विभागीय भू- हस्तांतरण की स्वीकृति आयुक्त सारण प्रमंडल द्वारा दिया गया है ' और लैंड फील प्रसंस्करण हेतु चयनित किया गया है, जिसके आलोक में बिहार स्टेट प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया है। उपरोक्त भूमि पर कचरा का परिवहन करने को लेकर नगर निगम कार्यालय द्वारा वापकॉस लिमिटेड को निदेशित किया गया है। साथ ही उपरोक्त भूमि पर चाहरदीवारी निर्माण कराने को लेकर निविदा का प्रकाशन गत 22 फरवरी को किया गया था।इसके अलावा कटसा ठोस आपशिष्ट प्रबंधन हेतु प्रयुक्त भूमि पर वापकॉप्स लिमिटिड संस्था द्वारा वैज्ञानिक ढंग से विरासती कचड़े का मात्रात्मक मात्रा का आकलन किया गया, जो कटसा पर 21064 हैट्रिक टन है। जिसके परिपेक्ष्य में उपरोक्त भूमि पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में कचरा प्रबंधन कराने के लिए जॉइन्ट वेंचर एमएस सियोर रिसर्च प्राइवेट उत्तम नगर न्यू दिल्ली को नगर निगम द्वारा कायर्देश दिया गया है।

मढौरा के युवक की नयागांव सड़क दुर्घटना में हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मढ़ौरा ग्रामीण। नयागांव थाना क्षेत्र के छपरा पटना फोरलेन पर हुई सड़क दुर्घटना के दौरान मढौरा बाजार निवासी वीरेंन सिंह के पुत्र राजेश सिंह की मौत हो गई जबकि इस कार में सवार दो अन्य लोग भी बुरी तरह जख्मी हो गए जिनकी स्थिति भी ठीक नही बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राजेश अपनी मां का इलाज कराकर पटना से एक आर्टिका कार से लौट रहा था। इस दौरान नयागांव थाना क्षेत्र में पटना छपरा फोरलेन सड़क पर एक ट्रक को ओवरटेक करने के बाद रड लदे ट्रैक्टर से कार की टक्कर हो गई और ट्रैक्टर पर लदा रड सामने से राजेश के सीने में धस गया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि इस दुर्घटना में राजेश की माँ व कार चालक भी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। कार चालक और राजेश की मां को पीएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहा डॉक्टरो ने उनके बचने की उम्मीद छोड़ दी है। इस घटना के बाद मढौरा में राजेश के परिजन दहाड़ मारकर रो रहे थे। शुक्रवार की देर शाम स्थानीय डबरा नदी किनारे अवस्थित शमशान घाट में राजेश का अंतिम संस्कार किया गया। जहां काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

विदेशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। जमालपुर रेल पुलिस ने हावड़ा जयनगर जा रही एक्सप्रेस ट्रेन से छापामारी कर एक तस्कर को 15 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है सो स्वराज कुमार ने बताया कि भागलपुर के तातारपुर थाना क्षेत्र घाट रोड जगदीशपुर निवासी मोहम्मद नक्की को गिरफ्तार किया गया है इनके पास से पुलिस ने 10 लीटर विदेशी शराब बरामद की है उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की विदेशी शराब है उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है गिरफ्तार युवक से पूछताछ पुलिस कर रही है।

50 पैकेट देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

सदर मुंगेर। जमालपुर रेल थाना जमालपुर में गुरुवार को हावड़ा जयनगर एक्सप्रेस से 200 मिलीलीटर वाले 50 पैक देसी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया इस आशय की जानकारी रेल थाना अध्यक्ष स्वराज कुमार ने दी उन्होंने बताया कि 13031 अप हावड़ा जयनगर एक्सप्रेस में चल रहा है एस्कॉर्ट पार्टी के द्वारा ट्रेन के साधारण बोगी से शराब तस्कर की गिरफ्तारी की गई शराब तस्कर भागलपुर के तातारपुर थाना अंतर्गत किला घाट रोड जगदीशपुर निवासी मो हाफिज के पुत्र मो नाकी के विरुद्ध रेल थाना में प्राथमिक की दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया

प्यार में अंधा लोग अपने बच्चे और परिवार को भी भूल जाते हैं

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। पुलिस सूत्रों के अनुसार अनुमंडल क्षेत्र के टेटिया बंपर प्रखंड के बिछी चंचल गांव में तेलंगाना पुलिस टेटिया बंम्बर पुलिस के सहयोग से तेलंगाना की दो बच्चे की मां महिला को और जोधन यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि तेलंगाना में मजदूरी कर रहे प्रखंड के बिच्छी चांचर गांव की चार बच्चों के पिता जोधन ज्यादा को तेलंगाना में ही दो बच्चों की मां से प्यार हो गया और उससे शादी कर गांव बिच्छी चांचर गांव ले आया। तेलंगाना पुलिस ने गुरुवार को टेटिया बंम्बर पुलिस के सहयोग से छापामारी कर महिला को बरामद करने के साथ जोधन यादव को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार जोधन यादव के सभी बच्चे और पत्नी बिच्छी चाचार स्थित घर में ही महिला के परिजन ने तेलंगाना स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराया था जिसके आलोक में गुरुवार को तेलंगाना पुलिस के टीम बिछी चाचार गांव पहुंची और टेटिया बम्बर पुलिस के सहयोग से बिच्छी चांचर गांव निवासी जोधन यादव के घर पहुंच कर महिला सहित जोधन यादव को गिरफ्तार कर लिया और तेलंगाना लेकर चला गया।

राम जानकी मंदिर में हुई चोरी

इसुआपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के मान पुरसौली गांव स्थित राम जानकी मंदिर से चोरों ने मंदिर परिसर में लगे लाउडस्पीकर मशीन, चोंगा, पानी का मोटर, तथा गैस सिलेंडर की चोरी कर ली है। मंदिर कमेटी के सचिव कामेश्वर सिंह ने चोरी की घटना से संबंधित एक आवेदन इसुआपुर थाने में दी है। वहीं मंदिर के पुजारी संगीत दुबे ने आशंका जाहिर करते हुए बताया कि मंदिर के पास लगे सौर ऊर्जा के खंभे के सहारे चोर मंदिर में आ गए तथा उक्त सामानों की चोरी कर ली।

विसाल कलश यात्रा निकाली गई

भेल्दी थाना क्षेत्र के मदारपुर पंचायत के गोसी छपरा गांव में अखंड अष्टयाम के लिए. विसाल कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा मां दुर्गा स्थान से होते हुए विभिन्न मोहल्ले में घूमते हुए बरम बाबा के स्थान पर पहुंचा जहां आचार्य पंडित. अजय कुमार त्रिपाठी तथा कमल बाबा के.वेद मंत्र के. उच्चारण से गंगा का शुद्ध जल कलस मे स्थापित किया गया. तथा महिला तथा .पुरूष.लाल रंग का वस्त्र धारण किए माथे पर कलश लेकर जय श्री राम हर हर महादेव नारे लग रहे थे इस कलश यात्रा में हाथी घोड़े तथा बैंड बजे के साथ-साथ जय श्री राम हर हर महादेव के नारे से पूरे इलाके में भक्ति में माहौल बना हुआ था इस कलस यात्रा में पूर्व सरपंच सुमित्रा देवी विजय तिवारी दीनानाथ तिवारी अजीत उपाध्याय संत बाबा दिनेश तिवारी कामेश्वर तिवारी समाजसेवी सरोज तिवारी समेत सैकड़ो महिला तथा पुरुष शामिल थे।

प्रखंड विकास कार्यालय में हुई शांति समिति क बैठक

इसुआपुर। प्रखंड विकास कार्यालय इसुआपुर में शांति समिति की बैठक बीडीओ संतोष कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में हई। बैठक में उपस्थित प्रखंड व अंचल के अधिकारी, पदाधिकारी गण, थानाध्यक्ष कमल राम, पंचायत प्रतिनिधियों तथा गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए ने कहा कि आगामी 4 जून या उसके बाद मतगणना के दिन लोकसभा प्रत्याशियों के खुशी का जश्न मनाने में धारा 144 तथा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का हर हाल में ध्यान रखना होगा। इस मौके पर पटाखा फोड़ना, जुलूस निकालना, माला पहनाना जैसे अति उत्साहित क्रिया-कलाप प्रतिबंधित रहेगा।

नामांकन प्रक्रिया स्थगित करने के पीछे कुछ न कुछ कारण है: छात्र जदयू

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। छात्र जदयू के विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रशांत बजरंगी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि संगठन जब से नायक कुलपति प्रोफेसर प्रमेन्द्र कुमार बाजपेई आए हैं। तब से संगठन ने एक भी आंदोलन नहीं किया है। संगठन का मानना था कि कुछ महीनो तक इनका काम करने दिया जाए। लेकिन लगभग 5 महीना मैं इन्होंने कोई भी कार्य छात्र हीत में नहीं किया। केवल हवा बाजी कर रहे हैं. विश्वविद्यालय का कोर्स कंप्लीट नहीं हो रहा है और यह दूसरे विश्वविद्यालय से एम ओ यू करने का ढोंग रच रहे है। स्नातक छात्र-छात्राओं का वर्षो से कंप्लीट नहीं हो रहा है और यह प्लेसमेंट सेल से प्राइवेट नौकरी (एम आर) देने का झूठा वादा करके सारण प्रमंडल के गरीब छात्र -छात्राओं को दिग्भधर्मित कर रहे हैं। स्नातक 4 वर्षीय सत्र 24-28 प्रथम सेमेस्टर में नामांकन हेतु कल ही डेट निकला और अखबारों कि सुर्खिया बना। अगले दिन ही अप्लाई पर रोक लगा दिया। बताया गया है कि टेक्निकल प्रॉब्लम है। जब की सब कोई जानता है कि जो गूगल फॉर्म पर लिंक बनाया गया था उस पर स्नातक प्रथम सेमेस्टर का नामांकन के लिए अप्लाई ही नहीं हो सकता है। क्योंकि सारण प्रमंडल के तीनों जिलों के छात्र-छात्राओं के द्वारा नामांकन कराया जाता है लगभग 1 लाख से अधिक नामांकन के लिए अप्लाई होते हैं। यह सारा खेल कुलपति एवं कुलसचिव के बीच कमीशन लेने के झगड़ा को लेकर हो रहा है। पुराने यू एम आई एस का भुगतान विश्वविद्यालय ने नहीं किया है जिसके कारण लगभग 30 परीक्षाओं का डाटा विश्वविद्यालय को वह उपलब्ध नहीं कराया है उक्त कम्पनी के द्वारा। कुलपति महोदय जब आए तो उन्होंने कहा कि सारा कार्य ऑनलाइन का सामर्थ्य पोर्टल से होगा। लगभग सारी तैयारियां हो भी गई। लेकिन क्योंकि सामर्थ्य पोर्टल कुलपति एवं कुलसचिव को कमीशन नहीं देता। इसलिए नामांकन प्रक्रिया नहीं कराई जा रही है। उसके बाद राजभवन ने नए यू एम आई एस को भेजा। उस कंपनी पर भी विश्वविद्यालय प्रशासन तरह-तरह का बात लिखकर राजभवन में भेज दिया। क्योंकि राजभवन के द्वारा भेजा गया यू एम आई एस कंपनी कुलपति एवं कुलपति को कमीशन नहीं देता इसलिए यह लोग बाधक बने। क्योंकि बिहार राज्य के सभी विश्वविद्यालय नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया हैं तो छपरा के छात्र -छात्राओं को दिग्भ्रमित करने के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ करने ढोंग रचा एवं कुकृत्य प्रयास किया गया। राज्य के सभी विश्वविद्यालय में स्नातक द्वितीय सेमेस्टर का एग्जाम प्रारंभ हो गया है। यहां तो स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 23-27 का पंजीयन भी नहीं हुआ है। छात्र -हीत में 4 जून के बाद छात्र जदयू बड़ा आंदोलन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ प्रारंभ करेगी। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के इतिहास में अभी तक जो वर्तमान कुलपति एवं कुलसचिव का कार्यकाल है सबसे भ्रर्टतम कार्यकाल है। इसके खिलाफ आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा।

सूरज को चढ़ा पारा, गर्मी से लोग बेहाल

प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। दो दिनों से सूर्य की तेज धूप से संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिसका परिणाम है कि लोगोंकी मुश्किलें बढ़ गई है। तेज गर्मी में लोगों का जीवन मुहाल हो गया है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करने लगे हैं। लेकिन लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

तेज धूप के साथ हवा भी चलना बंद हो गया है। जिसके कारण लगातार गर्मी का सितम बढ़ते जा रहा है। सुबह के 8 बजाते ही प्रचंड गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो चुका है सुबह 9:00 बजे से 10:00 तक लोग अपने विशेष काम को पूरा करने के बाद घर के अंदर दुबक जाते हैं। इसके बाद शाम के 5:00 बजे के बाद अपने घरों से बाहर निकलते हैं। क्षेत्र के बुजुर्गों का कहना है कि प्रखंड क्षेत्र में गर्मी बढ़ती जा रही है। यदि मानव पर्यावरण को संतुलन नहीं बनाएगा तो आने वाला समय में गर्मी इससे भी भयावह होगा। गर्मी से प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय महेशपुर की शिक्षिका प्रीति कुमारी प्रचंड गर्मी से बेहोश होकर गिर गई।

उसे तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर अस्पताल लाया गया। इलाज के बाद उसे घर भेजा गया। इधर प्रखंड क्षेत्र में प्रचंड गर्मी के कारण कई लोग बीमार पड़ गए हैं। वहीं कई बच्चों को लू लगने से बीमार पड़े हुए हैं। बीते कई सालों के बाद इतनी गर्मी की इस साल लोग गर्मी का डंस झेल रहे हैं। लोगों का कहना है कि प्राकृतिक को संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधा लगाने पर जोर दिया जाना चाहिए।

साकार नहीं हुआ सुल्तानगंज देवघर भाया तारापुर संग्रामपुर कटोरिया एवं बरियारपुर खड़गपुर मननपुर रेल लाइन का सपना

तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने दिया था नई रेल लाइन निर्माण की स्वीकृति व सहमति

प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। वर्षो से क्षेत्रवासियों की मांग के बाद तत्कालीन रेल मंत्री रहे लालू प्रसाद यादव द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा धाम देवघर को सुल्तानगंज से सीधे तारापुर संग्रामपुर भाया कटोरिया नई रेल लाइन एवं बरियारपुर खड़गपुर मननपुर से जोड़ने की सहमति एवं स्वीकृति देने के बाद भी लोगों का सपना साकार होता नहीं दिख रहा है।

गौरतलब है कि तत्कालीन रेल मंत्री ने जमालपुर भागलपुर रेल खंड पर बरियारपुर से मननपुर भाया खड़गपुर लक्ष्मीपुर बरहट नए रेलखंड की भी स्वीकृत एवं सहमति निर्माण को लेकर दिया था। देश में एनडीए की सरकार बनते ही तत्कालीन रेल मंत्री द्वारा नए रेलखंड निर्माण से लेकर कई बड़े बड़े शहरों के बीच नई-नई एक्सप्रेस ट्रेन चलाने एवं बरियारपुर सुल्तानगंज जैसा रेलवे लाइन के ऊपर से ओवर ब्रिज बनाने जैसी योजनाओं को ठंडा वस्ते में रख देने का काम किया गया। बता दें कि सुल्तानगंज देवघर भाया तारापुर संग्रामपुर कटोरिया एवं बरियारपुर खड़गपुर बरहट मननपुर नए रेलखंड निर्माण को लेकर बांका एवं जमुई से सांसद ने भी बीते दिनों लोकसभा सत्र के दौरान संसद में अपनी आवाज को उठाने का काम किया था, पर बेहतर पहल नहीं होने के कारण नई रेल लाइन निर्माण की योजना टाय टाय फीस होकर रह गई है। भारत सरकार में जमुई के लोकप्रिय सांसद चिराग पासवान कुछ समय के लिए एनडीए का हिस्सा केंद्र में नहीं थे। उसका भी असर नई रेल लाइन निर्माण पर पड़ा। आगे बता दें कि हिंदुओं का सबसे बड़ा आस्था का केंद्र माने जाने वाला बाबा बैद्यनाथ द्वादश ज्योतिर्लिंग देवघर सुल्तानगंज तारापुर संग्रामपुर भाया कटोरिया एवं बरियारपुर खड़गपुर बरहट मननपुर नई रेल लाइन का निर्माण अगर हुआ रहता तो देश-विदेश से आने वाले लाखों लाख श्रद्धालुओं का सुल्तानगंज से ट्रेन के माध्यम से सीधे बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना करने का मौका मिलता। इतना ही नहीं नई रेल लाइन निर्माण से करोड़ों का राजस्व रेलवे को तो मिलता ही क्षेत्र वासियों को भी रोजी और रोजगार का एक बहुत बड़ा साधन उपलब्ध होता। जबकि प्रत्येक वर्ष बजट सत्र के दौरान नई रेल लाइन निर्माण को लेकर रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृति मद में थोड़ा-थोड़ा राशि डालकर सिर्फ परियोजना को जिंदा रखा गया है। क्षेत्र वासियों को वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव के बाद अगर केंद्र में तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी शपथ लेते हैं तो नई रेल लाइन निर्माण का सपना क्षेत्र वासियों का पूरा होगा या नहीं यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

मुंगेर के 22 बालू घाटों का बंदोबस्ती होगी

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर)मुंगेर)। मुंगेर के गंगा घाटों से बालू प्रतिदिन अवैध तरीके से उठाव होता है परंतु गंगा घाटों की बंदोबस्ती नहीं रहने के कारण सरकार को करोड़ों रुपए की राजस्व की प्राप्ति नहीं हो पाती है अब डीएम की अनुशंसा पर जिले में गंगा किनारे 22 घाटों का बंदोबस्ती की सूचना प्रकाशन के लिए निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क को पत्र भेजा गया है। मुंगेर जिले के अब तक गंगा घाटों की बंदोबस्ती नहीं हुई थी।

सरकार को हो रही थी राजस्व की छाती को देखते हुए खनन विभाग द्वारा पिछले वर्ष गंगा किनारे 8 बालू घाटों की बंदोबस्ती के लिए तीन बार विज्ञापन का प्रकाशन कराया गया था परंतु 40 हेक्टर से अधिक क्षेत्रफल का घाट रहने के कारण एक भी बंदोबस्त धारी डाक में हिस्सा नहीं लिए इस वर्ष विभाग के निर्देश पर बंदोबस्ती के लिए पांच हेक्टर से अधिक क्षेत्रफल का छोटा-छोटा 22 घाट बनाकर बंदोबस्ती के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है सभी 22 गंगा घाटों की बंदोबस्ती 5 वर्षो के लिए होगी इसके लिए निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि 13 जून तक निर्धारित है समाहरणालय में गंगा घाटों की नीलामी 19 जून को होगी गंगा घाटों की बंदोबस्ती होने पर सरकार को करोड़ों रूपए राजस्व की प्रति सभी गंगा घाटों की बंदोबस्ती होने पर होगी 22 सभी 22 घाटों की नीलामी के लिए न्यूनतम प्राक्कलन 18 करोड़ 57 लाख 60000 निर्धारित की गई है बंदोबस्त धारी को निविदा के पश्चात पराक्रम राशि 25% जमा करना होगा खनन विभाग के अनुसार गंगा घाटों की बंदोबस्ती के लिए जो प्रस्ताव तैयार किया गया है उसके अनुसार काली अस्थान फुलकिया खंड ए काली स्थान फुलकिया गंगा घाट खाली स्थान बरियारपुर खण्ड से लेकर काली स्थान बरियारपुर खंड एक तक छह घाट महोली घाट खंड एक से लेकर खंडित तक चार घाट पर तिकड़म पुर बालू घाट पहाड़पुर खंड ए से लेकर खंडित तक पांच गंगा बालू घाट शामिल है।

डीडीसी ने कांवरिया पथ एवं धर्मशाला का लिया जायजा

प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर डीडीसी अजीत कुमार सिंह एवं तारापुर एसडीओ राकेश रंजन ने मुंगेर जिला अंतर्गत कमराय से लेकर कुमरसार धर्मशाला तक निरीक्षण किया। ई डीडीसी श्री सिंह ने कहा मुंगेर जिला में पड़ने वाला 26 किलो मीटर कावंरिया पथ का जायजा विभिन्न विभागों के साथ लिया।

जिस में शोचालय ,झरना, पेयजल, बिजली स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होने कहा कि श्रावणी मेला में इस वर्ष पहले की भांति कांवरियों को बेहतर सुविधा दी जायेगी। डीडीसी ने संग्रामपुर सीओ निशीथ नंदन को मनियां और कुमरसार धर्मशाला के जमीन नापी कराने की बात कहते हुए बीडीओ अजेश कुमार को सावन शुरू होने से पहले धर्मशाला के चारों और सुरक्षा दिवाल देने की बात कही जब की पीएचईडी विभाग को कच्ची कावंरिया पथ पर जगह का चयन कर नये चापानल और शोचालय बनाने की बात कही गयी। और सभी कार्य सावन से पहले करने को कहा गया साथ ही कच्ची कावंरिया पथ के शोचालय चापानल मरम्मती एवं धर्मशाला का रंग-रोगन ,बिजली ?मोबाइल जार्ज आदि पर चर्चा किया। इस मौके पर बिजली विभाग के एसडीओ अमित कुमार एवं पीएचईडी के एसडीओ,जेई आदि मौजूद थे।

खरीफ फसल कर्मशाला में किसानों ने सीखे खेती के गुर

परसा:-प्रखंड कार्यालय स्थित ई किसान भवन के सभाकक्ष में खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप परियोजना निदेशक शमशेर आलम, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी चंचला, जिला क्षेत्रीय समन्वयक गौतम कुमार, डीपीएमयू राजेश्वर कुमार, पशुपालन पदाधिकारी मनीष कुमार पांडे, बीएओ देवनाथ चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। परियोजना निदेशक शमशेर आलम ने खेती को

लाभकारी बनाने के लिए तकनीकी पद्धति को अपनाने पर बल दिया। साथ ही किसानों से जलवायु अनुकूल खेती करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी देवनाथ चौधरी ने किया व संचालन कृषि समन्वयक अर्जुन राम ने किया। केवीके की जिला कृषि समन्वयक गौतम कुमार ने किसानों को मोटे अनाज की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इससे होने वाले लाभों के बारे में बताया। जिला कृषि प्रशिक्षक राजेश्वर कुमार ने बागवानी व खरीफ फसलों में लगने वाले रोग व इसके नियंत्रण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनीष कुमार पांडे ने पशुपालन विभाग की ओर से किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। वही मत्स्य पदाधिकारी चंचला ने मछली पालन हेतु सरकार से मिलने वाली अनुदान के बारे में जानकारी दी। साथ ही कई प्रकार की जानकारी दी। इस मौके पर कृषि समन्वयक अर्जुन राम, संजय मांझी, मधुरेश कुमार, राकेश कुमार द्विवेदी, शिखा भारती, गौतम कुमार, राजेश कुमार, संजय कुमार, अखिलेश कुमार रजक, सुबोध कुमार, संजय कुमार साह, रोहित राज, सुबोध कुमार राय, विनोद कुमार, ओम प्रकाश सहित कई किसान मौजूद थे।

तेज आंधी व बारिश से किसी के घर का आशियाना उड़ा तो कही विद्युत संकट गहराया

प्रात: किरण संवाददाता

संसू, परसा: तेज आंधी तूफान, व बारिश के कारण परसा प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों लोगों के घर, दुकान का आशियाना उड़ा तो दर्जनों स्थानों पर विद्युत पोल, व तार टूटने से दर्जनों गांवों में विद्युत संकट गहराया है। हालाकि विद्युत विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त हुए विद्युत पोल, तार, सुधार कार्य किए जा रहे है। लेकिन भीषण गर्मी के कारण लोगो में बेचैनी बढ़ी है। गोरिगावा अन्याय मुख्य मार्ग पर सेमर का पेड़ गिरने से विद्युत पोल तार क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे वही मारर चकसहबाज गांव में लखेंद्र मांझी का पालनीनुमा झोपड़ी गिर गया। वही परसा बाजार में सोनू कुमार के मकान के सीढ़ी घर में लगे करकट को कुछ दूर उड़ा कर क्षतिग्रस्त कर दिया। वही परसा हॉस्पिटल रोड के समीप सुबह दस बजे विद्युत करंट

पहुंचते ही ग्यारह हजार पावर का तार पोल से जलकर टूट गया और सड़क किनारे लगी चारपहिया वाहन के समीप टूटा तार से आग की चिंगारी गिरने से अफरा तफरी का माहौल हो गया। और गाड़ी से निकल कर भागते हुए लोग नजर आए। साथ ही आस पास के दुकानदारों में भी अनहोनी को लेकर भय व्याप्त हो गया। सूचना पर पावर हाउस से लाइन कटवाया गया तब जाकर लोगो में राहत की सास मिली। जबकि खिदिरपुरा गांव में जीतन सिंह के मुर्गी फार्म क्षतिग्रस्त होने से हजारों रुपए की मुर्गी मर गई। इधर सीओ व विद्युत विभाग द्वारा अन्य जगह पर गहराई संकट का जायजा लिया जा रहा है ताकि आपदा के तहत पीड़ित लोगों को मुवाबजा मिल सके।

अहिंसा रथ यात्रा मुंगेर पहुंचा जैन समाज ने किया भव्य स्वागत

मुंगेर। जैन समाज के लोगों ने पावापुरी अहिंसा रथ यात्रा दिल्ली से निकली पावापुरी अहिंसा रथ यात्रा के बुधवार देर शाम मुंगेर पहुंचने पर जैन समाज की ओर से भव्य स्वागत किया गया रथ पर विराजमान जैन धर्म के 24 में तीर्थंकर भगवान महावीर प्रतिमा की जैन समाज के लोगों की ओर से पूजा एवं आरती की गई गुरुवार की सुबह मंगलाष्टक पाठ अभिषेक और शांति धारा का अनुष्ठान मध्य प्रदेश से पधारे पंडित अंकित जैन ने संपन्न कराया इस मौके पर अभिषेक जैन विश्व विश्व बिंदु जैन भावेश जैन अजय जैन कौशल जैन मनोज जैन विवेक जैन निर्मल जैन आदि मौजूद थे निर्मल जैन ने बताया कि राष्ट्रीय संत परम आचार्य प्रज्ञा सागर की प्रेरणा से निकल गई पावापुरी अहिंसा रथ यात्रा का संचालन भगवान महावीर निर्माण महोत्सव समिति दिल्ली की ओर से किया की जा रही है रथ का उद्देश्य विश्व शांति के लिए भगवान महावीर के संदेश को जन-जन तक पहुंचना है 4 जुलाई 2022 को दिल्ली से यह रथ प्रस्थान किया था उन्होंने बताया कि भगवान महावीर के संदेश जीव की रक्षा करना धर्म है।

फेसबुक पर मैसेज भेजने के विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो पक्षों से 14 पर प्राथमिकी दर्ज

प्रात: किरण संवाददाता

तरैया। थाना क्षेत्र के भागवतपुर गिरि टोला में फेसबुक पर मैसेज को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों से एक दूसरे को आरोपित करते हुए 14 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। एक पक्ष के हरिओम कुमार गिरि छह लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमे लालबाबू गिरी, राहुल गिरी, दिनेश गिरी, वीरेंद्र गिरी, सोनू कुमार गिरी, अभिषेक गिरी को आरोपित किया है। द्वारा दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि सुबह में जब घर पर थे तो लालबाबू गिरि, दिनेश गिरि, राहुल गिरि, वीरेन्द्र गिरि, सोनू कुमार गिरि, अभिषेक गिरि सहित 10 अज्ञात लोग मेरे दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे। जब मेरी मां ने विरोध किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिए। शोर गुल सुनकर सभी परिवार के सदस्य आये तो सभी आरोपितों ने रड, दाब व धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिए। लालबाबू गिरि बोला कि फर्जी फेसबुक आईडी से मैसेज भेजता है। वहीं दूसरे पक्ष के घायल वीरेन्द्र गिरि के द्वारा सदर अस्पताल छपरा में पुलिस को दिये गये फर्द बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जिसमे आठ लोगो पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जिसमे पृथ्वीचंद्र गिरी, हरिओम गिरी, विशाल गिरी, विधाता गिरी, नंद गिरी, श्यामसुंदर गिरी, लालबाबू गिरी को आरोपित किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मेरा भतीजा दिनेश गिरि घर पर था उसी समय पड़ोसी पृथ्वीचंद गिरि उसे चिढ़ा रहा था तो विरोध किया तो पृथ्वीचंद गिरि, हरिओम गिरि, विशाल गिरि, विधाता गिरि, नैन गिरि, श्याम सुन्दर गिरि, लालबाबू गिरि एकमत होकर आये और गाली गलौज करते हुए रड व डंडा से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए। चाचा भतीजा का इलाज रेफरल अस्पताल मढ़ौरा में किया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। पुलिस दोनों पक्षों का प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

नाला नालियों की सफाई सुनिश्चित कराएं अन्यथा कोताही बरतने वाले कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी : नगर आयुक्त

प्रात: किरण संवाददाता

गया। प्रधान सचिव नगर विकास विभाग द्वारा विडियोक्रांफेसिग के माध्यम से नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा, गया नगर निगम की अध्यक्षता में गया नगर निगम द्वारा कराए जा रहे नाला, नालियों की सफाई की समीक्षा की गई है। इस इस समीक्षा बैठक में उप नगर आयुक्त, नोडल पदाधिकारी सफाई, सभी सहायक लोक स्वक्छता पदाधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक, सफाई जोनल प्रभारी एवं अन्य उपस्थित थे। नाला, नाली की सफाई की समीक्षा के क्रम में बैठक में बताया गया की अधिकतर वार्ड में नाला, नालियों की सफाई लगभग 80

प्रतिशत हो गई है एवं युद्धस्तर पर चल रही है। इस बैठक में पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि कुछ वार्ड यथा वार्ड नं 06,10, 27,29 ,36 आदि में कुछ नाली की सफाई नहीं हुई है, वैसे वार्ड के सफाई जमादार एवं सफाई जोनल प्रभारी को निर्देश दिया गया की चार से पांच दिनों के अंदर नालियों की सफाई पूर्ण करा लें, अन्यथा कार्यवाई की जाएगी। मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश दिया गया की जिस वार्ड में यदि कुछ नाली लिस्ट में छूट गया हो एवं सफाई जरूरी है तो उसमे सफाई कार्य अविलंब शुरू कराएं। नाली सफाई की समीक्षा में यह भी निर्देश दिया गया की द्वितीय पाली में जल्द कार्य कराकर सफाई पूर्ण कराएं।

बड़े नालों की समीक्षा के क्रम में बताया गया की इकबलनगर, सूर्यदेव नगर नाला, नादरागंज नाला की सफाई पूर्ण हो गई है।, मनसर्वा नाला एवं बॉटम नाला की सफाई दो दिनों में पूरी हो जायेगी। कुजापी नाला की सफाई निविदा के माध्यम से संवेदक द्वारा कराई जा रही है, कुछ वार्ड पार्षद द्वारा संवेदक के कार्य पर शिकायत की गई थी, जिसके आलोक में संवेदक को नोटिस किया गया था। नोडल पदाधिकारी सफाई द्वारा बताया गया कि चार दिन में कुजपी नाला की सफाई पूरी करा ली जाएगी। गदालोल नाला की सफाई हेतु लिस्ट में पूर्व से नही लिया जा रहा था, जिसे विशेष रूप से आदेश देकर सफाई कराई जा रही है। अतः सहायक अभियंता सह नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की मोती पहलवान नाला हेतु कलवर्ट का अतिशीघ्र निर्माण सुनिश्चित कराएं।

सभी कनीय अभियंता को निर्देश दिया गया है कि सफाई में नाली स्लैब टूट गया हो, पहले लाल कपड़ा से मार्किंग कराते हुए अविलंब स्लैब मरम्मती कराएं। नाजरथ स्कूल के सामने नाला की सफाई कराने का निर्देश दिया गया।

फांसी लगाने से महिला की मौत

नसरीगंज(रोहतास)। कछवां थाना अंतर्गत ग्राम कछवां में फांसी लगाने से एक महिला की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर शाम कछवां थाना अंतर्गत ग्राम कछवां में महिला शबाना खातून उम्र 38 वर्ष पति शहरे आलम की मृत्यु फांसी लगाने से हो गई। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना मृतिका के मायके वालों को दी गई। मिली सूचना पर मृतिका के मायके वाले उनके घर पहुंचे। मृतिका के मायके वालों ने फर्श पर पड़े शव को देख दहाड़ मार कर रोने लगे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जायजा लेते हुए शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि मृतिका के शव को परिजनों के समक्ष कानूनी कार्रवाई करते हुए सदर अस्पताल सासाराम भेजकर पोस्टमार्टम कराने के उपरांत परिजनों को सुपुर्द कर दी गई

है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मायके वालों का आरोप है कि मेरी पुत्री को फांसी दी गई है जबकि वहीं ससुराल वालों का कहना है कि मृतिका खुद से ही फांसी लगाई है। उन्होंने कहा कि घटित घटना के मामले में किसी के द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि मृतिका का पति बाहर रहता है। बताया कि मृतिका के पांच बच्चे हैं। मृतिका की शादी मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार वर्ष 2007 में कछवां थाना अंतर्गत ग्राम कछवां निवासी शहरे आलम के साथ हुई थी। मृतिका शबाना खातून जिला औरंगाबाद थाना मदनपुर क्षेत्र के साकिन वार गांव की रहने वाली बताई जाती है।

लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद थाना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था जरूरी

माँझी। लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद थाना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बरकरार रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को माँझी थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में कई सख्त निर्णय लिए गए। सीओ सौरभ रंजन ने कहा कि कानून व्यवस्था के साथ छेड़छाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नही जाएगा।

बीडीओ रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि छह जून तक चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता जारी रहेगा इस दौरान किसी तरह का जुलूस निकालने पर पूरी तरह पाबन्दी रहेगी। थानाध्यक्ष अमित कुमार राम ने लोगों से आपसी सद्भाव कायम रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि कानून

व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस किसी भी चुनौती से निपटने को तैयार है। पदाधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की पैनी नजर है तथा नेताओं व कार्यकताओं से उत्तेजक बयानों पर नियंत्रण रखें जाने का अनुरोध किया गया। बैठक में मुखिया मुन्ना साह, सरपंच धनेश साह, पूर्व उप प्रमुख रामकृष्ण सिंह पूर्व मुखिया दलन प्रसाद यादव, विजय सिंह, अख्तर अली, उमाशंकर ओझा, कृष्णा सिंह पहलवान, खु

संक्षिप्त समाचार

नॉर्वे शतरंज- वैशाली ने क्रैमलिंग को हराया, प्रज्ञानानंदा हारे

स्टवांगर (नॉर्वे) (एजेंसी)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने स्वीडन की अनुभवी ग्रैंडमास्टर पिया क्रैमलिंग को हराकर नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, लेकिन उनके भाई आर प्रज्ञानानंदा चौथे दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से हार गए। वैशाली की क्लासिकल वर्ग में यह दूसरी जीत है और उन्होंने 2.5 अंक की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। इस भारतीय खिलाड़ी के कुल 8.5 अंक हो गए हैं। उनके बाद महिला विश्व चैंपियन चीन की वेनजुन जू और यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं।

मुजिचुक ने भारत की कोनेरू हंपी को हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की, जबकि वेनजुन ने आर्मगेडन में अपनी हमवतन टिंगजी लेई को हराया। छह खिलाड़ियों के बीच दोहरे राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में अभी छह दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। लेई पांच अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। हंपी और क्रैमलिंग के तीन-तीन अंक हैं।

पुरुष वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी फैबियानो कारूआना के को हराया। पुरुष वर्ग में इस दिन सभी मैच का परिणाम निकला। भारतीय स्टार प्रज्ञानानंदा को जहां नाकामुरा से हार का सामना करना पड़ा वहीं फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा ने चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लीरेन को हराया।

इस 1,61,000 डालर इनामी इस प्रतियोगिता में चौथे दौर के बाद नाकामुरा सात अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। वह अलीरेजा से आधा अंक आगे हैं। कार्लसन के 6 अंक हैं और वह तीसरे स्थान पर हैं जबकि प्रज्ञानानंदा 5.5 अंक के साथ चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। कारूआना पांच अंकों के साथ पांचवें जबकि लीरेन केवल 2.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं।

टी20 विश्व कप

पूरन-पॉवेल के अर्धशतक, वेस्टइंडीज ने अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराया

पोर्ट आफ स्पेन (एजेंसी)। निकोलस पूरन और रोवमैन पॉवेल के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही आस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैच में 35 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया के साथ पहले अभ्यास मैच के बाद एक बार फिर नौ खिलाड़ियों को ही उतारा। चयनकर्ता जॉर्ज बेली और कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने फील्डिंग के दौरान ही पूरी टीम उतारी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने पूरन के 25 गेंद में 75 रन (पांच चौके, आठ छक्के) और कप्तान पॉवेल के 25 गेंद में 52 रन (चार चौके, चार छक्के) की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 257 रन बनाये । शेरफान रदरफोर्ड ने 18 गेंद में नाबाद 47 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया के लिये जोश इंगलिस ने 30 गेंद में 55 रन और नाथन एलिस ने 22 गेंद में 39 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलियाई टीम सात विकेट पर 222 रन ही बना सकी। आस्ट्रेलिया को कप्तान पैट कमिंस, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, कैमरन ग्रीन और ट्रेविस हेड की कमी खली जो अभी तक आईपीएल खत्म होने के बाद यहां पहुंचे नहीं हैं।

टी20 विश्व कप में भाग लेने वाले यह हैं सभी टीमें

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। आईसीसी टी20 विश्व कप शनिवार एक जून से शुरू हो रहा है जो 29 जून तक चलेगा। भारत अपना एक मात्र प्रैक्टिस मैच खेलेगा जबकि मेन इन ब्लू अपना एकमात्र अभ्यास मैच एक जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। वहीं भारत अपने अभियान की शुरूआत 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क के नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू करेगा। इस बीच, भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे प्रतीक्षित ब्लॉकबस्टर मुकाबला 9 जून को होगा। बाद में वे अपने ग्रुप ए मैचों को समेटने के लिए टूर्नामेंट के सह-मेजबान यूएसए (12 जून) और कनाडा (15 जून) से खेलेंगे। आइए एक बार सभी टीमों पर नजर डाल लेते हैं -

भारत - रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

रिजर्व - शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद, आवेश खान।

अफगानिस्तान - राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक।

रिजर्व सेदिक अटल, हजरतुल्लाह जजई, सलीम सफी।

ऑस्ट्रेलिया - मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जाम्पा।

रिजर्व- जेक फ्रेजर-मैकगर्क, मैट शॉर्ट।

बांग्लादेश - नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

रिजर्व - अफीफ हुसैन, हसन महमूद।

कनाडा - साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, रविंदरपाल सिंह, नवनीत धालीवाल, कलीम सना, दिलोन हेलीगर, जेरेमी गॉर्डन, निखिल दत्ता, परगट सिंह, निकोलस किरटन, रेयानखान पठान, जुनैद सिद्दीकी, दिलप्रीत बाजवा, श्रेयस मोव्वा, ऋषिव जोशी।

रिजर्व - तजिंदर सिंह, आदित्य वरदराजन, अम्मार खालिद, जतिंदर मथारू, परवीन कुमार।

इंग्लैंड - जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, मार्क वुड।

आयरलैंड - पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क अडायर, रॉस अडायर, एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैकार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोरकन टकर, बेन व्हाइट, क्रेग यंग।

नामीबिया - गेरहार्ड इरास्मस (कप्तान), ज़ेन ग्रीन, माइकल वैन लिंगेन, डायलन लीचर, रूबेन ट्रम्पेलमैन, जैक ब्रासेल, बेन शिकोंगो, टैंगेनी लुंगामेनी, निको डेविन, जेजे स्मिट, जान फ्रिलिंक, जेपी कोट्ज, डेविड विसे, बर्नार्ड शोल्ट्ज, मालन क्रूगर, पीडी ब्लिगनॉट।

नेपाल - रोहित पौडेल (कप्तान), आसिफ शेख, अनिल कुमार साह, कुशल भुर्टेल, कुशल मल्ला, दीपेंद्र सिंह ऐरी, ललित राजबंशी, करण केसी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, प्रतिस जीसी, संदीप जोरा, अविनाश बोहरा, सागर ढकाल, कमल सिंह ऐरी।

नीदरलैंड - स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), आर्यन दत्त, बास डी लीडे, काइल क्लेन, लोगान वैन बीक, मैक्स ओडॉड, माइकल लेविट, पॉल वैन मीकेरेन, रयान क्लेन, साकिब जुल्फिकार, साइब्रांड एंजेलब्रेच, तेजा निदामनुरु, टिम प्रिंगल, विक्रम सिंह, विव किंगमा, वेस्ले बैरेसी।

रिजर्व- रयान क्लेन।

न्यूजीलैंड - केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, जिमी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी।

रिजर्व -बेन सियर्स।

ओमान - आकिब इलियास (कप्तान), जीशान मकसूद, कश्यप प्रजापति, प्रतीक अठावले, अयान खान, शोएब खान, मोहम्मद नदीम, नसीम खुशी, मेहरान खान, बिलाल खान, रफीउल्लाह, कलीमुल्लाह, फैयाज बट, शकील अहमद, खालिद कैल।

रिजर्व - जतिंदर सिंह, समय श्रीवास्तव, सुफियान महमूद, जय ओडेड्रा।

पापुआ न्यू गिनी-असदुल्ला वाला (कप्तान), एली नाओ, चाड सोपर, सीजे अमिनी, हिला वेरे, हिरी हिरी, जैक गार्डनर, जॉन कारिको, कबुआ वागी मोरिया, किपलिंग डोरिगा, लेगा सियाका, नॉर्मन वनुआ, सेमा कामिया, सेसे बाउ, टोनी उरा।

पाकिस्तान - बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, सैम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान।

स्कॉटलैंड - रिची बेरिंगटन (कप्तान), मैथ्यू क्रॉस, ब्रैड करी, क्रिस ग्रीव्स, ओली हेयर्स, जैक जार्विस, माइकल जोन्स, माइकल लीस्क, ब्रैंडन मैकमुलेन, जॉर्ज मुन्से, सफ्यान शरीफ, क्रिस सोल, चार्ली टियर, मार्क वाट, ब्रैड व्हील।

दक्षिण अफ्रीका - एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

श्रीलंका - वानिंदु हसरंगा (कप्तान), चरिथ असलांका, कुसल मेंडिस, पथुम निसांका, कामिंडु मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, एंजेलो मैथ्यूज, दासुन शनाका, धनंजय डी सिल्वा, महेश थीक्षाना, दुनीथ वेल्लालेज, दुशमंथा चमीरा, नुवान तुषारा, मथेशा पथिराना, दिलशान मदुशंका।

रिजर्व- असिथा फर्नांडो, विजयकांत व्यासकांथ, भानुका राजपक्षे, जनिथ लियानागे।

युगांडा - ब्रायन मसाबा (कप्तान), साइमन सेसाज़ी, रोजर मुकासा, कॉसमास क्येवता, दिनेश नाकरानी, ??फ्रेड अचेलम, केनेथ वैसवा, अल्पेश रामजानी, फ्रैंक न्सुबुगा, हेनरी सेन्योंडो, बिलाल हसन, रॉबिन्सन ओबुया, रियाज़त अली शाह, जुमा मियाजी, रोनक पटेल।

रिजर्व- इनोसेंट म्वेबेज़, रोनाल्ड लुटाया।

अमेरिका - मोनंक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज़ गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वैन शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर।

रिजर्व - गजानंद सिंह, जुआनॉय ड्रिस्डेल, यासिर मोहम्मद।

वेस्टइंडीज-रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में दोहरा शतक लगाने का दम रखते हैं ये 5 बल्लेबाज

नईदिल्ली (एजेंसी)। टी20 इंटरनेशनल में दोहरा शतक हासिल करना अविश्वसनीय उपलब्धि है जो अभी तक अधूरी है। ऐसे कई प्लेयर्स है जोकि अपने असाधारण कौशल, शक्ति और निरंतरता के कारण इस आयाम को पाने के करीब पहुंचे है। तेजी से बदलती क्रिकेट में अब ऐसे हालात यह है कि इस बड़े रिकॉर्ड तब पहुंचने में कई क्रिकेटर सक्षम होते नजर आ रहे हैं। आगामी टी20 विश्वकप के दौरान भी कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जो यह अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल करने का मादा रखते हैं। आइए जानते हैं इन विस्फोटक बल्लेबाजों के बारे में-

विल जैक्स (इंग्लैंड)

इंग्लैंड के धुरंधर बल्लेबाज विल जैक्स टी20 क्रिकेट में 158.66 की स्ट्राइक रेट से 149 पारियों में 4000 से अधिक रन बना चुके हैं। आंकड़ों के मुताबिक न्यूनतम 1000 गेंदों का सामना कर सबसे अच्छा पॉवरप्ले स्ट्राइक रेट (164.21) उनका है। पावरप्ले के दौरान फील्ड प्रतिबंधों का फायदा उठाने की जैक की क्षमता और बाउंड्री ढूंढने में उनकी निरंतरता उन्हें इंग्लैंड के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी बनाती है।

फिन एलन (न्यूजीलैंड)

न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन की 163.6 की स्ट्राइक रेट है। वह पिछले कुछ समय से तेजी से रन बना रहे हैं। उनके नाम पहले से ही दो टी20 शतक हैं और उन्होंने तेजी से बड़े रन बनाने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। निडर बल्लेबाजी करने की क्षमता के कारण एलन आगामी विश्व कप में दोहरा शतक बना सकते हैं। न्यूजीलैंड भी पहली बार टी20 विश्व कप जीतना चाहेगा।

रोहित शर्मा (भारत)

रोहित के लिए बड़े स्कोर बनाना नई बात नहीं है। उनके नाम पर वनडे फार्मेट में 3 दोहरे शतक दर्ज हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने पांच शतक बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट लगभग 140 है। रोहित पारी को गति देने की क्षमता और अपनी पावर-हिटिंग क्षमताओं के कारण टी20 क्रिकेट में विशेष दर्जा रखते हैं। उनका अनुभव और नेतृत्व भारत के लिए महत्वपूर्ण होगा और दोहरे शतक के साथ इतिहास रचने की उनकी क्षमता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

रयान रिकेलटन (दक्षिण अफ्रीका)

हालिया साऊथ अफ्रीका टी20 लीग में 170 की जबरदस्त स्ट्राइक रेट के साथ रिकेल्टन ने रन बनाए थे। अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में आक्रामक बल्लेबाजी शैली और तेजी से रन बनाने की दक्षता के कारण वह दक्षिण अफ्रीका को आगे ले जाने का दम रखते हैं। रिकेल्टन का निडर दृष्टिकोण और दबाव में उच्च स्ट्राइक रेट बनाए रखने की क्षमता उन्हें टी20 क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने की क्षमता वाले खिलाड़ियों की कतार में आगे रखती है।

कुशल मल्ल (नेपाल)

नेपाल के युवा और विस्फोटक बल्लेबाज कुशल मल्ला 50 गेंदों पर 137* रन की शानदार पारी खेलकर चर्चा में आए थे। मल्ला का 167 का स्ट्राइक रेट है जोकि विपक्षी पर हावी होने की उनकी क्षमता को और बढ़ा देता है। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी शैली और सीमाओं को पार करने में उनकी दक्षता उन्हें नेपाल के लिए संभावित गेम-चेंजर बनाती है। मल्ला में टी20 क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने की क्षमता है।

यही तो जीत का मंत्र है... रोहित शर्मा ने मान ली सुरेश रैना की बात तो टी20 विश्व कप होगा अपना

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज सुरेश रैना का मानना है टी20 विश्व कप में भारत को बेखौफ क्रिकेट खेलना चाहिए। इसके साथ ही रैना ने टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन कैसी होनी चाहिए इसे लेकर भी सलाह दी। रैना ने कहा कि टी20 विश्व कप में टीम इंडिया के प्लेइंग इलेवन में यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे दोनों को जगह मिलना चाहिए। खब्बू बल्लेबाज रैना ने शुक्रवार को अमेरिका और वेस्टइंडीज की धीमी पिचों पर विराट कोहली टीम के लिए तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए ज्यादा कारगर होंगे।

रैना ने कहा, मैं पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टी20 सीरीज देख रहा था। इसमें इंग्लैंड की टीम बेखौफ क्रिकेट खेल रही थी। इस प्रारूप में कुछ भी संभव है। यह बेखौफ होकर खेलने वाला प्रारूप है। जो बेखौफ खेलेगा वही जीतेगा।

सुबह के मैचों में हो सकती है परेशानी

भारतीय टीम के लिए 78 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 29.18 की औसत से 1605 रन बनाने वाले रैना ने कहा, अमेरिका में सबसे बड़ी चुनौती समय के साथ सामंजस्य बैठाने की होगी। हमें सुबह 10 बजे से मैच खेलने हैं और हम सफेद गेंद से इतनी सुबह खेलने के आदी नहीं है। यह थोड़ा चुनौती पूर्ण होगा। वहां की पिचों भी धीमी होंगी। रैना ने एक सवाल के जवाब में कहा कि टीम की प्लेइंग इलेवन में जायसवाल और दुबे दोनों को जगह मिलनी चाहिए लेकिन इसके लिए कप्तान को कुछ कठिन फैसले लेने होंगे। उन्होंने कहा, मैं चाहूंगा कि जायसवाल टीम में हो। विराट को तीसरे क्रम पर खेलना चाहिए। वहां की पिचें धीमी होगी ऐसे में आपको दौड़कर रन चुराने वाले एक बल्लेबाज की जरूरत होगी।

कोच को बुद्धिमानी से चुनें- सौरव गांगुली का टीम इंडिया के कोच पर ट्विट चर्चा में

नईदिल्ली (एजेंसी)। सौरव गांगुली ने सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के अगले मुख्य कोच का चयन समझदारी से करने की चेतावनी दी है। भारत के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष ने कोच के महत्व को उजागर करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने पोस्ट किया- किसी के जीवन में कोच का महत्व, उनका मार्गदर्शन और निरंतर प्रशिक्षण किसी भी व्यक्ति के भविष्य को आकार देते हैं, मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह। इसलिए कोच और संस्थान का चुनाव सोच-समझकर करेंज।

माना जा रहा है कि गौतम गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम के अगले मुख्य कोच हो सकते हैं। अभी राहुल द्रविड़ कोच है जिन्हें कि अक्टूबर-नवंबर में 50 ओवर के विश्व कप के बाद छह महीने का विस्तार दिया गया था। द्रविड़ का अनुबंध अगले

महीने टी20 विश्व कप के बाद समाप्त हो रहा है। पूर्व भारतीय कप्तान के पास इस पद के लिए दोबारा आवेदन करने का विकल्प है लेकिन समझा जाता है कि वह आवेदन करने के इच्छुक नहीं हैं। बहरहाल, रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को तीसरी आईपीएल ट्रॉफी दिलाने के बाद सबकी नजरें गंभीर पर है। माना जा रहा है कि गंभीर को भारतीय टीम का मुख्य कोच पद ऑफर किया गया है। गंभीर की नेतृत्व क्षमता किसी से छिपी नहीं है। वह 2011 में आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करते हुए टीम को प्लेऑफ तक ले गए थे। इसके बाद 2012 और 2014 में उन्होंने दो खिताब भी दिलाए। 2016 और 2017 में वह फिर प्लेऑफ में पहुंचे। 2018 में दिल्ली कैपिटल्स में आ गए और इसके बाद आईपीएल से संन्यास ले लिया।

दक्षिण अफ्रीका के साथ घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के साथ आगामी घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में जेमिमाह रॉड्रिग्स और ऑलराउंडर पूजा वस्त्रकर को तीनों प्रारुपो की टीम में नामित किया गया है, लेकिन उनका चयन फिटनेस पर निर्भर होगा। दक्षिण अफ्रीका के साथ अभ्यास मैच सहित तीनों प्रारुपों में 13 जून से नौ जुलाई तक मैच खेले जाएंगे। अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज उमा छेत्री को यास्तिका भाटिया की जगह तीनों प्रारुपों की टीमों में शामिल किया गया है। भाटिया बंगलादेश में केवल एक टी-20 मैच खेलने के बाद चोटिल हो गई थीं। छेत्री 2023 में एशियन गेम्स के दौरान स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थीं। शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रिया पुनिया को भी टेस्ट टीम में शामिल किया गया। वह आखिरी बार जुलाई 2023 में भारतीय टीम का हिस्सा थीं। मध्यम गति की गेंदबाज अरुंधति रेड्डी को भी टेस्ट और एकदिवसीय टीम में बुलाया गया है। उन्होंने अब तक 26 टी-20 मैच खेले हैं। बंगलादेश के खिलाफ टी-20 के साथ-साथ आखिरी एकदिवसीय और टेस्ट मैचों में टीम (पिछले वर्ष ऑस्ट्रेलिया के साथ) का हिस्सा रही तेज गेंदबाज तितास साधु को मौका नहीं दिया गया है। लेगस्पिनर एस आशा ने एक सफल डब्ल्युपीएल सीजन के बाद बंगलादेश में अपना टी-20 में पर्दापण किया था। अब उन्हें एकदिवसीय टीम में भी मौका दिया गया है। वहीं डी हेमलता बांग्लादेश में उसी टी-20 श्रृंखला में वापसी की थी। अब लगभग दो साल बाद उन्होंने एकदिवसीय टीम में भी वापसी कर ली है। उल्लेखनीय है कि जेमिमाह पीठ की चोट के कारण

अप्रैल-मई में बंगलादेश में पांच मैचों की टी-20 सीरीज में हिस्सा नहीं ले पाई थीं। उस से समय वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में स्वास्थ्य लाभ ले रही थीं। हालांकि पूजा ने बंगलादेश में सभी पांच मैच खेले थे और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोड (बीसीसीआई) के मीडिया बयान में उनकी चोट की प्रकृति के बारे में कुछ नहीं बताया गया है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले इस सीरीज में सबसे पहले तीन एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे। इसके बाद एकमात्र टेस्ट और फिर तीन टी-20 मैचों की सीरीज होगी। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका की टीम बेंगलुरु एक अभ्यास मैच भी खेलेगी।

भारत की तीनों प्रारुपों की टीमें

वनडे टीम - हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मांधना (उप-कप्तान), शेफ़ाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमाह रॉड्रिग्स (फिटनेस के आधार पर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), दयालन हेमलता, राधा यादव, आशा शोभना, श्रेयंका पाटिल, साइका इशाक, पूजा वस्त्रकर (फिटनेस के आधार पर), रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, प्रिया पुनिया

टेस्ट टीम - हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मांधना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, शुभा सतीश, जेमिमाह रॉड्रिग्स (फिटनेस के आधार पर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, साइका इशाक, राजेश्वरी गायकवाड़, पूजा वस्त्रकर (फिटनेस के आधार पर), अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, मेघना सिंह और प्रिया पुनिया

टी20 टीम - हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मांधना (उप कप्तान), शेफाली वर्मा, दयालन हेमलता, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमाह रॉड्रिग्स (फिटनेस के आधार पर), साजना सजीवन, दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव, अमनजोत कौर, आशा शोभना, पूजा वस्त्राकर (फिटनेस के आधार पर), रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी।

संक्षिप्त समाचार

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को अहम कामयाबी, बीजापुर से 16 माओवादियों को पकड़ा

बीजापुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों ने गुरुवार को 16 माओवादियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। बीजापुर थाना क्षेत्र में सरकार विरोधी गतिविधियों और नक्सलियों के बंद के पम्पलेट बांटने पर 11 माओवादियों को सुरक्षा बलों ने पकड़ा है। माओवादी बीजापुर जिले में बंद का आह्वान कर रहे थे और इसके लिए पंपलेट बांट रहे थे।इस दौरान गोरना-पड़ियापारा एवं डीआरजी बीजापुर ने शासन विरोधी एवं बंद के आह्वान के पंपलेट, बैनर के साथ 11 माओवादियों को धर दबोचा। गोरना-पड़ियारपारा से पकड़े गए 11 माओवादी क्षेत्र में मार्ग अवरुद्ध, आईईडी प्लांट, शासन विरोधी पंपलेट, बैनर लगाने की घटना मे शामिल थे। वहीं थाना उसूर क्षेत्र में भुसापुर के जंगल से 5 मिलिशिया सदस्य को कोबरा 205, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने पकड़ा। ये माओवादी लंबे समय से नक्सली संगठन में सक्रिय रूप से कार्यरत थे। भुसापुर से पकड़े गए माओवादी थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत गलगम से एरिया डॉमिनेशन पर निकली पुलिस पार्टी पर आईईडी विस्फोट करने की घटना को नड़पल्ली नाला के पास आईडीडी प्लांट करने, सीतापुर-उसूर के मध्य रोड काटने, शासन विरोधी पंपलेट, बैनर लगाने की घटना में शामिल थे। इन माओवादियों के विरूद्ध थाना कोतवाली एवं उसूर में कार्रवाई के बाद न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया।

प्रदेश से हो रहा नक्सलियों का सफाया, गृहमंत्री बोले- साय सरकार में मारे गए 122 माओवादी

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में नक्सली मामले को लेकर प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया है कि बीजेपी सरकार बनने के बाद पुलिस एनकाउंटर में 122 नक्सली मारे गए हैं। 415 नक्लसियों ने आत्मसमर्पण और 423 गिरफ्तार हुए हैं। डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि मैं उस दिन के इंतजार में हूं, जिस दिन आत्मसमर्पण की संख्या गिरफ्तारियों से ज्यादा। उन्होंने यह भी कहा है कि आत्मसमर्पण और पुनर्वास के माध्यम से नक्सल समस्या का समाधान होना चाहिए। गृहमंत्री विजय शर्मा को उस शुभ दिन का इंतजार है, जब सबसे ज्यादा नक्सली सरेंडर करें। यह बात उन्होंने मीडिया से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि, नई सरकार बनने के बाद पुलिस एनकाउंटर में 122 नक्सली मारे गए हैं। 415 नक्लसियों ने आत्मसमर्पण और 423 गिरफ्तार हुए हैं। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि, मैं उस शुभ दिन की प्रतीक्षा में हूं। जिस दिन आत्मसमर्पण की संख्या गिरफ्तारियों से ज्यादा होगीआत्मसमर्पण और पुनर्वास के माध्यम से नक्सल समस्या का समाधान होना चाहिए।शर्मा ने दावा किया है कि 257 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें, जिसे कांग्रेस सरकार ने बनाने का प्रयास तक नहीं किया। हमने उसमें से 11 सड़कों का काम पिछले चार महीने में पूरा कर किया है। इसके बाद 85 सड़कें और हैं, जिन्हें चुना गया है। 85 में से 40 सड़कों का निर्माण शुरू हो गया है।

देश में पहली बार मध्य रेलवे की एक अभिनव पहल, रेलवे कर्मचारियों को शॉकप्रूफ जूतों की सुरक्षा

मुंबई, एजेंसी। रेल कर्मचारियों को ओवरहेड तारों या भूमिगत बिजली लाइनों पर काम करते समय अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ती है। कई बार बिजली के करंट के संपर्क में आने से रेल कर्मचारियों की करंट लगने से मौत भी हो चुकी है. इसलिए मध्य रेलवे ने अपने ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन डिपार्टमेंट के कर्मचारियों के लिए विशेष बिजली रोधी जूते लाए हैं। ये गम बूट जैसे जूते बिजली के झटके को रोकेंगे और श्रमिकों की जान बचाने में मदद करेंगे। लोकल ट्रेनें बिजली से चल रही हैं और इसके लिए पहले डीसी करंट का उपयोग किया जाता था। अब एसी करंट का प्रयोग हर जगह किया जाता है। ओवरहेड तारों के संपर्क में आने से मानव शरीर झुलस सकता है। क्योंकि ओवरहेड तार से 25 हजार वोल्ट दबाव वाली विद्युत धारा प्रवाहित होती है। इसलिए मध्य रेलवे ने अपने कर्मचारियों को काम करते समय बिजली के झटके से बचाने के लिए सुरक्षा उपाय के रूप में विशेष शॉकप्रूफ जूते लाए हैं। भारतीय रेलवे में पहली बार ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन स्टाफ को ऐसे शॉकप्रूफ जूते उपलब्ध कराए गए हैं।

यह कोई साधारण धोखाधड़ी नहीं थी, कोयला घोटाला मामले में सजा सुनाते हुए कोर्ट की टिप्पणी

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को कोयला खदान आवंटन मामले में अनियमितताओं को लेकर महाराष्ट्र की एक कम्पनी के दो निदेशकों तीन साल और दो साल की अलग-अलग जेल की सजा सुनाई। दोनों निदेशकों पर धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश रचने का आरोप था। विशेष न्यायाधीश संजय बंसल ने दोषी कंपनी बीएस इस्पात लिमिटेड पर 50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया।

कोर्ट ने अपने फैसले में बीएस इस्पात के निदेशक मोहन अग्रवाल (73) को तीन साल की जेल की सजा और उनके भतीजे राकेश अग्रवाल (49) को दो साल की कैद की सजा सुनाई। इसके अलावा अदालत ने दोनों पर 10-10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया।

कोर्ट ने दोनों को आईपीएस की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 120-बी (आपराधिक साजिश) के तहत दोषी ठहराया। साथ ही अदालत ने यह कहते हुए उन्हें प्रोबेशन पर रिहा करने से इनकार कर दिया, कि इस केस में की गई धोखाधड़ी कोई साधारण धोखाधड़ी नहीं है। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि दोनों दोषी निदेशक साल 2011 में कंपनी से बाहर हो गए थे और आवंटन का फायदा व्यावहारिक रूप से इन दोनों को ना मिलते हुए कंपनी और उनके बाद आए निदेशकों को मिला था।

सुनवाई के दौरान जज ने कहा कि मोहन अग्रवाल विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे थे और

उनका छोटा बेटा भी बीमार था और अपने पिता पर निर्भर था। वहीं दूसरे दोषी राकेश अग्रवाल के संबंध में जज ने कहा कि वह अपने पिता की मृत्यु के बाद छोटी उम्र में ही पारिवारिक व्यवसाय में शामिल हो गए थे और यह स्वाभाविक है कि उन्होंने अपने चाचा यानी दोषी मोहन अग्रवाल के प्रभाव में काम किया होगा।

कोर्ट ने कहा, हालांकि राकेश दोषी मोहन अग्रवाल के नियंत्रण और मार्गदर्शन में काम कर रहे थे... लेकिन तब भी यह नहीं कहा जा सकता कि वह नहीं जानते थे कि वह क्या कर रहे हैं।अदालत ने आगे महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि जहां दोषियों की व्यक्तिगत परिस्थितियों पर उचित ध्यान दिया जाना चाहिए, उसी समय उसके द्वारा किए गए संबंधित अपराध को भी भुलाया नहीं जा सकता। सुनवाई के दौरान जज ने कहा,इस तथ्य को नजरअंदाज किए बिना कि धोखाधड़ी का यह अपराध भारत सरकार के साथ किया गया था... दोषियों के प्रति नरम रुख अपनाया जाना चाहिए, लेकिन साथ ही उन्हें यह भी याद दिलाया जाना चाहिए कि उन्होंने जो किया वह गंभीर प्रकृति का अपराध था, ऐसे में उन्हें प्रोबेशन का लाभ नहीं दिया जा सकता। इसलिए उन्हें कारावास और जुर्माने की सजा मिलनी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि, दोषियों की सारी कोशिशें किसी भी कीमत पर कोयला ब्लॉक का आवंटन हासिल करने को लेकर थीं। वे कोयला ब्लॉक का आवंटन हासिल करने में सफल भी रहे। उन्हें ऊर्जा के एक प्रमुख स्रोत यानी कोयला तक पहुंच मिली जो कि एक प्राकृतिक संसाधन है। जज ने कहा, कोयले के महत्व की शब्दों में व्याख्या करने की जरूरत नहीं है। इसलिए, दोषियों के वकील की जोरदार दलीलों के बावजूद, मैं यह स्वीकार करने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं हूं कि यह प्रोबेशन का फायदा देने के लिए उपयुक्त केस है। कोयला घोटाले से जुड़ा यह 16वां मामला था जिसमें अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। यह मामला महाराष्ट्र में स्थित मरकी मंगली-1 कोयला ब्लॉक को बीएस इस्पात को हुए आवंटन में अनियमितताओं से संबंधित था। इस अपराध के लिए अधिकतम सात साल की जेल की सजा का प्रावधान है। अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व विशेष लोक अभियोजक आर एस चीमा, अतिरिक्त कानूनी सलाहकार संजय कुमार और अधिवक्ता ए पी सिंह ने किया।

सजा ऐसी दीजिए कि मिसाल बन जाए; मेधा पाटकर पर एलजी वीके सक्सेना की कोर्ट से मांग

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की मानहानि के मामले दिल्ली की साकेत कोर्ट में गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर की सजा पर दलीलें पूरी हो गईं। इस दौरान सक्सेना के वकील ने पाटकर के लिए अधिकतम सजा की मांग करते हुए कहा कि एक मिसाल पेश होनी चाहिए। एलजी सक्सेना ने यह केस तब दर्ज कराया था, जब वे गुजरात में एक गैर सरकारी संगठन के प्रमुख थे। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने इस मामले में 24 मई को पाटकर को भारतीय दंड संहिता के तहत आपराधिक मानहानि का दोषी ठहराया था। शर्मा ने इस मामले में दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण से पीड़ित प्रभाव रिपोर्ट भी मांगी है। यह रिपोर्ट किसी आरोपी के दोषी ठहराए जाने के बाद पीड़ित को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए तैयार की जाती है। इस मामले में आगे की कार्यवाही 7 जून को होगी।

गुरुवार की कार्यवाही में बहस के दौरान सक्सेना के वकील ने पाटकर के लिए अधिकतम सजा की मांग करते हुए कहा कि एक उदाहरण स्थापित करने की जरूरत है। इस अपराध के लिए अधिकतम दो साल तक की साधारण कैद या जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है।

सक्सेना के वकील ने कोर्ट से कहा कि पाटकर ने साल 2006 में एक ही तरह का अपराध दो बार किया था, साथ ही उन्होंने कोर्ट को बताया कि उस मामले में भी वर्तमान उपराज्यपाल द्वारा दायर एक अन्य मानहानि का मामला भी इसी अदालत में लंबित है। सक्सेना के वकील ने कहा कि कानून की अवहेलना करने का उनका पिछला रिकॉर्ड रहा है, ऐसे में कार्यकर्ता के खिलाफ परिस्थितियां गंभीर हैं।

जवाब में पाटकर के वकील ने कहा कि बिल्कुल भी गंभीर परिस्थितियां नहीं हैं और न ही वह आदतन अपराधी हैं। वकील ने कहा कि पाटकर की उम्र 70 साल है और वह कई बीमारियों से पीड़ित भी हैं। इसके बाद कुछ मेडिकल रिकॉर्ड जमा करते हुए पाटकर के वकील ने कहा कि वे 28 राष्ट्रीय पुरस्कार और पांच अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुकी हैं, जिनमें द राइट लाइवलीहुड अवॉर्ड भी शामिल है, जिसे व्यापक रूप से नोबेल पुरस्कार का विकल्प माना जाता है। आगे उन्होंने कहा, ऐसे में मैं न्यायालय से इन सब बातों पर भी विचार करने का आग्रह करूंगा। बता दें कि पाटकर और सक्सेना के बीच सन् 2000 से ही यह कानूनी लड़ाई चल रही है, जब पाटकर ने अपने और नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) के खिलाफ विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए सक्सेना के विरुद्ध एक वाद दायर किया था। वहीं सक्सेना ने एक टीवी चैनल पर उनके (सक्सेना) खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने और प्रेस को मानहानिकारक बयान जारी करने के लिए भी पाटकर के खिलाफ दो मामले दायर किए थे।

फरीदाबाद में बीच सड़क युवक पर बरसाने लगे हथौड़ा, राहगीरों ने बचाई जान; हालत गंभीर

नईदिल्ली, एजेंसी।
एनसीआर के फरीदाबाद में खौफनाक घटना सामने आई है। यहां के मास्टर रोड पर गुरुवार शाम स्कॉर्पियो सवार एक युवक पर कुछ बदमाशों ने हथौड़े से हमला कर दिया। बदमाश उनकी कार के शीशे तोड़ दिए और बाहर युवक पर खींचकर बीच सड़क हथौड़े बरसाने लगे। युवक को स्थानीय लोगों ने गंभीर हालत में नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने है। उधर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद खेड़ीपुल थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार, मामला शाम करीब छह बजे की है। एक अस्पताल के पास से स्कॉर्पियों गुजर रही थी। उसमें एक युवक सवार था। वायरल वीडियो के अनुसार बोलेरो सवार कुछ युवक स्कॉर्पियों को ओवरटेक कर रोक लिया और हथौड़े से उसके शीशे तोड़ दिए। स्कॉर्पियो सवार युवक जबतक कुछ समझ पाता, इसके बाद सभी युवक उसे बाहर खीच लिए। साथ ही बीच सड़क उसे लेटाकर हथौड़े बरसाने लगे। इससे आसपास से गुजर रहे लोगों में अफरातफरी मच गई। कुछ लोग उसे बचाने के लिए दौड़े। लोगों को आता

देखकर सभी युवक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस घटना में घायल हुए युवक की स्थानीय लोगों ने मदद की। वहां पहुंचे स्थानीय लोगों ने युवक को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया है। इस मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और खेड़ीपुल थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेन्द्र ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है। जानकारी मिलते ही टीम को मौके पर भेजा गया। मारपीट में घायल युवक की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान करने के बाद उनपर कार्रवाई की जाएगी। इस हमले में घायल युवक का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज किया जा रहा है।

वो केजरीवाल को मार भी सकते हैं, उनकी जिंदगी अब आपके हाथ..., आतिशी की जनता से भावुक अपील

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को नियमित जमानत और मेडिकल आधार पर सात दिन की अंतरिम जमानत पाने की नई कोशिश की। जिसका ईडी ने जमकर विरोध किया। इस मामले में अगली सुनवाई एक जून को होगी। अंतरिम जमानत को लेकर ईडी के विरोध के बाद आप नेता आतिशी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए ईडी के रवैये पर सवाल उठाया और इसे लेकर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। आतिशी ने आरोप लगाते हुए पूछा कि भाजपा और मोदीजी ने हिरासत अवधि में केजरीवाल के साथ ऐसा क्या किया कि उनकी तबीयत बिगड़ गई। आतिशी ने कहा कि मेडिकल टेस्ट्स के लिए केजरीवाल जी की जमानत का विरोध करने वाली ईडी ने पीठ दर्द के नाम पर परमानेंट बेल पाने वाले शरथ रेड्डी और राघव मगुंटा की याचिका का विरोध नहीं किया। आतिशी ने देश की जनता से भावुक अपील करते हुए कहा कि अब केजरीवाल जी की जान देश के लोगों के हाथ में है, क्योंकि अगर उन्होंने मोदी जी और भाजपा को जीता दिया तो केजरीवाल ना सिर्फ जेल वापस जाएंगे बल्कि जेल में उनकी जान भी ली जा सकती है। पीसी की शुरुआत में आतिशी ने कहा, केजरीवाल जी ने 7 दिन की अंतरिम जमानत हेल्थ चेकअप्स कराने के लिए, मेडिकल चेकअप्स कराने के लिए मांगी है, क्योंकि जिस

दौरान केजरीवाल ईडी की कस्टडी में थे, उनका वजन 6 से 7 किलोग्राम घट गया। ना सिर्फ वजन घटा बल्कि उनका कीटोन लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच गया और शुगर लेवल भी लगातार ऊंचा चल रहा है। जिसके बाद डॉक्टर्स ने उनको कई टेस्ट्स प्रिस्क्राइब किए। आगे आतिशी ने बताया, अचानक वजन का गिरना और कीटोन लेवल का हाई होना किडनी की गंभीर बीमारी, कार्डियक प्रॉब्लम और यहां तक कि कैंसर का भी इंडिकेशन हो सकता है। केजरीवाल जी ने इन सारे चेकअप्स को कराने के लिए मात्र 7 दिन का समय ईडी से मांगा लेकिन आज राउज एवेन्यू कोर्ट में भाजपा के राजनीतिक हथियार ईडी ने इसका भी जबरदस्त विरोध किया। दिल्ली सरकार की मंत्री ने कहा, ये क्या षडयंत्र है, ये क्या साजिश है कि आप डॉक्टर द्वारा दिए गए अरविंद केजरीवाल जी के इन गंभीर मेडिकल टेस्ट्स को नहीं होने दे रहे हैं। मैं भाजपा और पीएम मोदी जी से यह भी पूछना चाहती हूं कि आपने अरविंद केजरीवाल जी की ईडी कस्टडी और न्यायिक हिरासत में ऐसा क्या किया कि इस तरह से उनका वजन अचानक गिर गया। आपने उनकी कस्टडी में ऐसा क्या किया कि 56 साल की जिंदगी में कभी उनका कीटोन लेवल नहीं बढ़ा लेकिन आपकी 51 दिन की कस्टडी के बाद उनका कीटोन लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच गया।

हूती के हमलों का अमेरिका-ब्रिटेन ने दिया करारा जवाब, यमन में 13 ठिकानों को किया तबाह

वाशिंगटन, एजेंसी। इस्राइल और हमास युद्ध के बीच यमन के हूती लड़ाके लाल सागर में आतंक फैला रहे हैं। इस बीच अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में 13 हूती ठिकानों पर हमला किया। दोनों देशों ने लाल सागर और अदन की खाड़ी में जहाजों पर हुए हाल के हमलों का जवाब दिया।

हूती के आठ मानवरहित हवाई वाहनों पर भी हमला

एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अमेरिकी और ब्रिटिश लड़ाकू विमानों और अमेरिकी जहाजों ने कई भूमिगत सुविधाओं, मिसाइल लॉन्चरों, कमांड और नियंत्रण स्थलों, एक हूती पोत और अन्य सुविधाओं पर हमला किया। हूती नियंत्रित क्षेत्रों में अमेरिका ने आठ मानवरहित हवाई वाहनों पर भी हमला किया। यह जहाज अमेरिका सहित अन्य देशों के लिए खतरा साबित हो सकते थे। अमेरिकी एफ/ए-18 लड़ाकू जेट विमानों ने लाल सागर में यूएसएस ड्वाइट डी. आइजनहावर विमानवाहक पोत से लॉन्च किया। युद्ध में अमेरिकी युद्धपोतों ने भी भाग लिया। इस सप्ताह की शुरुआत में मिसाइली हमलों से लाल सागर में मार्शल द्वीप-ध्वजांकित, ग्रीक के मालिकाना वाला जहाज दो बार क्षतिग्रस्त कर दिया। एक निजी सुरक्षा फर्म ने बताया कि रेडियो ट्रैफिक की मदद से जानकारी मिली है कि हमले के बाद जहाज में पानी भर गया था। हालांकि किसी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली लेकिन संदेह है कि हूती ने ही इस हमले को अंजाम दिया है। बता दें, 12 जनवरी के बाद से यह पांचवी बार है, जब अमेरिकी और ब्रिटिश सेनाओं ने हूती विद्रोहियों के खिलाफ हाथ मिलाया हो। यह दोनों देशों का संयुक्त अभियान था। हालांकि, अमेरिकी हूती लक्ष्यों पर आए दिन हमला करता है, जिसमें जहाज, मिसाइल, ड्रोन, लॉन्च पैड्स शामिल हैं।

पाकिस्तान ने चीन की मदद से अंतरिक्ष में भेजा पाकसेट एमएम 1 उपग्रह, बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी का दावा

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान ने चीन की मदद से तेज इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए अंतरिक्ष में एक संचार उपग्रह को प्रक्षेपित किया है। इसके साथ ही पाकिस्तान ने एक महीने के भीतर अंतरिक्ष की कक्षा में दूसरा उपग्रह भेज दिया है। इस बहु मिशन संचार उपग्रह को पाकसेट एमएम 1 नाम दिया गया है। इस उपग्रह को जिचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किया गया है।

एक रिपोर्ट में बताया गया है कि उपग्रह में अंतरिक्ष की कक्षा में प्रवेश कर लिया है। पाकिस्तान का कहना है कि यह उपग्रह सबसे बेहतर इंटरनेट सुविधा प्रदान करेगा। इसके साथ ही इसकी मदद से टीवी प्रसारण, दूरभाष और अन्य सेवाओं को सुधारने में मदद मिलेगी। दावा किया गया है कि इस वर्ष अगस्त महीने से

पाकसेट एमएम 1 ये तमाम सेवाएं प्रदान करना शुरू करेगा।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस उपग्रह के प्रक्षेपण पर देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इसकी मदद से पूरे पाकिस्तान को तेज इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा 'मैं पाकसेट एमएम 1 को लेकर बहुत उत्साहित हूं। इससे पूरे पाकिस्तान को बेहतरीन इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। यह उपग्रह हमारे डिजिटल परिदृश्य में क्रांति लाने और पूरे देश में सबसे तेज इंटरनेट सुविधा प्रदान करने में मदद करेगा।

पोर्न स्टार केस- ट्रम्प सभी 34 मामलों में दोषी करार:11 जुलाई को सजा पर सुनवाई

वॉशिंगटन, एजेंसी। डोनाल्ड ट्रम्प गुरुवार को किसी अपराध में दोषी पाए जाने वाले पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनावों के बीच न्यूयॉर्क में लगभग 6 हफ्तों तक चली सुनवाई में उन्हें 34 आरोपों में दोषी करार दिया गया है। भारतीय समयानुसार सुबह 2 बजे कोर्ट ने ट्रम्प के दोषी होने का फरमान सुनाया। ट्रम्प के खिलाफ पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देकर चुप कराने और इलेक्शन कैंपेन के दौरान बिजनेस रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के केस चल रहे थे। यह मामला उनके पहली बार अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने से पहले 2016 का है। अमेरिकी इतिहास में पहली बार है जब किसी प्रेसिडेंट पर आपराधिक केस चलाया गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, कोर्ट ने 6 सप्ताह में 22 गवाहों को सुना। इनमें स्टॉर्मी डेनियल्स भी शामिल थीं। दो दिनों तक विचार-विमर्श के बाद 12 मेंबर की ज्यूरी ने ट्रम्प के दोषी पाए जाने की घोषणा की। डोनाल्ड ट्रम्प को क्या सजा मिलेगी, इस पर अब 11 जुलाई को सुनवाई होगी। ट्रम्प ने सजा सुनाए जाने के वक्त आंखे बंद कीं

राष्ट्रपति पद पर रहे पहले व्यक्ति जो दोषी पाए गए

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प को सजा सुनाने के वक्त कोर्ट रूम का माहौल काफी संजीदा था। ज्यूरी को फैसला सुनाने के लिए कोर्टरूम के ज्यूरी बॉक्स में बुलाया गया। 7 महीनों में चुपचाप केस को सुन रहे ज्यूर्रस को से पूछा गया कि वो किस नतीजे पर पहुंचे हैं।

इसके बाद एक ज्यूरर ने माइक्रोफोन में कहा, दोषी। ये सुनते ही पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी आंखे बंद कीं और ना में सिर हिलाया । ट्रम्प के दोषी पाए जाने का फैसला 2 मिनट तक सुनाया गया।

डोनाल्ड ट्रंप को दोषी ठहराए जाने पर भड़का रिपब्लिकन नेताओं का गुस्सा, फैसला बदलने की मांग की

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को न्यूयॉर्क के गुप्त धन मामले के सभी 34 आरोपों में दोषी पाया गया है। ट्रंप को दोषी ठहराए जाने के फैसले का उनकी रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों ने विरोध किया और अपने पूर्व राष्ट्रपति का समर्थन किया। बता दें कि 77 साल के ट्रंप पहले अमेरिकी राष्ट्रपति हैं, जिन्हें अपराधी घोषित किया गया है। हालांकि, ट्रंप ने अपने खिलाफ चलाए जा रहे इस मुकदमे को अपमानजनक और धांधलीपूर्ण बताया। उन पर साल 2016 में व्हाइट हाउस में आने से पहले पूर्व पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स के साथ अपने यौन संबंधों को छिपाने के लिए व्यापारिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है। इस मामले में 34 आरोप, 11 चालान, 12 वाउचर और 11 चेक पेश किए गए। 12 सदस्यीय जूरी के सर्वसम्मति से हश मनी आपराधिक मामले में फैसले पर पहुंची। इसके बाद रिपब्लिकन के सदस्यों ने ट्रंप के लिए समर्थन जाहिर किया। पिछले कुछ महीनों में ट्रंप के करीबी सहयोगी और विश्वासपात्र के रूप में उभरे भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी ने कहा कि इस फैसले का असर उल्टा पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा, अभियोजक एक राजनेता हैं, जिन्होंने ट्रंप को बर्बाद करने की धमकी दी थी। न्यायाधीश की बेटी एक डेमोक्रेट हैं, जिन्होंने मुकदमे से कई डॉलर जुटाए हैं। जबकि उनके पिता ने इसकी अध्यक्षता की।

मिनियापोलिस के अपार्टमेंट में फायरिंग, हमलावर सहित तीन की मौत

मिनियापोलिस एजेंसी। अमेरिका में मिनेसोटा के मिनियापोलिस अपार्टमेंट से एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। मिनियापोलिस अपार्टमेंट परिसर में जमकर गोलीबारी की गई। घटना में बंदूकधारी सहित तीन लोग मारे गए। पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी है। इससे पहले दक्षिणी मिनियापोलिस के व्हिटियर की है। इससे पहले पुलिस ने बताया था तब कि घटना में दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए हैं। हालांकि अभी इस घटना को लेकर कोई और अपडेट सामने नहीं आया है।पुलिस ने गोलीबारी की घटना को संबोधित करने के लिए देर शाम एक संवाददाता सम्मेलन की योजना बनाई। पुलिस के पहले के एक बयान में संकेत दिया गया था कि दो अधिकारियों के साथ चार नागरिक घायल हुए थे। स्थानीय फील्ड डिवीजन के प्रवक्ता एशली शेरिल ने कहा ने भी लगातार हो रही गोलीबारी पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। साथ ही मिनियापोलिस पुलिस ने एक फेसबुक पोस्ट के जरिए भी लोगों को सतर्क रहने का आदेश दिया है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555